e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 128

शनिवार

11.05.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

प्रभात मंत्र संवाददाता

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

हमेशा अर्थ और अनर्थ दोनों आपके हाथ में होते हैं।

## क्विक न्यूज

### वाहन से 15 लाख रुपये जब्त

**जालौन :** आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को थाना एट पुलिस एवं एफएसटी टीम ने एक वाहन को रोक कर तलाशी ली। कार से पन्द्रह लाख रुपये नकद मिले, जिसके दस्तावेज न होने पर जब्त कर लिए गये हैं।पुलिस के मुताबिक, पिण्डारी मोड़ के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान कार (यूपी 93 बीएफ1438 ) को रोककर चेक किया गया। कार कोंच थाना के पटेल नगर कस्बा निवासी बंटी उर्फ शैलेन्द्र चला रहा था। तलाशी के दौरान कार से 15 लाख रुपये बरामद हुए है। कैश के संबंध में युवक कोई प्रपत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद रुपये को जब्त करते हुए अग्रिम आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर का दर्शन करने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अयोध्या पहुंचे

**अयोध्या :** श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर का दर्शन पूजन करने शुक्रवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ अपनी पत्नी के साथ अयोध्या पहुंचे।तय समय पर उनका विमान महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर लैंड हुआ।यहाँ पर प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी पुलिस प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी नीतीश कुमार ,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर सहित सभी ने स्वागत किया।उपराष्ट्रपति यहां से सड़क मार्ग से अयोध्या धाम के लिए रवाना हो गए। पहले वे हनुमानगढ़ी में हनुमंत लला के दर्शन, फिर श्री राम जन्मभूमि परिसर में कुबेर टीला, श्री राम लला का दर्शन पूजन करेंगे। फिर शाम को सरयू की आरती में शामिल होंगे।

### मल्लिकार्जुन खरगे को ईसीआई की फटकार, कहा- चुनाव बाधित करने की कोशिश

**नई दिल्ली :** लोकसभा चुनाव के बीच चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जमकर फटकार लगाई है. आयोग ने खरगे द्वारा लिखे गए पत्र पर उनकी आलोचना की. साथ ही उनके बयानों को चुनाव संचालन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर आक्रामक बताया है. उन्होंने कहा कि वोटर टर्नआउट से जुड़ा डेटा जारी करने के संबंध में कांग्रेस के आरोप पूरी तरह से गलत हैं. आयोग ने खरगे पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनके इस बयान से चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी पर नेगेटिव असर पड़ सकता है. राज्यों में बड़ी चुनाव मशीनरी इससे गलत तरीके से प्रभावित हो सकती है. आयोग ने खड़गे की दलीलों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए कहा कि आयोग मतदान डेटा देने में किसी भी देरी से इनकार करता है. आयोग का कहना है कि सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष एक पक्षपातपूर्ण कहानी को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं.

### कपाट खुलते ही केदारनाथ धाम में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**देहरादून :** श्रद्धालुओं के लिए केदारनाथ धाम के कपाट खोल दिए गए। कपाटोद्घाटन के पावन क्षण के हजारों श्रद्धालु साक्षी बनें। इस दौरान श्रद्धालाओं के उत्साह और आस्था की जो तस्वीरें सामने आईं वह यकीनन उल्लास और उमंग से भर देने वाली थीं। बाबा के सहारे श्रद्धालुओं ने चढ़ाई चढ़ी और कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की सारी थकान मिट गई। बाबा केदार की जयकारों से धाम गूंज उठा। केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा शुरू हो गई। शुक्रवार को विधि-विधान से सुबह सात बजे केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खुल गए। इस दौरान हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।हजारों श्रद्धालुओं के जयकारों के साथ बाबा केदार की पंचमुखी डोली केदारनाथ पहुंची है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36⁰ |
| न्यूनतम | 20⁰ |

## उपराजधानी दुमका में लगा इंडिया गठबंधन व भाजपा के दिग्गजों का जमावड़ा

# धरातल पर काम नहीं करती भाजपा : चंपाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमकाः** शुक्रवार को दुमका लोकसभा सीट से झारखंड मुक्ति मोर्चा के झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन ने नामांकन दाखिल किया. इस मौके पर शहर के आउटडोर स्टेडियम में आमसभा का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन समेत कई नेताओं ने शिरकत की. अपने संबोधन में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी को लोगों से वोट मांगने का अधिकार नहीं है. क्योंकि इसका काम जुमलेबाजी करना है. ये धरातल पर काम नहीं करती. उन्होंने कहा कि 2014 में भाजपा झूठ बोलकर सत्ता में आ गई पर अपने वादों पर खरा नहीं उतरी. उन्होंने महंगाई कम करने, युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी पर महंगाई बढ़ती जा रही है, रोजगार का कोई ठिकाना नहीं है.सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार राज्यहित में कई ऐसे काम किए हैं जिससे जनता को काफी फायदा हुआ है. केंद्र सरकार के पीएम आवास के नाम पर लोगों पर छला जा रहा था. लेकिन जब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने तो उन्होंने अबूआ आवास लाया, जिसका फायदा लोगों को मिल रहा है. उन्होंने कहा कि आप हमारे गठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में वोट दें. ताकि इस क्षेत्र का अधिक से अधिक विकास हो सके. इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं ने एक सुर में कहा कि केंद्र में जो भाजपा सरकार है, वह हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है, महंगाई बेरोजगारी से जनता त्रस्त है. कहा कि इसको ध्यान में रखते हुए आप इंडिया गठबंधन से जेएमएम प्रत्याशी नलिन सोरेन के पक्ष में मतदान करें. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेज दिया गया है. यह सब राज्य की जनता देख रही है. इसका जवाब इस लोकसभा चुनाव में अपने वोट के माध्यम से वह देने का काम करेगी और राज्य की सभी 14 सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विजयी होंगे. उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि आप भाजपा से दूर रहे क्योंकि यह संविधान से छेड़छाड़ कर आरक्षण को समाप्त करना चाहती है.

### दुमका की जनता ने हमेशा साथ दिया है : कल्पना सोरेन

पहली बार दुमका पहुंची कल्पना सोरेन ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दुमका की जनता ने सदा हमारा साथ दिया है. आज शिबू सोरेन को यहीं की जनता ने लगातार सांसद बनाया, वे यहां के लोगों के दिल में बसे हुए हैं. साथ ही कहा कि हेमंत सोरेन पहली बार दुमका से ही जीत कर विधायक बने थे. अब उनके छोटे भाई बसंत सोरेन भी यहीं से विधायक हैं. हम यहां की जनता से एक बार फिर साथ मांगते हैं, आप हमें आशीर्वाद दें और दुमका लोकसभा सीट पर चाचा नलिन खड़े हैं, उन्हें भारी मतों से जीताकर हमें दुमका सीट वापस लेनी है.




### झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन ने किया नामांकन

**झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन ने दुमका लोकसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया.नलिन सोरेन के नामांकन के समय स्थानीय विधायक सह राज्य सरकार के पथ निर्माण मंत्री बसंत सोरेन और मंत्री बादल पत्रलेख मौजूद थे. नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद नलिन सोरेन ने कहा कि उनकी जीत निश्चित है.**

**जनता उनके साथ है. वो फिर से एक बार जेएमएम को ही चुनेगी. बता दें कि नलिन सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता हैं. वो शिकारीपाड़ा से सात बार के विधायक हैं. पार्टी ने इस बार उन पर भरोसा जताया है. पिछली बार जेएमएम की तरफ से इस सीट पर दिशोम गुरू शिबू सोरेन ने चुनाव लड़ा था.**

# आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रही है कांग्रेस : राजनाथ



दुमकाः केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन के नामांकन में शामिल होने शुक्रवार को दुमका पहुंचे. यहां यज्ञ मैदान में भाजपा की चुनावी सभा को संबोधित किया. केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दावा किया कि इस बार ही नहीं आने वाले चुनाव में भी नरेंद्र मोदी पीएम बनेंगे. आरक्षण को लेकर कांग्रेस भ्रम फैला रही है, हम भी देखेंगे कि किसने मां का दूध पिया है जो आरक्षण समाप्त करेगा. झारखंड के सत्ताधारी दलों को निशाने पर लेते हुए कहा कि भ्रष्टाचारी कांग्रेस और झामुमो को जनता नहीं माफ करेगी. उन्होंने कहा कि इस बार तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बनेंगे ही साथ ही साथ आने वाले लोकसभा चुनाव में भी प्रधानमंत्री के पद पर नरेंद्र मोदी ही आएंगे. उन्होंने कहा कि हमलोग देश को आर्थिक दृष्टिकोण से काफी मजबूत कर रहे हैं. अभी पूरे विश्व में हमारी अर्थव्यवस्था पांचवें नंबर पर है. हमारी पार्टी और सरकार ने यह ठाना है कि भारत में एक भी गरीब नहीं रहेगा. चुनौतीपूर्ण अंदाज में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने देश में 50 से अधिक वर्षो तक शासन किया पर आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश काफी तेजी से आगे बढ़ रहा है तो कांग्रेस मुद्दा विहीन हो गयी है. अब कांग्रेस भ्रम फैला रहा है कि भारतीय जनता पार्टी आएगी तो आरक्षण को समाप्त कर देगी. राजनाथ सिंह ने जोर देकर कहा कि हम भी देखते हैं कि किसने मां का दूध पिया है जो आरक्षण को हटाएगा.

### दुमका से जीत पक्की है : सीता सोरेन

दुमकाः भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन ने दुमका लोकसभा सीट से अपना नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया. सीता सोरेन के नामांकन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद थे. साथ ही सारठ विधायक रणधीर सिंह, पूर्व मंत्री लुईस मरांडी भी उपस्थित थीं. नामांकन दाखिल करने के बाद सीता सोरेन काफी उत्साहित दिखीं. उन्होंने कहा कि उनकी जीत पक्की है. दुमका की जनता उनका साथ देगी. भारी मतों से उन्हें जिताएगी. बता दें कि दुमका लोकसभा सीट से इस बार भाजपा प्रत्याशी के रूप में सीता सोरेन चुनाव लड़ रही हैं. कुछ दिनों पहले ही वो जेएमएम छोड़कर बीजेपी में शामिल हुईं. जिसके बाद भाजपा ने वर्तमान सांसद सुनील सोरेन का टिकट काटकर उन्हें अपना प्रत्याशी बनाया है.सीता सोरेन जामा से विधायक थीं.बता दें कि सीता सोरेन के सामने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नलिन सोरेन हैं. दोनों के बीच कड़ा मुकाबला होने की चर्चा है.

## झारखंड में पहली बार थर्ड जेंडर प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि सातवें चरण के चुनाव में नामांकन के चौथे दिन तक कुल 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। उसमें दुमका (अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से कुल तीन उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अब तक 5 लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। गोड्डा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से अभी तक 10 लोगों ने उम्मीदवारी का पर्चा भरा है। उन्होंने बताया कि झारखंड में पहली बार संसदीय निर्वाचन में धनबाद से एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार सुनैना किन्नर ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 11 मई को माह का तीसरा शनिवार होने के कारण नामांकन कार्य नहीं होगा। जबकि, प्रत्येक रविवार को नामांकन का कार्य बंद रहता है।

बताया कि 11 मई की शाम से चौथे चरण का चुनाव प्रचार थम जाएगा। 12 मई को प्रत्याशी डोर टू डोर कैंपेन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बूथों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि मतदान कार्य के लिए ईवीएम पर्याप्त संख्या में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद से झारखंड में अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती का आंकड़ा 1 अरब, 14 करोड़ 40 लाख तक पहुंच चुका है।

## छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में मारे गए 12 नक्सली



एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पीढ़िया के जंगल में शुक्रवार की सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई जबरदस्त मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए। वहीं मुठभेड़ के दौरान दो जवानों के घायल होने की भी सूचना है। सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा की डीआरजी कोबरा की 210 बटालियन और एसटीएफ के जवानों की सर्चिंग जारी है। मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और हथियार भी बरामद हुए हैं। जंगल मे मौजूद कई बड़े नक्सलियों को जवानों ने घेर रखा है। घटनास्थल से मारे गए नक्सलियों के शव और हथियार बरामद किए गए हैं। तीन जिलों के जवान एंटी नक्सल ऑपरेशन पर हैं और 12 घंटे तक मुठभेड़ हुई है। बड़े नक्सल लीडर्स की मौजूदगी के हिंट पर ऑपरेशन लॉन्च किया गया है। बस्तर आईजी और डीआईजी समेत जिले के एसपी ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए हैं। जवानों को गंगालूर थाना क्षेत्र के पीड़िया इलाके में नक्सलियों के टॉप हार्डकोर नक्सली कमांडर लिंगा, पापाराव समेत बड़े लीडर्स के जंगल में होने की सूचना मिली थी। नक्सलियों की इस कमेटी में डीकेएसजेडसी, डीवीसीएम व एसीएम कैडर के बड़े नक्सली भी मौजूद हैं। मुठभेड़ के दौरान घायल जवानो को उपचार के लिए हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया है। नक्सली मुठभेड़ पर सीएम विष्णुदेव साय ने जवानों और अधिकारियों को बधाई दी है। सीएम ने कहा कि घटनास्थल से मारे गए नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं।

## अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से मिली अंतरिम जमानत

एजेंसी

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग में शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी. केजरीवाल को एक जून तक के लिए अंतरिम जमानत दी गई है. पीठ ने कहा कि चुनावों से 48 घंटे पहले हम केजरीवाल को पर्याप्त समय दे रहे हैं. केजरीवाल के चुनाव प्रचार पर कोई पाबंदी नहीं है. लेकिन उन्हें दो जून को सरेंडर करना होगा.बता दें कि केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया गया था. इसके बाद वह 10 दिन तक ईडी की हिरासत में रहे थे. एक अप्रैल को ट्रायल कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया था. इस तरह से वह गिरफ्तारी के बाद के 51 दिनों में से 41 दिन जेल में रहे.



### हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

हेमंत सोरेन की अंतरिम रिहाई पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया. अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है.अब हेमंत सोरेन की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 13 मई को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें उनकी गिरफ्तारी को सही बताते हुए हाईकोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने इस बाबत 3 मई को फैसला सुनाते हुए कहा था कि ईडी के पास इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को गलत नहीं ठहराया जा सकता है। इसके बाद हेमंत सोरेन ने सुप्राम कोर्ट का रुख किया।

# महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में ब्रजभूषण सिंह पर आरोप तय करने का आदेश

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है।एडिशनल मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट प्रियंका राजपूत ने छह में से पांच महिला पहलवानों की ओर से लगाए गए आरोपों पर बृजभूषण सिंह के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया। जबकि एक महिला पहलवान के आरोपों के मामले में बृजभूषण सिंह को बरी कर दिया गया है।

कोर्ट ने पांच महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में बृजभूषण सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 354ए और 506 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस मामले के सह आरोपित और भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 506 के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है।उल्लेखनीय है कि राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 26 अप्रैल को बृजभूषण सिंह की उस याचिका को खारिज कर दी थी जिसमें बृजभूषण ने इस मामले की फिर से जांच की मांग की थी। 18 अप्रैल को बृजभूषण सिंह की ओर से याचिका दाखिल कर कहा गया था कि 7 सितंबर 2022 को घटना वाले दिन वह भारत में नहीं था। बृजभूषण ने इस तथ्य की दिल्ली पुलिस से जांच कराने का आदेश देने की मांग की थी जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था।कोर्ट ने 4 अप्रैल को आरोप तय करने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था।



### गर्मी कम होते ही सभी स्कूलों को फिर से संचालित करने का आदेश जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सोमवार यानी 13 मई से सभी स्कूलों में पहले की तरह पढ़ाई शुरू हो जाएगी. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इस बाबत आदेश जारी कर दिया है. दरअसल, झारखंड में प्रचंड गर्मी पड़ रही थी. लू की वजह से लोगों का जीना मुहाल हो गया था. बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल असर को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 30 अप्रैल से एक से आठ तक की सभी कक्षाओं को स्थगित करने का आदेश जारी किया था. 9वीं से ऊपर की कक्षाओं के संचालन के लिए सुबह 7 बजे से 11.30 बजे तक का समय निर्धारित किया था. लेकिन अब मौसम का मिजाज बदल गया. हाल के दिनों में कई जगहों पर बारिश और ओलावृष्टि की वजह से अधिकतम तापमान में कमी आई है. साथ ही लू चलना भी बंद हो गया है. लिहाजा, मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने 10 मई को नया आदेश जारी किया है. आदेश के मुताबिक 13 मई यानी अगले सोमवार से सभी सरकार, निजी या मान्यता प्राप्त स्कूलों की कक्षाएं पूर्व की तरह संचालित की जा सकेंगी.

असर्फी हॉस्पीटल, धनबाद

हर साल सिर्फ एक बार जाँच । रोग नहीं, रोकथाम जरूरी।।

| | | |
|---|---|---|
| Basic Health Check-up | ₹999 Onwards | 33 Tests |
| Master Health Check-up | ₹2999 Onwards | 57 Tests |
| Cardiac Care Package | ₹4999 Onwards | 61 Tests |
| Full Body Health Check-up | ₹9999 Onwards | 84 Tests |

78083 68888 | www.asarfihospital.com

# ना लालू यादव झुका ना उनका बेटा झुकेगा : तेजस्वी यादव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू में इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुइयां के पक्ष में प्रचार करने के लिए तेजस्वी यादव पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि अलग केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो हर साल एक करोड़ लोगों को नौकरी दी जाएगी.पलामू- बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान में इंडिया गठबंधन की तरफ से राजद उम्मीदवार ममता भुइयां के लिए प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने चुनावी सभा में कहा कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो प्रत्येक वर्ष एक करोड़ युवाओं को रोजगार दी जाएगी. एलपीजी सिलेंडर 500 में मिलेगा, प्रत्येक महिला को हर वर्ष एक लाख रुपए दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने का यह चुनाव है. तेजस्वी ने ममता भुइयां के पक्ष में लोगों को मतदान करने की अपील की। पलामू में हुसैनाबाद के कर्पूरी मैदान में तेजस्वी यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी 17 महीने की सरकार में बिहार के 5 लाख युवाओं को नौकरी दी है। अगर इस बार केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो हर साल एक करोड़ युवाओं को नौकरी दी जाएगी. उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना बंद कर पुरानी व्यवस्था के तहत सेना में बहाली की जाएगी. उन्होंने कहा कि मोदी जी का समय समाप्त हो गया है। इस बार उनका जाना तय है। तेजस्वी यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के दस वर्षो के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झूठ के सहारे राज किया है. उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी कोई भी वादा आज तक पूरा नहीं कर पाए हैं। उन्होंने 2014 में गरीबी और बेरोजगारी के मुद्दे पर पूर्ण बहुमत की सरकार हासिल की थी. मगर अपना एक भी वादा वे पूरा नहीं कर पाए। लोगों को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा कि उनका एकमात्र मकसद हिंदू-मुस्लिम कर देश की सत्ता हासिल करना है. 400 पार का जुमला इस बार फेल होने वाला है. नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में जो भी उनके विरोध में बोलेगा उसे वे सीबीआई और ईडी से डराने की कोशिश कर रहे हैं. उनके गठबंधन के एक प्रत्याशी ने 3000 बेटियों का शोषण करने वाले नेता को विदेश भगा दिया. वहीं झूठे मुकदमे में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया. तेजस्वी ने कहा कि उनके विरुद्ध भी एक राजनीतिक साजिश के तहत 50 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं. पर वह लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं ना लालू प्रसाद यादव झुका है और ना लालू का बेटा झुकेगा. उन्होंने कहा कि जेल से वह नहीं डरते हैं. हमारे तो भगवान ही जेल में पैदा हुए थे. इसलिए हम जेल से नहीं डरते। बिहार के पूर्व मंत्री व वीआईपी सुप्रीमो मुकेश साहनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सिर्फ खरीद फरोख्त में विश्वास रखते हैं। उनके पास अडानी और अंबानी जैसे लोग मौजूद हैं. उन्होंने इस बार लोगों ने मन बना लिया है. देश नरेंद्र मोदी की सरकार को बर्दाश्त नहीं करेगा. सभा में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे. उनमें भारी जोश देखा गया. मौके पर बिहार के कई नेताओं के अलावा झारखंड प्रदेश राज्य अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, आरजेडी, कांग्रेस, जेएमएम के नेता उपस्थित रहे।

## पुलिस हत्यारे को जल्द पकड़े, नहीं तो होगा आमरण अनशन : अरविंद



**छतरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छतरपुर में आपराधिक घटनाएं बढ़ी है, आए दिन होनेवाली हत्या, लूट, चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का आलम है। कुछ दिनों पूर्व छतरपुर के फोरलेन पर मसीहानी निवासी संजय डोम की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, हत्यारों द्वारा सरेराह दिन के उजाले में इस घटना को अंजाम दिया गया था, उसी दिन संतोष साहू को भी थाने के पीछे अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया था हालांकि अपराधी पकड़े गए लेकिन संतोष अब भी रांची के मेडिका अस्पताल में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहा हैं। इन घटनाओं के बाद छतरपुर शहर में दहशत का माहौल है, लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं, छतरपुर में चार महीने के अंदर हत्या की कई घटनाएं घटी है, संतोष साहू को गोली मारने वाले अपराधियों को तो पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया लेकिन संजय डोम, शुभम गुप्ता, नरेश ठाकुर, धीरज प्रजापति और बंगाली उरांव हत्याकांड में पुलिस के हाथ अबतक खाली हैं और यही कारण है संजय डोम के परिजनों का हाल जानने के लिए समाजसेवी और नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन उनके घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। अरविंद ने कहा कि कभी अमन चैन से रहने वाले शहर के लोगों का अब जीना मुश्किल हो गया है, अपराधियों को हर हाल में पकड़ने का उन्होंने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया, यह भी कहा की चुनाव खत्म होने के बाद अगर अपराधी पुलिस द्वारा नहीं पकड़े गए तो छतरपुर थाना के सामने वे आमरण अनशन पर बैठेंगे। अरविंद ने पूर्व में छतरपुर में घटे आपराधिक घटनाओं के खुलासे और आरोपियों को पकड़ने के बावत छतरपुर के एसडीपीओ और थाना प्रभारी से भी बात की उन्होंने आश्वस्त किया है कि अनुसन्धान जारी है जल्द ही अपराधी पकड़ लिए जाएंगे।

## हाईवा ट्रक की चपेट में आने से एक की मौत, एक गंभीर रांची रेफर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गढ़वा-रेहला मुख्य मार्ग पर पलामू बॉर्डर के पास एक हाईवे ट्रक की चपेट में आने से एक युवक की घटना स्थल पर मौत हो गई है। जबकि एक गंभीर रूप से घायल ही गया। मृतक गढ़वा थाना क्षेत्र के मसूरिया गांव निवासी भोला राम का पुत्र पंकज राम 29 वर्ष बताया गया है। जबकि इस घटना में घायल मसूरिया गांव निवासी शिव शंकर राम का पुत्र राजेश कुमार रवि 21 वर्ष है। मृतक रेहला बिरला फैक्ट्री में फायर ब्रिगेड में कार्य करता था। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से घायल अवस्था में घायल को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि पंकज राम व राजेश कुमार एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर से बिरला फैक्ट्री में ड्यूटी करने जा रहा था। इस बीच गढ़वा रेहला बॉर्डर के पास हाईवा ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना के बाद रेहला पुलिस ने मृतक के उसके आधार कार्ड के सहयोग से शव को उठाकर उसके आवास पर भेज दिया। जिसके बाद अक्रोशित परिजन ने शव को लेकर गढ़वा थाना के पास पहुंचकर सड़क जाम कर दिया। इधर दो थाना क्षेत्र के सीमा के चक्कर में अक्रोशित परिजनो ने शव को गढ़वा थाना के सामने रखकर 30 मिनट तक सड़क जाम कर दिया। इधर गढ़वा पुलिस का कहना है की घटना पलामू जिला की है। यह बात को कहते हुए परिजनों को समझा बुझाकर कर शांत करा कर शव को उठाया। वह रेहला पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनो को सौप दिया है।

## घुटबहार पंचायत के सैलपुटी गांव में कालीचरण मुंडा के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत सुदूर क्षेत्र घुटबहार पंचायत के सैलपुटी गांव में प्रभारी सह अल्पसंखयक जिला अध्यक्ष रॉवेल लकड़ा मण्डल अध्यक्ष जॉनसन डांग प्रखंड उपाध्यक्ष बीरबल बड़ाइक, प्रखंड प्रवक्ता मोहम्मद कारू रोयन डांग, अशजद अफरीदी के द्वारा कालीचरण मुंडा के पक्ष में हाथ छाप में वोट देने की अपील की गई। मौके पर मौजूद प्रभारी रावेल लकड़ा ने कहा कि भाजपा की सरकार जब बनी थीं तब उन्होंने वादा किया था कि सभी लोगो के खाते में 15 लाख रु देंगे, क्या वह दिया, नही, मनरेगा पेंशन आंगनबाड़ी मध्याह भोजन मातृत्व लाभ मौलिक अधिकारों के लिए बजट लगातार कम करते गया। जनगणना ना करवाकर देश के 8 करोड़ लोगो को राशन से वंचित किया गया। कम मजदूरी दर कुपोषण कमजोर शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था से गरीबों पर सीधा वार करना। ऐसे ही पिछले 10 साल से हम सबको परेशान किया गया है इसलिए अब समय आ गया है कि इस सरकार को हटाना है और आने वाली चुनाव में कांग्रेस पार्टी को वोट देकर जितना है।

## मणिभूषण पांडेय हुए भाजपा में शामिल



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर नगर परिषद के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मणिभूषण पांडेय शुक्रवार को विधिवत रूप से भाजपा मे शामिल हो गए। उनके साथ दर्जनों समर्थक भी भाजपा में शामिल हुए। श्री पांडेय पिछले कुछ दिनों से अपनी उपेक्षा के कारण पार्टी से नाराज चल रहे थे.भाजपा में शामिल होते ही उन्होंने पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के पक्ष में जनसंपर्क अभियान भी शुरू कर दिया। नप क्षेत्र के कई वार्डों में उन्होंने जनसंपर्क कर लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने का अपील किया। उन्होंने कहा कि देश को प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नेतृत्व की जरूरत है.मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## भाजपा ने भंडार पंचायत में किया पथ सभा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार ग्राम पंचायत में भाजपा द्वारा पथ सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी और संचालन मुखिया राधा कृष्ण साव ने किया। सभा में बतौर मुख्य अतिथि भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष किशलय तिवारी और विशिष्ठ अतिथि भाजपा नेत्री संध्या सिंह शामिल हुई। किशलय तिवारी ने कहा कि यह चुनाव देश के विकाश को और तेज करने का है.भारत को विश्व गुरु बनाने का है। इसलिए आपसी भेदभाव भूलकर पार्टी प्रत्यासी को जिताने मे पूरी ताकत झोंक दें। भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कहा कि उनका दस वर्षो का कार्यकाल गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विजय सोनी, दिलीप पासवान, छोटन सिंह, रवींद्र पांडेय, सुधीर दुबे, उपेन्द्र तिवारी, शंभू शरण सिंह, शिवबंश मिश्रा सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वृद्धा आश्रम, एवं कुपोषण केंद्र में मरीज एवं वृद्ध लोगों के बीच ब्रेड, बिस्कुट, फल एवं हाथ पंखा का किया वितरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी के द्वारा अनुमंडलीय अस्पताल नगर ऊंटारी, वृद्धा आश्रम, एवं कुपोषण केंद्र नगर ऊंटारी में जाकर वहां उपस्थित मरीज एवं वृद्ध लोगों के बीच ब्रेड, बिस्कुट, फल एवं हाथ पंखा का वितरण किया। समूह के सदस्यों ने उन लोगों का हाल-चाल जाना एवं उन्हें अपने स्वास्थ्य का ख्याल करने की सलाह दी। मौके पर श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर उंटारी के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने बताया कि भीषण गर्मी में अस्पतालों में मरीजों के बीच हाथ पंखा का वितरण किया गया है जिससे वह अपने परिजनों के सहयोग से इस गर्मी से निजात पा सके ,साथ ही स्वास्थ्य लाभ के लिए खाद्य पदार्थ में ब्रेड, बिस्किट, फल का वितरण किया गया है। उन्होंने बताया कि श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी समय-समय पर जन मानश के सेवा का कार्य करते रहा है। उन्होंने कहा कि समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत मानव मात्र की सेवा करना प्रथम कर्तव्य में शामिल है उसी के अंतर्गत हम समय-समय पर मरीजों, बृद्धजनो, जरूरतमंदों के बीच जाकर उन्हें यथासंभव सहयोग करते हैं और उनका हाल-चाल लेते हैं। उन्होंने कहा की मरीज से मिलकर उनका हाल-चाल जानना भी उन्हें शक्ति प्रदान करता है वृद्ध आश्रम में समय-समय पर जाकर उन वृद्ध जनों से हाल-चाल जानना उन्हें फल फूल एवं अन्य सामग्री का सहयोग करते रहने से उन सबों को अपने परिवार की कमी नहीं खलता है और उन्हें मजबूत शक्ति प्रदान होता है।श्री देव ने कहा कि श्री सर्वेश्वरी समूह हमेशा से समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए अनेकों कदम उठाता रहा हैं इसी के अंतर्गत आज 41 मरीजो एवं वृद्ध आश्रम में उपस्थित लोगों के बीच में सामग्री वितरण एवम उनका हाल-चाल जाना एवं जल्द स्वस्थ होने की शुभकामना की गई है। श्री देव ने लोगों से जनमानस की सेवा में बढ़-कर का हिस्सा लेने की अपील किया है। मौके पर मनोज प्रताप देव, श्रीकांत सिन्हा, नागेंद्र कुमार, नवनीत कुमार सिन्हा, प्रभात रंजन सहाय, सुनील खलको, अनिल कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## महिला के साथ छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मनातू थाना की पुलिस ने महिला के साथ छेड़खानी करने के आरोप में मनातू थाना क्षेत्र के पन्नाडीह गांव निवासी बैजनाथ बैठा उम्र 50 वर्ष को शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने बताया कि पन्नाडीह गांव की एक महिला जो आंगनबाड़ी में सेविका है।वह कुछ दिन पहने घर में आंगनबाड़ी जाने के लिए कपड़ा बदल रही थी। इसी बीच गांव का बैजनाथ बैठा टांगी लेकर महिला के घर घुस गया और महिला के साथ छेड़खानी करने लगा। छेड़खानी करने पर महिला चिल्लाने लगी। महिला को चिल्लाते देख आसपास के ग्रामीण जनता महिला के घर पहुंचे। तब तक आरोपी बैजनाथ बैठा वहां से फरार हो गया था। इसके बाद ग्रामीणों के द्वारा इस घटना की जानकारी मनातू थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित महिला से घटना से संबंधित मामले की जानकारी ली।वही घटना के बाद महिला के द्वारा थाना में छेड़खानी से संबंधित लिखित आवेदन दिया गया। आवेदन के आधार पर पुलिस ने आरोपी बैजनाथ बैठा को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# वीडी राम का विरोध ही ममता की जीत का आधार है



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** कोई निर्वाचित प्रतिनिधि हो या चुनाव जीतने के लिए मैदान में उतरा हो। उसकी यही चाहत होती है कि मतदाताओं को अपने पक्ष में करने से पहले विरोध में उठ रहे आवाज को बंद कर उस जुबान से खुद के लिए जिंदाबाद कहलवा सके। आपको यह मालूम है कि पलामू लोकसभा क्षेत्र के मतदान की तिथि 13 मई है, जिसमें अब कुछ घंटा ही बचा है। एक ओर जहां दो बार के सासंद विष्णु दयाल राम एक बार फिर से भाजपा के उम्मीदवार हैं और जीत की हैट्रिक लगाने को लेकर मैदान फिल्डिंग कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर महागठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईया उन्हें सिधे रूप में टक्कर दे रही है। क्योंकि प्रत्याशी घोषित होने के साथ ही बीडी राम के विरोध में उठा आवाज थमने के बजाय बढ़ता जा रहा है। वोट देने की बात कौन कहे गांव में जाने पर जब ग्रामीण मतदाताओं से बात हो रही है। तो मतदाताओं द्वारा सिधे रूप में यही कहा जा रहा है कि बीडी राम हमारे सांसद हैं। बस हमलोग यहीं जानते हैं। आज तक हमने उनका चेहरा नहीं देखा है। कभी कभार सुनते हैं कि वे गढ़वा जिला मुख्यालय में एक चिन्हित स्थल पर आते हैं। भला हम कैसे उन्हें पहचाने जब ओ कभी हमारे गांव में आएं ही नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर बीडी राम का यह विरोध ममता भुईया के पक्ष में जाता दिख रहा है क्योंकि गठबंधन के नेताओं द्वारा इस विरोध को खूब भजाया जा रहा हैं। नेताओं द्वारा ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि आप ने उन्हे देखा नहीं है। ओ आपको देखे नहीं हैं। न तो आप उन्हें पहचानते हैं और न तो आपको जानते हैं। इसके बाद भी आपने लगातार उन्हें दो बार अपना सांसद चुन लिया। कितना विकास उनके द्वारा किया गया। उसे तो आप जान ही रहे हैं और नजदीक से देखना हैं तो गढ़वा शहर से नजदीक स्थित मधेया गांव को देख लिजिए। जिसे विकसित करने को लेकर उनके द्वारा गोद लिया गया था। लेकिन आज भी वहां का विकास गोद से जमीन पर आने की बात कौन करे ओ तो गर्भ से भी बाहर नहीं निकला। ऐसे में आप उन्हें एक बार और चुनकर क्या अपने पैर पर फिर से कुल्हाड़ी मारना चाहते हैं। नेताओं की इन बातों से मतदाता प्रभावित भी हो रहे हैं और उनके द्वारा शपथ लेते हुए कहा जा रहा है कि ओ किसी भी हाल में बीडी राम को वोट नहीं देगें। उधर गढ़वा विधायक सह राज्य के मंत्री मिथिलेश ठाकुर द्वारा की जा रही जबरदस्त फिल्ड़िग भी बेहद असरकारी साबित हो रही हैं। क्योंकि ओ केवल विकास की बात जुबानी नहीं कह रहे हैं। उनके द्वारा और उनके सरकार के द्वारा किस तरह जमीनी काम किया जा रहा है जहां भी कार्यक्रम हो रहा है। वहां नजर आ रहा है। उनके बातों से और उनके कार्यों से जनता बेहद प्रभावित हैं। जिसका आलम है कि इस चुनावी कार्यक्रम में भी उनकी मौजदुगी में हर रोज भाजपा छोड़कर दर्जनों लोग उनकी पार्टी में शामिल हो रहे है। और एक स्वर से उनके साथ संकल्प ले रहे हैं कि ओ इस बार दमाद को नहीं बल्कि बेटी को अपना सांसद बनाएगें।

## हैलो वोटर्स का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम में आज दिनांक 10 मई 2024 को मतदाता जागरूकता के लिए हैलो वोटर्स का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे अजय उद्यान, लोहरदगा से प्रारंभ हुआ जो बरवाटोली चौक, महावीर चौक, अपर बाजार, थाना चौक होते हुए विक्टोरिया तालाब (बड़ा तालाब) के पास संपन्न हुआ। कार्यक्रम स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी-सह-जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा सीता पुष्पा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं से आगामी 13 मई 2024 को वोट अवश्य करें की अपील की गई।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने 7 स्थाई प्याऊ लगाने का लिया संकल्प

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच राँची समर्पण शाखा ने सत्र 2024-25 में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया के नेतृत्व में अमृत धारा महोत्सव के अन्तर्गत 7 दिन 7 स्थान 7 स्थाई अमृतधारा लगाने का संकल्प लिया, जिसके तहत आज अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर पहली स्थाई अमृतधारा की स्थापना की गई, किशोरगंज स्थित आर. बी. स्प्रिंगडेल स्कूल में यह स्थाई अमृतधारा लगाई गई। शाखा की पूर्व अध्यक्ष विनीता बिहानी के सौजन्य से शाखा को आयुष मोदी द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके लिये समर्पण शाखा ने उनका आभार प्रकट किया। आज के उद्घाटन समारोह पर अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय संयोजक अमृतधारा वरुण जालान जी कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे , स्कूल प्रबंधन ने भी शाखा का पूरा सहयोग किया, साथ ही उन्होंने मारवाड़ी युवा मंच के इस प्रकल्प की प्रशंसा की और धन्यवाद भी दिया सात दिवसीय कार्यक्रम में अमृतधारा प्रभारी निकिता जालान एवं शशि बँका ने कड़ी मेहनत करके इस पूरे कार्यक्रम को सजाया, और अमृतधारा की पहली स्थापना को सुचारु रूप से पूर्ण किया। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव सुभा अग्रवाल, निकिता जालान, शशि बँका, कविता जालान, पूजा जैन उपस्थित थी।

## संक्षिप्त खबरें

### देवेन्द्र नाथ महतो जल्द ही जेल से बाहर आ जायेंगे

**रांची।** जेल में बंद झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के रांची लोकसभा के प्रत्याशी देवेंद्र नाथ महतो को सशर्त जमानत अदालत ने प्रदान कर दी है। याचिका पर शुक्रवार को न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई पश्चात अदालत ने याचिका स्वीकार कर लिया। देवेंद्र नाथ महतो को लालपुर पुलिस ने तीन मई को समाहरणालय परिसर से नामांकन भरने से पूर्व गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसकी गिरफ्तारी लालपुर थाना कांड संख्या 251/2021 के तहत की गई है। गिरफ्तारी के बाद छह मई को जमानत की गुहार लगाते हुए याचिका दाखिल की थी। उस पर जेपीएससी परीक्षा परिणाम के विरोध में नारेबाजी, प्रदर्शन, कार्यालय घेराव करने के लिए उकसाते हुए बैरेकेटिंग तोड़कर पुलिसकर्मियों के साथ धक्का मुक्की करने का आरोप है। घटना को लेकर 23 नवंबर 2021 को लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### असम के सीएम हिमंत विश्व शर्मा 11 मई को तमाड़ में जनसभा को करेंगे संबोधित

**रांची :** असम के मुख्यमंत्री डॉक्टर हिमंत विश्व शर्मा 11 मई को खूंटी लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। डॉ शर्मा रांची जिले के तमाड़ के रायडीह मोड़ स्थित अमलेसा मैदान में आयोजित जनसभा को 01:30 बजे से संबोधित करेंगे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार राय, एनडीए प्रत्याशी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, खूंटी जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, रांची जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) सुरेंद्र महतो भी मौजूद रहेंगे।

# सुरेश्वर महादेव मंदिर के वार्षिकोत्सव पर कलश यात्रा में शामिल हुई हजारों महिलाएं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** चुटिया के स्वर्ण रेखा घाट स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर शुक्रवार को आयोजित वार्षिकोत्सव के मौके पर निकाली गई कलश यात्रा में हजारों की संख्या में माताएं बहने और शिव भक्तों ने भाग लिया। इस मौके पर चुटिया का पूरा इलाका शिवमय हो गया । कलश यात्रा में ढोल, नगाड़ा, मांदर, तुरही के बीच ओम नमः शिवाय और हर हर महादेव के नारे से पूरी चुटिया गूंजती रही। कलश यात्रा के शामिल शिव भक्तों का स्वागत करने के लिए रास्ते के दोनों और श्रद्धालु उनकी अगवानी के लिए खड़े थे। यात्रा में शामिल शिव भक्तों पर कई स्थानों पर पुष्प वर्षा की गई। कलश यात्रा में यजमान के रूप में मंदिर के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश साहू पत्नी रेणु, आलोक कुमार अपनी पत्नी सरिता कुमार, रामशरण तिर्की अपनी



पत्नी डॉक्टर चिंतामणि सांगा और रुपेश केसरी अपनी पत्नी शशि केसरी के साथ कलश लिए सबसे आगे चल रहे थे। चुटिया के बनस तालाब से जल लेकर महिलाएं वापस मंदिर परिसर लौटीं । कलश यात्रा में शामिल शिव भक्तों के स्वागत के लिए स्थानीय विधायक सीपी सिंह भी बनस तालाब के पास मौजूद थे। कलश में जल भरने के पूर्व पुरोहित गोपाल, पुरोहित मुरारी, पुरोहित शांतेश्वर, पुरोहित अरविंद पांडे, पुरोहित शशिकांत पांडे और पुरोहित सच्चिदानंद बाबा ने मंत्रोच्चार के साथ जल भरने की विधि संपन्न कराई। कलश में जल भरने के बाद कलश यात्रा वापस मंदिर परिसर पहुंचा, जहां पूरे विधि विधान के साथ सभी पुरोहितों ने पूजा अर्चना की। पूजा के बाद महाभंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजन में मंदिर कमेटी के महासचिव संतोष कुमार, युवा अध्यक्ष विक्रम साहू, मीडिया प्रभारी रतन लाल, कृष्णा साहू, बबलू साहू सहित अन्य लोगों ने अहम भूमिका निभाई। उल्लेखनीय है कि इस मंदिर के शिवलिंग की उंचाई 108 फीट है।

# सरकार बनने पर 30 लाख युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी : यशस्विनी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची लोकसभा की कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने शुक्रवार को सोनाहातू, इचागढ़, चांडिल और कुकरू प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने पदयात्रा, जनसंपर्क और बैठक कर मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने और राहुल गांधी व इंडिया गठबंधन के हाथों को मजबूत करने की अपील की।



जगह-जगह जनसंपर्क और बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि हर साल 2 करोड़ युवाओं को रोजगार देने के वायदे के साथ मोदी सरकार सत्ता में आई थी। सत्ता में आने के बाद रोजगार देना तो दूर, करोड़ों युवाओं को मोदी सरकार ने बेरोजगार बना दिया। जिससे देश के युवा परेशान है। लेकिन अब युवाओं को चिंता करने की जरूरत नहीं, क्योंकि इंडिया गठबंधन की सरकार के सत्ता में आते ही 30 लाख खाली पड़े पदों पर युवाओं की बहाली होगी। कांग्रेस की सरकार युवाओं के लिए 5000 करोड रुपए का नया स्टार्टअप फंड बनाएगी। इसके साथ ही हर शिक्षित युवाओं को एक लाख की अप्रेंटिसशिप का अधिकार दिया जाएगा। यशस्विनी सहाय ने कहा कि कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र के माध्यम से युवाओं, महिलाओं, किसानों के साथ समाज की सभी वर्गों के उत्थान और विकास की योजनाएं बनाई है। जिसका लाभ देश के आम लोगों को मिलेगा और उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। उन्होंने मतदाताओं से कांग्रेस को वोट देकर उन्हें विजयी बनाने की अपील की। इसके अलावा उन्होंने इचागढ़ के तिरूलडीह, कुकरू बाजार, सीरूम चौक, छातरडीह, परगामा, झीमरी, रघुनाथपुर, चांडिल बाजार, कादलबेड़ा और कपाली आदि ग्रामीण क्षेत्र में लोगों से जनसंपर्क कर समर्थन और वोट मांगा।

# कल्पना सोरेन ने केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर जताई खुशी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरवाल को एक जून तक मिले अंतरिम जमानत पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने शुक्रवार को एक्स हैंडल के जरिए कहा कि तानाशाही ताकतों को यह दिखाना है कि देश बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान के अनुसार ही चलेगा। आज अंतरिम बेल मिलने पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हार्दिक बधाई और जोहार। उनकी संघर्ष की साथी सुनीता और परिवार के अन्य सदस्यों को भी हार्दिक बधाइयां। कल्पना ने कहा कि मैंने पहले ही कहा था कि तानशाही ताकतों का किला ध्वस्त होना शुरू हो गया है। मैं यह भी कह देना चाहती हूं कि यदि किसी को आदिवासी पसंद नहीं है, किसी को यदि आंख से आंख मिलाकर अपना हक मांगने वाला आदिवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक अच्छा नहीं लग रहा है तो उन्हें अपनी आदत बदलनी होगी। झारखंड झुकेगा नहीं, इंडिया रुकेगा नहीं। लड़ेंगे और जीतेंगे।

# धोनी से मिलने के लिए घर से भागे बच्चे को आरपीएफ ने सकुशल बरामद किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** आरपीएफ रांची के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार को देवघर से सूचना प्राप्त हुई की एक बच्चा जिसका नाम आशुतोष कुमार पिता अशोक बजाज उम्र लगभग 12 वर्ष पता झाऊसा गढ़ी, दुमका रोड देवघर, झारखंड है, अपने घर से रांची के लिए निकल गया है। बच्चा भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का प्रशंसक है और उनसे मिलने के लिए घर से अकेला ही रांची के लिए निकल गया है।

घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ कमांडेंट पवन कुमार ने आरपीएफ रांची पोस्ट के प्रभारी दिगंजय शर्मा को त्वरित करवाई के



निर्देश दिए ।तदानुसार आरपीएफ रांची की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी की मदद से रांची स्टेशन पर सघन जांच करते हुए उक्त बच्चे को बरामद किया और उसके परिजनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया को अपनाते हुए सौंप दिया। रेलवे सुरक्षा बल, रांची के इस त्वरित करवाई से बच्चे के परिजनों और पिता ने आरपीएफ रांची के बल सदस्यों को आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# फरार पांच वारंटी गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर लगातार फरार वारंटियो और अपराधियों के खिलाफ छापेमारी की जा रही है। छापेमारी के क्रम में शुक्रवार को चार अलग-अलग थाना क्षेत्र से पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वारंटियों में ओरमांझी थाना से भुनेश्वर महतो, रांची महिला थाना से संदीप सिंह, बरियातू थाना से प्रदीप मुंडा, अजय मुंडा और सिल्ली थाना से बजीराम महतो शामिल है। डीएसपी अमर कुमार पांडे ने बताया कि लगातार फरार वारंटी और अपराधियों के खिलाफ लोकसभा चुनाव को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी की जा रही है।

# मेजर विनीत को झारखंड रत्न पीपुल्स च्वाइस अवार्ड मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** साइबरपीस फाउंडेशन के संस्थापक और वैश्विक अध्यक्ष मेजर विनीत कुमार को सामाजिक उद्यमी श्रेणी में प्रतिष्ठित झारखंड रत्न पीपुल्स च्वाइस अवार्ड के लिए चुना गया है।

रांची क्लब लिमिटेड में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया. झारखंड रत्न पुरस्कार, जिसका उद्देश्य समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले व्यक्तियों को पहचानना और सम्मानित करना है, साइबर शांति और साइबर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के क्षेत्र में उनके अथक प्रयासों की मान्यता के लिए मेजर कुमार को प्रदान किया गया था। पुरस्कार समारोह में झारखंड के 200 से अधिक प्रतिष्ठित अतिथियों ने भाग लिया, जिनमें टीवी अभिनेता काम्या पंजाबी और पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल थीं। मेजर विनीत कुमार एक समर्पित सामाजिक उद्यमी हैं जो डिजिटल दुनिया में साइबर सुरक्षा, सुरक्षा, समावेशिता और शांति को बढ़ावा देने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं।

उनकी उल्लेखनीय यात्रा में यूके के क्रैनफील्ड विश्वविद्यालय में साइबर डिफेंस और सूचना आश्वासन और कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में नेतृत्व का अध्ययन शामिल है। उन्होंने झारखंड सरकार के लिए मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) और साइबर डिफेंस रिसर्च सेंटर (सीडीआरसी) के प्रमुख के रूप में कार्य करने सहित कई उल्लेखनीय पदों पर कार्य किया है। अपनी पेशेवर भूमिकाओं से परे, उन्होंने प्रादेशिक सेना में सेवा करके राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान दिया है और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, राजनेता सचिन पायलट, क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी और अभिनेता मोहनलाल जैसी अन्य उल्लेखनीय हस्तियों की श्रेणी में शामिल हो गए हैं।

# रांची से 188 हज यात्री मदीना के लिए रवाना हुए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को रांची से 188 हज यात्रियों का दूसरा जत्था मदीना के लिए रवाना हुआ। हज यात्री हटिया हावड़ा ट्रेन से कोलकाता पहुंच गये थे।हज यात्री कोलकाता से दमदम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा से दो विमानों से मदीना के लिए रवाना हुए।।पहला विमान 109 यात्रियों को लेकर 12:25 में जद्दा के लिए उड़ान भरी। जबकि दूसरा विमान 2:25 में रवाना हुआ। इस मौके पर हज यात्रियों की सेवा के लिए युवा




झारखंड के संरक्षक व समाजसेवी अरसे आलम अपनी टीम के साथ दमदम हवाई अड्डा पर पहले से ही मौजूद थे। युवा झारखंड की ओर से ही हज यात्रियों के खाने-पीने की व्यवस्था की गई थी। टीम में जावेद अहमद, सोहेल मल्लिक, शकील अहमद चौधरी, तस्लीम रजा मदनी, शहाबुद्दीन, एकरामुल आदि सदस्य उपस्थित थे। राज्य हद कमेटी के कार्यपालक अधिकारी आफताब अहमद भी हज जाने वालों की सेवा में मुस्तैद थे। दमदम हवाई अड्डा से पहले रवाना होने वाले विमान में बोकारो के 142 हज यात्री भी रांची के हज यात्रियों के साथ मदीना के लिए रवाना हुए।

# भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** सर्व ब्राम्हण समाज के द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत राजीव रंजन मिश्रा ने दिप प्रज्वलित कर की गई । दिप प्रज्वलित के पश्चात भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना कर आरती की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से कैलाश केसरी , कैलाश पारीक , गोपाल पारीक एवं सुनील गुप्ता उपस्थित थे । पूजा अर्चना की आचार्य हरिहर मिश्रा के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के दौरान ब्राम्हण समाज के कैलाश पारीक के द्वारा राजीव रंजन मिश्रा को फरसा देकर सम्मानित किया गया। मिश्रा ने केंद्रीय सरकार से आग्रह किया कि परशुराम जयंती के दिन राष्ट्रीय अवकाश घोषित किया जाए। मिश्रा ने सभी झारखंडवासियों को परशुराम जयंती की बधाई। कार्यक्रम में उमा शंकर मिश्रा , अरविंद पाठक , प्रभात कुमार रथ , शशांक पाठक , विशाल मिश्रा , हार्दिक मिश्रा, निरंजन मिश्रा सहित दर्जनों ब्राम्हण उपस्थित थे ।

### कला संगम दुर्गा मंदिर का एक प्रतिनिधिमंडल संजय सेठ से मिला

**रांची :** कला संगम ढ़िबड़ी पटी नार्थ मार्केट रोड अपर बाजार रांची का 27 वां वार्षिक उत्सव में समिति के संरक्षक एवं सांसद सह भाजपा प्रत्याशी रांची लोकसभा झेत्र के संजय सेठ को इस वार्षिक उत्सव में आमंत्रित किया। वार्षिक उत्सव 12-05-2024 दिन रविवार को है।कला संगम का एक प्रतिनिधिमंडल संजय सेठ से मिलकर उन्हें मोमेंटो अंगवस्त्र एवं आमंत्रण देकर सम्मानित किया। साथ ही इस वार्षिक उत्सव में आयोजित विशाल महा भंडारा एवं भजन संध्या में आमंत्रित किया।

# मतदान के दिन उंगली पर लगे स्याही दिखाने पर पार्किंग शुल्क नहीं लगेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता एवं आम नागरिकों को मतदान के प्रति उत्साहवर्द्धन के लिए रांची नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। लोकसभा चुनाव 2024 अंतर्गत रांची लोकसभा क्षेत्र में - 25.05.2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस संदर्भ में प्रशासक के निदेशानुसार मतदान दिवस (25 मई 2024) को रांची नगर निगम द्वारा सभी सम्मानित नागरिकों के लिए विशेष पहल की जा रही है।

जिसमें 1. रांची नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्रांतर्गत बंदोबस्त किये गये वाहन पड़ाव/पार्किंग में , - 25.05.2024 को मतदान करने वाले नागरिकों द्वारा अपने ऊंगली पर अमिट स्याही प्रदर्शित करने के उपरांत वाहन पड़ाव शुल्क नहीं लिया जाएगा।

2. रांची नगर निगम द्वारा बंदोबस्त किये गये पार्कों में दिनांक- 25.05.2024 को चुनाव के दिन मतदान करने वाले नागरिकों एवं उनके परिवार के नाबालिक सदस्यों से पार्कों में प्रवेश शुल्क नहीं लिया जायेगा। इस हेतु संबंधित नागरिक द्वारा अपनी उंगली में लगी हुई अमिट स्याही प्रदर्शित करना होगा।

3. रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत दिनांक 25.05.2024 को मतदान के पश्चात् यात्रा करने वाले सभी नागरिकों को आवागमन हेतु सिटी बसों में शुल्क नहीं लिया जाएगा। निःशुल्क यात्रा हेतु नागरिकों को मतदान के पश्चात् अपने उँगली पर लगे अमिट स्याही को प्रदर्शित करना



होगा।

रांची नगर निगम सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि मतदान दिवस के दिन अपने मतदाता होने के कर्तव्यों का निर्वाहन ठीक प्रकार से करे और मतदान ज़रूर करे।

# कस्तूरबा और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों के शिक्षकों को करियर परामर्श का प्रशिक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत 50 हजार से अधिक छात्राओं को करियर विकल्पों के चयन एवं लक्ष्य निर्धारण में 106 करियर परामर्श पर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक सहायता करेंगे। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मार्गदर्शन में पीसीआई इंडिया (कमिंस फाउंडेशन और राइजअप के समर्थन के साथ) द्वारा राज्य के 10 जिलों से चयनित 106 शिक्षकों को दूसरे दौर का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में रांची, लातेहार, धनबाद, गोड्डा, गुमला, पलामू, पूर्वी सिंघभूम, बोकारो, जामताड़ा, सरायकेला खरसांवा के शिक्षकों ने भाग लिया।इन शिक्षकों को आर्थिक स्वतंत्रता के मार्ग पर स्थापित छात्राओं की मदद करने और उन्हें उत्पादक मानव संसाधनों के रूप में विकसित होने में सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने कहा कि करियर परामर्श माध्यमिक स्कूल की



लड़कियों के आत्मसम्मान में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह उन्हें पूरी तरह से कक्षा के शिक्षण, पठन पाठन समेत आदि गतिविधियों में भाग लेने में सक्षम कर सकता है।

**क्या है हमें बढ़ना है प्रोजेक्ट ?:** हमें बढ़ना है प्रोजेक्ट को झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के मार्गदर्शन में पीसीआई इंडिया द्वारा शुरू किया गया है। यह सरकारी आवासीय स्कूलों में पढ़ रही छात्राओं को समग्र परामर्श पैकेज प्रदान करता है। इन विद्यालयों में अधिकांश छात्राएं वंचित और कम सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से आती हैं और शिक्षा एवं करियर का निर्धारण इन बच्चियों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है। ऐसे में काउंसलर के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद चयनित शिक्षक नियमित रूप से इन छात्राओं के साथ मॉड्यूलर सत्र और समूह परामर्श सत्र आयोजित करते हैं। छात्राओं को तीन जत्थो में विभाजित किया गया है। पहला (ग्रेड 6-8), दूसरा (ग्रेड 9-10) और तीसरा (ग्रेड 11-12)।

# विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंचा और विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो द्वारा चुनाव प्रचार पर आपति जताई। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार को ज्ञापन भी सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र उप चुनाव को लेकर जिस तरह विधानसभा अध्यक्ष संवैधानिक पद का मखौल उड़ा रहे हैं वो विधि सम्मत नहीं है।संसदीय परंपराएं एवं प्रक्रिया के पहले भाग के अध्याय द्वङ्ग के दूसरे पारा में स्पष्ट विवरण है विधानसभा अध्यक्ष किसी पार्टी के सदस्य नहीं होते है एवं विधानसभा अध्यक्ष चुनाव प्रचार नहीं कर सकते। प्रतिनिधिमंडल ने एक वीडियो भी अध्यक्ष का जमा किया, जिसमें रविंद्र नाथ महतो कह रहे हैं कि वो भी दल के हैं और दल के लिए प्रचार का सकते हैं। प्रतिनिधिमंडल में सुधीर श्रीवास्तव, ब्रजेश कुमार गुप्ता और बिपिन कुमार शामिल थे।

## शोकसभा का हुआ आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार की शाम टाटीसिलवे में प्राकृतिक आपदा की शिकार सीआईटी की छात्रा ज्योति भारती (22) व संस्थान के पूर्ववर्ती छात्र सोनू कुमार की आसामयिक मौत को लेकर कैंब्रिज परिवार के लोग मर्माहत हैं. बुधवार को संस्थान में शोकसभा का आयोजन हुआ. जिसमें विद्यार्थियों एवं कर्मियों ने अश्रुपूर्ण नेत्रों से मृत आत्मा को श्रद्धांजलि दी व परिवार वालों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त किया. बता दें की मृतक ज्योति भारती जो की मूलतः साहिबगंज जिले की रहने वाली थी. और संस्थान में सिविल इंजीनिरिंग की पढ़ाई कर रही थी. उसकी मौत बाइक पर पेड़ गिरने से उसकी चपेट में आकर हो गई. जबकि पूर्ववर्ती छात्र सोनू कुमार की मौत भी इसी पेड़ गिरने की घटना में हुई. मृतक सोनू 2019 में संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच से पासउट था. और वर्तमान में खेलगाऊं स्थित ओरिएण्ट क्राफ्ट में कार्यरत था. वह गोंदलीपोखर निवासी था। इस घटना में संस्थान की एक अन्य छात्रा आशा मुर्मू भी घायल हैं।जिसका इलाज रिम्स में चल रहा है।शोकसभा के बाद कक्षाए स्थगित कर दिया गया। विद्यार्थियों की मौत से आहत कैंब्रिज ग्रुप की प्रसाशिका राशिका नवनीत सिंह ने शोकसभा के दौरान द्रवित स्वर में विद्यार्थियों से बिना हेलमेट वाहन न चलाने की करुण अपील की,कहा कि किसी बच्चे की असामायिक मृत्यु उनके अभिभावक पर दुखों का पहाड़ टूटने के समान होता है। इसका ख्याल रखते हुए अपने जीवन को सुरक्षित रखें व दुपहिया चलाते समय हेलमेट अवश्य लगाएं। मौके पर प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन के अलावे संस्थान के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पिपरवार के न्युमंगरदाहा मे वज्रपात से आधा दर्जन मवेशी की मौत



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज बदला हुआ है।तेज बारिश और ठंडी हवाओ से जहां एक ओर कोयलांचल के लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत मिली है तो वहीं दूसरी ओर बारिश के साथ हुई वज्रपात ने कई जगहों पर कर बरपाया है।जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम पिपरवार क्षेत्र के न्युमंगरदाहा मे तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात से करीब आधा दर्जन मवेशी की दर्दनाक मौत हो गई।बताया गया कि न्यूमंगरदाहा निवासी सूरज उरांव,सोमर उरांव,बीफा उरांव,धनेश्वर गंझू का मवेशी गुरुवार को न्यूमंगरदाहा स्कुल मैंदाज मे चर रहा था,इसी बीच तेज बारिश के साथ हुई वज्रपात मे छः मवेशी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।घटना के बाद मवेशी मालिक के साथ काफी संख्या मे स्थानीय ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।भुक्तभोगी ने बताया कि मवेशी की मौत से काफी नुकसान हुआ है।भुक्तभोगी सूरज उरांव,सोमर उरांव, बीफा उरांव और धनेश्वर गंझू ने टण्डवा अंचलाधिकारी से मुआवजा की देने की गुहार लगाई है।

## खलारी केडी हिंदुगढ़ी चौक में भाजपा खलारी मंडल के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा खलारी मंडल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन केडी हिंदुगढ़ी चौक में किया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कांके विधायक समरीलाल एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा रांची जिला ग्रामीण के महामंत्री सह कांके विधानसभा सह संयोजक नरेंद्र सिंह उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने किया. चुनाव कार्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि समरी लाल ने अन्य अतिथियो एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में पंडित बृजराज दुबे के द्वारा विधिवत पूजन के बाद फीता काट कर और नारियल फोड कर किया. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए समरी लाल ने कहा कि लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व का चुनावी शंखनाद हो चुका है. कहा कि मोदी जी के हाथों को मजबूत करने हेतु प्रचंड बहुमत से रांची लोकसभा सीट से विजयी ताज भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ के माथे पर पहनाना है. वहीं उन्होने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर मतदाता को घर से निकल कर बूथ पर मतदान करने हेतु प्रेरित करना है.कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन अरविंद सिंह ने किया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से जीप सदस्य सरस्वती देवी, कार्तिक पांडे, अनिल गंझू, आजसू के प्रखंड अध्यक्ष विकास चौहान, भाजपा मंडल संयोजक रामसूरत यादव, आनंद झा, फुलेश्वर महतो, श्याम सिंह, किरण देवी, जितेंद्र पांडेय, भरत प्रजापति, प्रदीप ठाकुर, रमेश विश्वकर्मा, रतन लाल, दिलीप पासवान, गणेश यादव, जफरुद्दीन अंसारी, ममता केसरी, कमलेश तुरी, ओमप्रकाश शर्मा, प्रदीप लोहरा, ललित साव, जितेंद्र भारती, नागदेव सिंह, कुलदीप लोहरा, प्रदीप ठाकुर, कमलेश महतो, राजू गुप्ता, भोला गंझु, रामप्रवेश नायक, अनिल तुरी, आनंद सिंह, अशर्फी राम, प्रदीप प्रमाणिक, संजीत तुरी, मयंक सिंह इत्यादि सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महिला के उपर लोहे के रड से हमला, युवक गिरफ्तार

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना अंतर्गत छोटा चॉगड़ु निवासी



बाजीराम महतो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया! जानकारी के अनुसार गुरुवार को छोटा चॉगड़ु निवासी सनातन महतो की पत्नी बुधन देवी एवं उसी गांव के बाजीराम महतो के साथ पलाश लाह काटने को लेकर कहासुनी हो गया था। उसी का बदला लेने के लिए बाजीराम महतो कुल्हाड़ी एवं लोहे का रड लेकर रास्ते में घात लगाकर बैठा हुआ था। सनातन महतो की पत्नी बुधन देवी गोबर फेंकने गई थी । वापस लौटने के क्रम में बाजीराम महतो ने कुल्हाड़ी एवं रड से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस हमले में बुधन देवी का बाया हाथ एवं पैर टूट गया।इस घटना की सूचना लिखित के तौर पर सिल्ली थाना को दिया गया सिल्ली थाना द्वारा तत्वरित कार्य करते हुए बाजीराम महतो को घर से गिरफ्तार किया गया! एवं अनुसंधान के रुप में उनके घर के पीछे से कांड में प्रयुक्त लोहे के रड को बरामद किया गया सिल्ली थाना के द्वारा कांड संख्या 39/24 धारा 341/323/325/307 भा द वी एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया।

## झारखंड सरकार बाल विवाह रोकने के लिए पूरी तरह तैयार, उठा रही उचित कदम

**कोडरमा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार बाल विवाह रोकने के लिए पूरी तरह तैयार है और इसके लिए उचित कदम भी उठाए जा रहे हैं। इस निमित महिला एवं बाल कल्याण विभाग की अधिसूचना में अधिकारियों को पंचायत और ब्लॉक स्तरों पर निगरानी बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। अधिसूचना में बाल विवाह को एक गंभीर मुद्दा बताते हुए इसके तत्काल समाधान की आवश्यकता की बात कही गई है। साथ ही कहा गया है कि जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने होंगे और इसकी रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करना होगा, तात्कालिक कदम के रूप में गांवों में जागरूकता अभियान आयोजित होने चाहिए और इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों, सभी धर्मों के पुरोहितों और पुलिस अफसरों के साथ बड़े पैमाने पर संपर्क करने और उन्हें जागरूक करने की जरूरत है, आम जनता को जागरूक करने के लिए मीडिया के माध्यम से अभियान चलाने के अलावा पढ़ाई बीच में छोड़ने वाले बच्चों और बिना सूचना दिए ।

*बचरा के आवासीय कालोनी मे पेयजल आपूर्ति नही होने से लोगो मे आक्रोश*

# कॉलोनी के लोगो ने पानी आपूर्ति को लेकर एक घंटे तक बन्द रखा कोयला ढुलाई का काम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र मे भीषण भरी गर्मी के साथ पानी समस्या गहराने लगी है।ग्रामीण इलाको मे पानी समस्या के बाद अब बचरा क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी मे भी पानी की समस्या लोगो के लिए परेशानी का सबब बन गया है।जानकारी के अनुसार पिपरवार क्षेत्र के बचरा 122 कॉलोनी,ऐलो कॉलोनी,टीएच कॉलोनी और 64 कॉलोनी मे पिछले एक सप्ताह से पेयजल आपूर्ति बन्द है। भीषण भरी गर्मी में पानी सप्लाई बंद होने से कॉलोनी में रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कालोनी के लोग दुर दराज से पानी की जुगाड़ करने को विवश है।कॉलोनी में रहने वाले सीसीएल कर्मचारियों ने बताया कि ड्यूटी से आने के बाद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है।पानी सप्लाई बन्द होने से कॉलोनी में रहने वाले सीसीएल कर्मचारियों के अलावा उनके आश्रितो को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।इधर कॉलोनी में पानी सप्लाई बंद होने के बाद लोगों में काफी आक्रोश देखा गया।शुक्रवार की सुबह कॉलोनी के दर्जनों लोग सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान कॉलोनी के लोगो ने सीएचपी/सीपीपी से बचरा साइडिंग और चट्टी बरियातू से बचरा साइडिंग तक होने वाली कोयला ढुलाई के काम को बंद करा दिया।कोयला ढुलाई बंद होने के बाद ट्रांसपोर्टिंग सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।इधर कोयला ढुलाई बंद होने की सूचना पाकर स्थानीय सीसीएल अधिकारी मौके पर पहुंचकर कॉलोनी के लोगों से बातचीत की और कॉलोनी में पानी सप्लाई को चालू कराया।कॉलोनी में पानी सप्लाई चालू होने के बाद करीब एक घंटे के बाद कोयला ढुलाई का काम पुनः चालू हो गया।कॉलोनी के लोगों ने स्थानीय सीसीएल अधिकारियों से कॉलोनी में नियमित पानी सप्लाई जारी रखने की मांग की है।इधर बचरा 172 माईर्न्स कॉलोनी में भी पिछले एक सप्ताह से मोटर जल जाने के कारण पानी की सप्लाई बंद है। कॉलोनी के लोगों के हंगामे के बाद यहां सीसीएल प्रबंधन के द्वारा टैंकर के माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है।

## न्यु उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में अभिभावक शिक्षक संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के कल्याणपुर न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को कक्षा नर्सरी से दशम तक के बच्चों के अभिभावक और स्कूल के शिक्षक के बीच संगोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें स्कूल प्रबंधन के द्वारा बच्चों के अभिभावकों का जोरदार स्वागत किया गया।इस दौरान विद्यालय में होने वाले नवाचार व अन्य गतिविधियों पर विचार विमर्श किया गया,साथ ही अभिभावकों से अनुरोध किया गया की बच्चों को घर पर पढ़ने के लिए प्रेरित करें। अभिभावकों को स्कूल परिसर का भ्रमण कराकर उनका विचार व सुझाव भी लिया गया।मौके पर विद्यालय के निदेशक मोहम्मद साहिल ने कहा कि सभी बच्चों के लिए बेहतर से बेहतर शिक्षा देने के प्रयास स्कूल प्रबंधन कर रहा है।बच्चों के बेहतर शिक्षा में अभिभावकों का भी योगदान जरूरी है।स्कूल के बाद घर में बच्चों की पढ़ाई पर अभिभावकों को ध्यान देने की जरूरत है।इस मौके पर मोहम्मद साहिल, इदरीश अंसारी, स्कूल के शिक्षक अनूप कुमार, गौरव कुमार, पिंटू कुमार, उमेश कुमार, रेहाना प्रवीण , साजिया खान, सुषमा वर्मा, निशा गुप्ता, अनामिका कुमारी, सोनिया किंडो, निशा कुमारी शाह,हेमा कुजूर, सुशांति कुमारी, ट्रेशा टुडू, वसीम अकरम, मोहम्मद वारिश सहित स्कूल के सभी शिक्षक और अभिभावक मौजूद थे।

# पिपरवार मे प्रबधंन और विस्थापित रैयतो की वार्ता हुई विफल

*नौकरी मुआवजा की मांग को लेकर रैयतो ने 12 मई से किया बन्द की घोषणा*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबधंक कार्यालय मे शुक्रवार को ग्राम बेंती के विस्थापित रैयत और स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबधंन के बीच वार्ता हुई।जिसकी अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के एजीएम रंजय सिन्हा ने किया।इस वार्ता मे बेंती गांव के विस्थापित रैयतो के द्वारा नौकरी और मुआवजा की मांग को लेकर 12 मई से किये जाने वाले बंदी को लेकर विचार विमर्श किया गया।वार्ता मे रैयतो की मांग पर सहमति नहीं बनने एंव सीसीएल प्रबधंन के द्वारा ठोस निर्णय नहीं लिये जाने के कारण वार्ता विफल रही और रैयतों द्वारा 12 से बंदी पर जाने की घोषणा की गई। सीसीएल प्रबंधन के द्वारा औधोगिक हित को देखते हुए सभी विस्थापित रैयतों से बंदी नहीं करने की अपील की गई, लेकिन रैयत अपनी मांगों पर अडिग रहा।वार्ता में सीसीएल मुख्यालय के वीएन राम, पिपरवार क्षेत्र के एजीएम रंजय सिन्हा,भूमि एंव राजस्व विभाग के मोहनलाल सिंह, संदीप चौधरी,किशन अवस्थी,सचिदानन सिंह, कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी नागेश गोपालन, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो के अलावा रैयतों की ओर से दुलारचंद मुंडा,सुधीर साव, रोहन गंझु,कामेश्वर गंझु, कुंदन गंझु,रवि भुइयां, परमेश्वर गंझू,माघा गंझु, अर्जुन गंझू,सगीर अहमद, मदन राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

# झूलन अनुष्ठान के साथ मंडा पूजा संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** झूलन अनुष्ठान के बाद एक सप्ताह से जारी इटकी में मंडा पूजन उत्सव का शुक्रवार को समापन हुआ। मौके पर मंडा मेला भी लगा। झूलन अनुष्ठान के दौरान पूजा के उपासकों को डंडा के सहारे करीब 20 फीट की ऊंचाई पर झुलाया गया। झूलने के क्रम में उपासकों द्वारा फूलों की वर्षा भी की गई। उपासकों को आकर्षक ढंग से सजाया भी गया था। श्रद्धालुओं में भी प्रसाद के रूप में फूलों को ग्रहण करने की होड़ मची रही। महिलाओं ने आंचल फैलाकर इन फूलों को ग्रहण किया। इससे पूर्व गुरुवार की रात पूजा के मुख्य अनुष्ठान फुलखुन्दी सहित लोटन सेवा व धुआंसी अनुष्ठान किये गये।

## स्कूल की छात्रा चलती ऑटो से गिरी, बाल बाल बची



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** ऑटो चालक की लापरवाही से स्कूल की छात्रा चलती ऑटो से सड़क पर गिर गई। आए दिन रोजाना देखने को मिलता है कि ज्यादा पैसे कमाने के चक्कर में ऑटो चालक स्कुली बच्चों को काफी लापरवाही से सीट से ज्यादा बच्चों को बैठाकर स्कूल छोड़ने और लेने के लिए जाते हैं। लेकिन स्कूल के शिक्षक, प्रिंसिपल छुट्टी के समय बच्चों पर किसी प्रकार का ध्यान नहीं देते हैं। किसी वक्त भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ऐसी घटना शुक्रवार को उर्सुलाइन हिंदी मीडियम क्लास नौवीं की छात्रा शान्ति कुमारी के साथ घटी। स्कूल की छुट्टी होने के बाद सिल्ली प्रखंड के जारागोड़ा के रहने वाली छात्रा शान्ति कुमारी सभी छात्राओं के साथ घर जाने के लिए ऑटो में बैठ गई। ऑटो में जगह नहीं रहने पर भी ऑटो चालक स्कुली बच्चों का जान को जोखिम में डालकर बैठाते हैं। शान्ति कुमारी को भी ऑटो के आगे दाहिने साइड थोड़ी सी जगह में बैठाकर ले जा रहे थे। इसी दौरान रांची पुरुलिया मुख्य मार्ग के बड़ा मुरी मे चलती ऑटो से गिर गई और ऑटो चालक आगे निकल गया। हल्ला गुल्ला होने पर ऑटो चालक ने ऑटो को रोका और छात्रा को उठाया। इस घटना में स्कूल की छात्रा शांति कुमारी बाल बाल बच गई। रांची पुरुलिया मुख्य सड़क पर रोजाना बड़ी-बड़ी भारी वाहनों का आवागमन होता रहता है ऐसी घटना में कभी भी बड़ी से बड़ी दुर्घटना हो सकती है।इसके लिए जिम्मेवार कौन है।

## एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** मंडल के सौंडा डी बाजार पतरातू बाजार पीटीपीएस बाजार में जनसंपर्क अभियान हजारीबाग के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल के द्वारा चलाया गया जिसमें सभी दुकानदारो से मिलकर भाजपा के समर्थन में वोट मांगा और उनके द्वारा कहा गया कि देश में मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है ताकि हमारा देश 2047 तक विकसित देश बन सके और पूरा विश्व का नेतृत्व के साथ विश्व गुरु बन सके इस जनसंपर्क में मुख्य रूप से पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति पंकज कुमार सिंह,डॉ संजय सिंह,दिनेश प्रसाद, विजय कुमार साहू,संजय कुशवाहा, किशोर कुमार महतो, डब्लू पांडे, रामेश्वर महतो, रंजन भगत, अमिता सोनी, वारिस खान,गणेश कुमार ठाकुर, मान सिंह, जय प्रकाश,प्रसाद विश्वजीत दत्त, मनोज कुमार सिंह, बमबम रजक, विनय कुमार, ओमप्रकाश बिट्टू, सरयू महतो, भागीरथ राम, रेशमी देवी, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, मनोज राम,रामजी स्वर्णकार, रंजीत कुमार, राकेश कुमार, रणधीर कुमार, नारायण प्रसाद, बृजभूषण गोस्वामी,मनोज प्रजापति, रवि कुमार,संजीत दास ,बृजेश सिंह, अशोक पाठक, मनोज साहू,संतोष कुमार झा,अमरेश कुमार, गोविंद कुमार सिंह इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा नें मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**झुमरीतिलैया :** अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा राष्ट्रीय के द्वारा परशुराम जन्मोत्सव माहुरी धर्मशाला झुमरी तिलैया में मनाया गया । भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर मुख्य रूप से कोडरमा विधायक डॉक्टर नीरा यादव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता एवं भैया अभिमन्यु प्रसाद उपस्थित थे । यजमान अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष अनूप जोशी एवं नीलम जोशी,पुरोहित पंडित मुरारी मिश्रा, संजय बनर्जी, दिवाकर मिश्रा ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना विधि विधान से करायी। नीरा यादव ने कहा कि भगवान परशुराम भगवान विष्णु के छठे अवतार थे इन्होंने धर्म की रक्षा को ही अपना मूल उद्देश्य समझा और समाज में धर्म की स्थापना किए। अनूप जोशी ने उनके बारे में विस्तार से बताया. मौके पर उपेंद्र दुबे, हृदय नन्द मिश्रा, डॉ आर के दीपक,चंद्रशेखर जोशी, मनोज सहाय, मनोज चंद्रवंशी, रमाकांत शर्मा, दिनेश मिश्रा,पंकज दुबे, मनोज जोशी, राजेश शर्मा, जय गौपाल पांडेय, अनिल गुरु ,प्रियदर्शी हर्देश बिहारी , सुधांशु पांडे सतीश प्रकाश द्विवेदी, विजय पांडेय, लाला जोशी, विवेक सहल, धीरज जोशी, सज्जन शर्मा अजय शर्मा उमेश जोशी, चुन्ना शर्मा,केशव जोशी, पियूष सहल,वैभव जोशी, जूही दास गुप्ता, सुषमा सुमन, सुनीता द्विवेदी, सुजाता जोशी, पिंकी जैन, मुकेश चंद्रवंशी,राम जी शुक्ला,वीरेंद्र सिंह, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, विजय यादव, दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल,अमर सिंह ,राजेश सिन्हा, नवीन चौधरी, पवन सिंह, प्रभाकर लाल रावत, राजेश सिंह, शशि भूषण प्रसाद, विजय राम , सुषमा सुमन,प्रदीप सुमन, नवीन जैन, कुन्दन पांडेय, आदित्य पांडेय, भरत नारायण पाण्डेय, कुंज बिहारी द्विवेदी,अजय झा, आत्मा नन्द पाण्डेय, प्रभाकर पाण्डेय, गणेश मजुमदार, अनुराग गुरु,दीप बनर्जी आदि सैकड़ो भक्त परशुराम जयंती में उपस्थित थे।

# गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार मुलाकात की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली प्रखंड के सभी सम्मानित मंडल अध्यक्षों ने शुक्रवार को रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर यशस्वी आदरणीय गृहमंत्री अमित शाह जी का जोरदार स्वागत किया एवं शिष्टाचार मुलाकात किया। आदरणीय गृहमंत्री अमित शाह ने सभी को लोकसभा जितने का मंत्र दिया।इसी दौरान सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू ने सिल्ली विधानसभा के लिए अपना प्रस्ताव रखा।

## मारकर गंभीर रूप से घायल करने के आरोपी को 10 वर्ष सश्रम कारावास, 10000 जुर्माना, जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**कोडरमा :** घर में घुस मारपीट कर गंभीर रूप से घायल किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ राकेश चंद्रा की अदालत ने शुक्रवार को कारू तुरी पिता स्वर्गीय काली तुरी ग्राम -लालगढ़, मरकच्चो, जिला कोडरमा निवासी को 307 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही ?10000 जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2018 का है । इसे लेकर मरकचो थाना कांड संख्या 73/ 2018 एवं स्त्र- 32/2020 दर्ज किया गया था। अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 8 गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता दशरथ यादव एवं अधिवक्ता रामेश्वर प्रसाद यादव ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त करू तुरी को दोषी पाते हुए सजा तय कीया और जुर्माना लगाया। वही न्यायालय ने अन्य 10 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया। इसे लेकर हीरा तुरी,ग्राम लालगढ़ मरकच्चो , जिला कोडरमा निवासी ने थाना को दिए बयान में कहा था की वह घटना के दिन अपने घर में बैठा था,। इसी दौरान कारू तुरी, मनोज तुरी, अर्जुन तुरी, राजकुमार तुरी, अरुणा देवी सहित कुल 11 लोग नाजायज मजमा बनाकर उसके घर में घुस आए और उसके साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान कारू तुरी जो अपने हाथ में तलवार लिए हुए था, तलवार से उसके पीठ पर मार दिया जिससे उसकी पीठ पूरी तरह कट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया और अन्य लोगों ने भी उसके साथ मारपीट किया। इस दौरान उसका छोटा लड़का उसे बचाने आया तो उसे भी उन लोगों ने मार कर घायल कर दिया। हल्ला सुनकर आसपास के ग्रामीण जब आए तब जाकर उनकी जान बची। पुलिस ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा ।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पटमदा में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार किशोर की मौत, साथी घायल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा-पटमदा मुख्य सड़क पर धुसरा गांव के समीप गुरुवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक किशोर की मौत हो गई। जबकि उसका एक साथी सुफल टुडू घायल हो गया है जबकि बाइक पर सवार तीसरा साथी सुरक्षित है। घटनास्थल पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत आता है जबकि बाइक सवार तीनों लड़के बोड़ाम थाना क्षेत्र के बेलडीह टोला गोबरलाद निवासी हैं।



सूत्र बताते हैं कि पटमदा के धुसरा गांव से रात करीब 1 बजे तीनों लड़के एक बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान एक अन्य बाइक को ओवरटेक करने को लेकर तेज रफ्तार से बाइक चलाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर एक चार पहिया वाहन से टकरा गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर रूप से घायल सिष्ठिधर सोरेन ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद शुक्रवार की सुबह बिना पोस्टमार्टम कराए ही परिजन शव को दफनाने की तैयारी कर रहे थे। इसकी सूचना मिलने पर बोड़ाम के पूर्व जिला पार्षद स्वपन कुमार महतो, बेलडीह के पंसस प्रतिनिधि प्रबोध महतो एवं समाजसेवी ईशान चंद्र मुर्मू ने गांव पहुंचकर मामले की जानकारी ली और बोड़ाम पुलिस से बात करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाया। इधर देर शाम तक पटमदा थाना में मृतक के पिता के बयान पर अज्ञात वाहन के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## आरएसबी ट्रांसमिशन ने थर्ड पार्टी वेंडर पार्टनर कर्मचारी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को आरएसबी ट्रांसमिशन परिवार में हुई एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में प्रबंधन ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे थर्ड पार्टी वेंडर पार्टनर के एक कर्मचारी की दिल का दौरा पड़ने से अचानक मृत्यु हो गई। तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करने के हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद उपस्थित चिकित्सा पेशेवरों ने दुर्भाग्य से उक्त कर्मी मोचीराम गोराई (55 वर्ष) को हॉस्पिटल में डॉक्टर्स द्वारा मृत घोषित कर दिया गया।आरएसबी ट्रांसमिशन इस कठिन समय में मृतक के परिवार और प्रियजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है। इस गहन क्षति से उबरने के दौरान हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। करुणा और एकजुटता की भावना से, आरएसबी ट्रांसमिशन के प्रतिनिधियों ने सक्षम अधिकारियों के साथ मिलकर मृतक कर्मचारी के पुत्र सुनील गोराई, संजय गोराई तथा मुकेश गोराई तथा परिवार के सदस्यों और हमारे सम्मानित थर्ड पार्टी वेंडर पार्टनर के साथ शुक्रवार को बैठक की। प्रभावित लोगों का समर्थन करने की हमारी प्रतिबद्धता के प्रदर्शन में, हमने कर्मचारी के परिवार को उचित वित्तीय राहत और अन्य आवश्यक सहायता प्रदान करने पर पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की है।

## मारुति सुजुकी का नए जेड-सीरीज इंजन के साथ नई स्विफ्ट कार पेश

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हैचबैक सेगमेंट को फिर से परिभाषित करते हुए भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने गर्व के साथ एकदम नई स्विफ्ट को पेश किया है। युवा और उत्साही लोगों के लिए तैयार की गई एकदम नई स्विफ्ट नए बेंचमार्क बनाने और अपने पूर्ववर्तियों की तरह अपनी प्रशंसीय विरासत को आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नई स्विफ्ट पांच प्रमुख विशेषताओं का प्रतीक क्रमशः स्टनिंग एक्सटीरियर, वेलकमिंग इंटीरियर्स, इनट्रिनसिक सेफ्टी, फन-टू-ड्राइव, टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर बोलते हुए, हिसाशी ताकेउची, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा कि 2005 में लॉन्च होने के बाद से स्विफ्ट ब्रांड भारतीय ऑटोमोटिव मार्केट में उत्कृष्टता का प्रतीक रहा है। इसने प्रीमियम हैचबैक सेगमेंट में अग्रणी है और लाखों ग्राहकों के दिलों पर कब्जा जमाने में सफल रही है। एकदम नई स्विफ्ट के लिए हमारा दृष्टिकोण स्विफ्ट प्रेमियों और ड्राइविंग पसंद लोगों के लिए जॉय ऑफ मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करते हुए अपनी मजबूत विरासत को आगे बढ़ाना है।




## जेबीकेएसएस ने पीड़ित परिवार को दिलाया 5 लाख और एक नौकरी व पेंशन का मुआवजा

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आरएसबी कंपनी में विगत 9 मई को गम्हरिया निवासी ठेकाकर्मी मुचिराम गोराई की मृत्यु कार्य के दौरान हो गई थी, जिसकी सूचना जेबीएसएस के केंद्रीय संगठन मंत्री संजय गोराई मिलने पर मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए उन्होंने कंपनी प्रबंधक से शांतिपूर्ण वार्ता करते हुए मुआवजा के तौर पर पांच लाख रुपया का चेक और पुत्र को स्थाई नौकरी एवं मृतक की पत्नी को पेंशन देने पर कंपनी प्रबंधन ने लिखित रूप से सहमति जताई।इस दौरान पीड़ित परिवार की ओर से रूपेश गोराई, जयदेव गोराई, मनभुल्ला गोराई, शिबू गोराई, सुनील गोराई, मुकेश गोराई, गुरुचरण गोराई, जेबीकेएसएस केंद्रीय संगठन मंत्री उमेश महतो, महासचिव संगठन राकेश महतो, विशाल, प्रफुल्ल, रामकुमार, दिलीप, शंभू, राजू आदि लोग उपस्थित थे।

## जोबा माझी ने सरायकेला शहरी क्षेत्र में चलाया डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के इंडिया महागठबंधन की झामुमो प्रत्याशी जोबा माझी ने शुक्रवार को सरायकेला शहरी क्षेत्र में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से अपने पक्ष में समर्थन की अपील की। इस दौरान जोबा माझी ने विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना की और महापुरुषों की तस्वीरों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। झामुमो कार्यकर्ताओं ने इंडिया महागठबंधन और प्रत्याशी जोबा माझी के पक्ष में जमकर नारेबाजी की। जोबा माझी ने लोगों से कहा कि इस बार के चुनाव में सारे मिथक को तोड़ सरायकेला विस क्षेत्र की जनता एक नया इतिहास रचेगी।अभियान के क्रम में मतदाताओं से मिल रहे समर्थन से प्रसन्न होकर जोबा माझी ने कहा सरायकेला सहित सिंहभूम का सर्वांगीण विकास ही उनकी प्राथमिकता है। राज्य के खनिज संपदा, जल, जंगल और जमीन पर भाजपा की गलत नजर है। इसे बचाने के लिए इंडिया महागठबंधन का साथ देना जरूरी है। जनसंपर्क अभियान पार्टी के चुनाव कार्यालय से पुराना बस स्टैंड, पब्लिक दुर्गा मंदिर, खडरासाई, ठेठरीसाई, इंद्रटण्डी, नोरोडीह, राजबांध, इमामबाड़ा, सरगीडीह, नीमडीह, गुडियाडीह, गुटुसाई में समाप्त हुआ। इसमें उनके साथ जिला परिषद अध्यक्ष सोनाराम बोदरा, विधायक प्रतिनिधि सानंद आचार्य, मुखिया खुशबू रानी होनहागा, प्रमिला हेम्ब्रोम, गीता देवी, बड़ाबाबू सिंहदेव, जॉनी हाजरा, लिपू महंती, अर्जुन कर, चंदन साहू समेत काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक ने को-ऑपरेटिव कॉलेज स्थित ईवीएम डिस्पैच व रिसिविंग सेंटर का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 09-जमशेदपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक किल्लु शिव कुमार नायडू एवं पुलिस प्रेक्षक जलिंदर डी. सुपेकर ने को-ऑपरेटिव कॉलेज में बनाये गए ईवीएम डिस्पैच सेंटर व रिसिविंग सेंटर का निरीक्षण किया। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल मौजूद रहे। प्रेक्षकों ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, भयमुक्त एवं व्यवस्थित तरीके से निर्वाचन कार्य के संपादन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा क्या तैयारियां की गई हैं इसकी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षकों ने ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग, ईवीएम का वेयर हाउस से डिस्पैच सेंटर में मूवमेंट तथा सुरक्षित रखरखाव, सभी छह विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रॉन्ग रूम, बिजली आपूर्ति, सीसीटीवी से 24×7 निगरानी, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था तथा पूरे कॉलेज परिसर में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति आदि की समीक्षा की। प्रेक्षकों ने ईवीएम डिस्पैच एवं रिसिविंग के लिए तैयार ब्लूप्रिंट, पोलिंग पार्टियों के बैठने की व्यवस्था, रूट चार्ट आदि की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से ईवीएम डिस्पैच एवं ईवीएम की रिसिविंग तथा मतगणना केन्द्र को लेकर जिला प्रशासन की तैयारियों से अवगत कराया, वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जानकारी दी। इस दौरान उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती प्रियंका सिंह, एआरओ, एईआरओ, भवन निर्माण व विद्युत विभाग के अभियंता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।



## पटमदा में मुख्यमंत्री की चुनावी सभा को लेकर बन रहा भव्य पंडाल, विधायक ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के झामुमो प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में 12 मई को राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन व पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन हेलीकॉप्टर से पटमदा के लोवाडीह मैदान आएंगे और चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। दोनों नेताओं को सुनने के लिए पटमदा - बोड़ाम समेत पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण जुटेंगे। लोगों के बैठने के लिए लोवाडीह मैदान में भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। शुक्रवार को निर्माणाधीन पंडाल का निरीक्षण करने जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी लोवाडीह पहुंचे और पंडाल निर्माण कर रहे कारीगर को कई दिशा निर्देश दिया। विधायक ने हेलीपैड बनाने वाले जगह का निरीक्षण भी किया। विधायक कालिंदी ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। उन्होंने कहा कि पटमदा में पहली बार भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो,अश्विनी महतो, दयाल महतो, सिजेन हेम्ब्रम, मिलन दास, विश्वामित्र दास, संजय सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## पटमदा में दो बाइकों की टक्कर में 3 लोग गंभीर रूप से घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के कमलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बोराहभूम-बांदोवान मुख्य सड़क पर शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में पश्चिम बंगाल निवासी तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना कांकीडीह एस्सार पेट्रोल पंप के पास हुई है। इसकी सूचना थाना प्रभारी को दी गई जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी वाहन पर लादकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। इलाज की व्यवस्था होने तक तीनों घायल सड़क किनारे पड़े हुए थे। स्थानीय लोगों के अनुसार बाराबाजार निवासी एक युवक तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए अपने घर लौट रहा था। इस दौरान एक टेंपो से पास लेने के चक्कर में विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। दूसरी बाइक पर सवार लोग बांदोवान थाना क्षेत्र के हेंसला ग्राम निवासी बताए जाते हैं। उनमें से एक व्यक्ति के घुटने की हड्डी टूट गई है जिससे वह खड़ा नहीं हो पा रहे हैं जबकि उनका साथी को भी सिर एवं पैर में चोटें आई हैं। शुक्रवार को कांकीडीह में साप्ताहिक हाट होने की वजह से घटनास्थल पर लोगों की भीड़ उमड़ी।

## जगन्नाथ रथयात्रा हेतु विधिवत पूजा अर्चना कर रथ निर्माण कार्य का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** सरायकेला के जगन्नाथ मंदिर में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर उत्कलिय जगन्नाथ परंपरा के अनुसार इस वर्ष 7 जून को होने वाले जगन्नाथ रथयात्रा के लिए विधिवत पूजा अर्चना कर रथ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी ब्रह्मानंद महापात्र एवं पंडित सानु आचार्य द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ प्रत्येक वर्ष की भांति स्वर्गीय मनुसुख परिछ्छा परिवार द्वारा उनके पुत्र कार्तिक परिछ्छा यजमान बनकर रथ निर्माण शुभारंभ हेतु पुजा सम्पन्न कराया। कार्यक्रम में जगन्नाथ सेवा समिति के अध्यक्ष राजा सिंहदेव, बादल दुबे, सुधीर चन्द्र दास, चित्रा पट्टनायक, सुदीप पट्टनायक, चिरंजीवी महापात्र, गणेश सतपथी, राजेश मिश्रा, चन्द्रशेखर कर, अंजलि राय, सौरभ दुबे, परशुराम कवि, गुड्डु मिश्रा, भाग्यसागर सिंह एवं रथ निर्माण कार्य के (कारीगर) विश्वकर्मा प्रफुल्ल नायक सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन आज खरसावां में चुनावी सभा को करेंगे संबोधित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन शनिवार को खुंटी लोकसभा क्षेत्र के खरसावां विधानसभा के खरसावां में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के पक्ष में दिन के 12 बजे एक चुनावी सभा करेंगे। जिसमें खुंटी संसदीय सीट के महागठबंधन प्रत्याशी कालीचरण मुंडा, खरसावां विधायक दशरथ गागराई समेत कई विधायक व मंत्री उपस्थित रहेंगे। वहीं कांग्रेस के खरसावां विधानसभा प्रभारी राज बकछी ने खरसावां विधानसभा के सभी मतदाताओं व जनता से अपील करते हुए कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के खरसावां दौरा व चुनावी सभा में अधिक से अधिक उपस्थित होकर ऐतिहासिक बनाने का काम करेंगे।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले समाजसेवी भीष्मनाथ महतो सड़क दुर्घटना में घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा के बनकुंचिया गांव निवासी समाजसेवी भीष्मनाथ महतो शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 5 बजे एक बाइक के धक्के से घायल हो गए हैं। उन्हें कमर और सिर पर गंभीर चोट लगी है। करीब 70 वर्षीय भीष्मनाथ बाबू गुरुवार को काटिन स्थित अपनी बेटी के घर पर आए हुए थे। सुबह उठकर वे मॉर्निंग वॉक पर अकेले ही राखडीह बॉर्डर तक गए थे और वहां से लौटने के क्रम में कुमीर पंचायत मंडप के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने धक्का मार दिया। इससे वे करीब 10 फीट दूर एक झाड़ी में जा गिरे। इस घटना में वे बेहोशी की हालत में पड़े रहे जबकि बाइक पर सवार बंगाल निवासी दोनों युवक भी घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय निवासी जीतू महतो समेत अन्य लोगों ने भीष्मनाथ महतो को कांकीडीह स्थित नर्सिंग होम पहुंचाया जहां प्राथमिक इलाज के बाद टीएमएच रेफर कर दिया गया। जबकि बाइक पर सवार पश्चिम बंगाल के बांसपहाड़ी निवासी शुभजीत चक्रवर्ती व जयदीप प्रमाणिक का इलाज नर्सिंग होम में चल रहा है और उन्हें भी चोटें आई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही उनके पुत्र विप्लब महतो, ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो, शिक्षक प्रबोध कुमार महतो, समाजसेवी छुटुलाल महतो, मनसाराम महतो, सहदेव दास, जीतू महतो, भवानी दास समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे और जानकारी ली। बताते हैं कि बाइक सवार युवक जमशेदपुर के पारडीह स्थित वेव इंटरनेशनल में कैटरिंग का काम करते हैं जो अपने घर से मजदूरी के लिए ही जा रहे थे। घटना के बाद दोनों युवक भागने का प्रयास कर रहे थे लेकिन स्थानीय लोगों ने उन्हें पकड़ लिया।



## अब आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के लोगों को तीन गुणा होल्डिंग टैक्स के साथ ही देना पड़ेगा ठोस अपशिष्ट संग्रहण टैक्स

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**आदित्यपुर :** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र की जनता को तीन गुणा होल्डिंग टैक्स के साथ अब ठोस अपशिष्ट संग्रहण के लिए भी प्रति माह शुल्क देना होगा। आदित्यपुर नगर निगम ने ठोस अपशिष्ट संग्रहण करनेवाली कंपनी क्यूब आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड को इसकी अनुमति प्रदान कर दी है। नगर निगम प्रशासक ने इस संबंध में आदेश निर्गत कर दिया है। क्यूब आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को ठोस अपशिष्ट संग्रहण के लिए अनुमति प्रदान करते हुए इस संबंध में विगत 26 अप्रैल को आदेश भी जारी कर दिया है। गौरतलब है कि नगर निगम क्षेत्र में घर-घर से ठोस अपशिष्ट संग्रहण का काम कर रही एजेंसी क्यूब आदित्यपुर वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने हर घर से प्रत्येक दिन अपशिष्ट संग्रहण के लिए निर्धारित सेवा शुल्क लेने की अनुमति के लिए विगत 26 मार्च को ही नगर निगम में आवेदन दिया था। एजेंसी के आवेदन को स्वीकार करते हुए नगर निगम प्रशासक ने कंपनी को वर्ग के हिसाब से मासिक 20 रुपए से 80 रुपए तक शुल्क संग्रहित करने की अनुमति प्रदान कर दी है। हालांकि इसके साथ ही इसके लिए जारी आदेश में प्रशासक आलोक कुमार दुबे ने एजेंसी को मासिक शुल्क संग्रहण करने के उपरांत प्रत्येक माह के अंत में जमा की गई राशि की विवरणी नगर निगम को पत्र के माध्यम से देने का निर्देश भी दिया है। होल्डिंग टैक्स में उपभोक्ता शुल्क शामिल नहीं है। उन्होंने उपभोक्ता शुल्क की दर स्पष्ट करते हुए बताया कि एलआइजी स्तर के उपभोक्ताओं के लिए प्रति माह 20 रुपये उपभोक्ता शुल्क देय होगा, जबकि एमआइजी स्तर के उपभोक्ताओं को प्रति माह 50 रुपए एवं एचआइजी के उपभोक्ताओ को प्रति माह 80 रुपए उपभोक्ता शुल्क के रूप में देने होंगे।

## क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत ने महाराणा प्रताप सिंह जी के अवतरण व स्थापना दिवस मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** गुरुवार को क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत के सदस्य ने स्थापना दिवस मनाया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत स्थापना दिवस समारोह विद्यापति नगर सामुदायिक भवन में धूम धाम से मनाया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदा सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश महामंत्री चंदा सिंह राजपूत ने की। मंच संचालन सोनी सिंह, कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना सोनी सिंह के द्वारा की गई। उसके बाद अतिथियों का स्वागत गान के द्वारा किया गया। स्वागत गान निशा सिंह और विभा सिंह के द्वारा की गई। साथ में अतिथियों के साथ पूरे सदस्यों को बिना सिंह के द्वारा टीका लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजेश सिंह राजू इंटक अध्यक्ष, बंटी सिंह जम्मू अखाड़ा संरक्षक, हरे राम सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मनोरंजन सिंह, अभय सिंह, विनय सिंह करनी सेना अध्यक्ष को सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों द्वारा संगठन की एकता और संचालन की तारीफ की गई। छोटी क्षत्रानियो द्वारा राजपूतों की वीर गाथा से भरे गीतों पर नृत्य प्रस्तुति दी गई।मौके पर प्रदेश उपाध्यक सह मीडिया प्रभारी श्वेता सिंह,कोल्हान अध्यक्ष लक्ष्मी सिंह, कोल्हान उपाध्यक्ष शीलू सिंह, कोल्हान महामंत्री राजेश सिंह, जिला अध्यक्ष अर्चना सिंह , जिला उपाध्यक्ष पूनम सिंह,जिला कार्यकर्ता संगीता सिंह के अलावा संजय सिंह, राकेश सिंह,राजेश सिंह उजैजन, कंचन सिंह,विभा सिंह, सुषमा सिंह ,शिपल सिंह ,पुतुल सिंह ,मिनी सिंह,अंशु सिंह , तथा बड़ी संख्या में क्षत्रानिया उपस्थित थी। तीसरी स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर बिना सिंह जी को बेस्ट अध्यक्षता का अवार्ड दिया गया तथा प्रदेश महामंत्री चंदा सिंह राजपूत को बेस्ट आइडियल सपोर्ट का अवार्ड दिया गया इस तरह से कार्यक्रम को धूमधाम से मनाया गया।



## अपना क्लब ने किया रिटेलर्स के साथ चाय पे चर्चा का आयोजन

*- कंपनी का उद्देश्य दुकानदारों को एक मंच पर लाकर बेस्ट प्राइजेज और ग्रेट डिलीवरी फैसिलिटी देना*

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स के बी 2 बी होलसेल प्लेटफॉर्म 'अपना क्लब ' की ओर से झारखंड के तीन शहरों जमशेदपुर, रांची और धनबाद में रिटेलर्स के साथ 'चाय पे चर्चा' का आयोजन किया गया था। यह आयोजन 5 मई से लेकर 9 मई तक हुआ। इन सत्रों में अपना क्लब के बिजनेस हेड 'आशीष दुबे' ने सभा को संबोधित किया और अपना क्लब के पीछे के दृष्टिकोण के बारे में बात की। उनका लक्ष्य है, महत्वाकांक्षी दुकानदारों को एक मंच पर लाना और उन्हें बेस्ट प्राइजेज और ग्रेट डिलीवरी फैसिलिटी प्रदान करना, जिससे उनके बिजनेस को एक नया वैल्यू मिले। इस दौरान बिजनेस हेड आशीष दुबे ने रिटेलर्स की समस्याओं को सुना और समझा। कंपनी का मानना है कि उनकी पार्टनरशीप न केवल आयोजन की सफलता में योगदान देती है बल्कि अपना क्लब परिवार के कम्युनिटी और कोलैबोरेशन की भावना को भी बढ़ावा देती है। कंपनी ने बताया रिटेलर्स के बिजनेस को एक नई उड़ान देने में मदद करने के लिए अपना क्लब 10 मई से लेकर 10 जून तक 'बड़ा एम्बिशन महोत्सव-एनिवर्सरी का उत्सव' का आयोजन कर रही है, जिसमें 30 लाख से भी ज्यादा इनामों की बारिश होगी, जिनमें रॉयल एनफील्ड हंटर 350 सीसी बाइक जैसे लकी ड्रॉ के अलावा फ्रीज, एसी, कूलर जैसे गारंटीड इनाम भी शामिल हैं।



## पटमदा में भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने जुगसलाई विधानसभा के प्रधान कार्यालय का उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** विरोधी लोग अफवाह फैला रहे हैं कि जमशेदपुर लोकसभा सीट से तीसरी बार कोई नहीं जीतता है लेकिन इस बार आप सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग और आशीर्वाद से इस मिथक को तोड़ेंगे और इस बार फिर से रिकॉर्ड मतों से जीतकर दिखाएंगे। यह बातें शुक्रवार को पटमदा में आयोजित जुगसलाई विधानसभा प्रधान चुनावी कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो ने कहीं। उन्होंने कहा कि आजसू और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने दोनों बार रिकॉर्ड मतों से जिताकर दिल्ली भेजने का काम किया इसलिए आपकी काबिलियत पर हमें कोई शक नहीं है। 10 साल के कार्यकाल के दौरान विकास के काफी काम हुए हैं। जबकि साढ़े चार साल के राज्य सरकार के कार्यकाल में एक भी पथ निर्माण विभाग से काम नहीं हुआ इसलिए उपलब्धि जीरो है। सांसद ने कहा कि राज्य सरकार ने एनडीए की सभी ड्रीम प्रोजेक्ट पर रोक लगा रखी है और उनके पार्टी के नेता कहते हैं कि सांसद ने कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि वे शुरू से ही पटमदा के किसानों को चांडिल डैम से पाइप लाइन के माध्यम से सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत हैं और उनकी मांग पर कई बार केंद्रीय मंत्री भैरव सिंह शेखावत ने सहमति देते हुए जरूरत की पूरी राशि देने का आश्वासन दिया था। लेकिन राज्य सरकार ने इसमें कोई रुचि नहीं दिखाई और प्रस्ताव नहीं भेजा। सांसद ने कहा कि हमलोगों ने कोल्ड स्टोरेज बनवाया लेकिन वर्तमान सरकार साढ़े 4 सालों में उसे चालू भी नहीं करवाने सकी। आज राज्य में अराजकता का माहौल है। चारों ओर कोई काम नहीं हो रहा है, थाना में आमजनता को कोई सम्मान नहीं मिल रहा है। मौके पर पूर्व मंत्री सह आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस, भाजपा नेता अभय सिंह, भरत सिंह, मुचीराम बाउरी, प्रदीप कुमार महतो, संदीप मिश्रा, प्रदीप बेसरा, नीलू मछुआ, मंटू चरण दत्त, महावीर महतो, बासुदेव मंडल, वीरेंद्र प्रताप सिंह, शरत सिंह सरदार, निरंजन रजक, सुनील सिंह मुंडा, सानंद प्रधान, दीपक महतो, कृष्णपद सिंह, इन्द्रनारायण महतो, परीक्षित महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव वन बिहारी महतो, अजीत महतो, निरंजन महतो, रामकृष्ण महतो, रसराज महतो, समेत अन्य काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजुद थे।



## इंडिया गठबंधन प्रत्याशी यशश्विनी ने ईचागढ़ में मांगे वोट, रोड शो में उमड़ी समर्थकों की भीड़

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** जैसे जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, वैसे वैसे चुनावी पारा भी चढ़ता जा रहा है। दो दिन पूर्व जहां भाजपा प्रत्याशी का ईचागढ़ में तुफानी दौरा हुआ, वहीं शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ने भी दौरा करते हुए लोगों से समर्थन मांगी। रांची लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी यशश्विनी सहाय ने ईचागढ़ की झामुमो विधायक सबिता महतो के साथ सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ व कुकड़ु प्रखंड क्षेत्र में संयुक्त दौरा कर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान उनके पिता सह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, झामुमो व राजद सहित गठबंधन दलों से जुड़े कई नेताओं ने एकजुटता दिखाई और लोगों से समर्थन की अपील की गई। दौर के क्रम में लोगों के बीच कांग्रेस की घोषणा पत्र का भी वितरण किया गया। ईचागढ़ के मिलन चौक में रोड शो कर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय को जिताने की अपील की गई। वहीं कुकड़ु प्रखंड के तिरूलडीह,चौड़ा, कुकड़ु सहित दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों से समर्थन मांगा। जगह-जगह नुक्कड़ सभा कर अपने पक्ष में जोरदार प्रचार किया गया। महिलाओं ने भी चुनाव प्रचार में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने केंद्र सरकार की कथित तानाशाही पर जमकर कटाक्ष किया। कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने कहा कि लोग महंगाई से त्रस्त है और जुमलेबाजी को खत्म करने व भाजपा को हटाने के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में लोगों का काफी रूझान देखा जा रहा है। विधायक सबिता महतो ने कहा कि आज इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के पक्ष में संयुक्त रूप से दौरा कर लोगों को राज्य सरकार की उपलब्धि बताकर मतदान की अपील करने पर लोगों का अच्छा रिस्पॉन्स और सहयोग मिल रहा है। उन्होंने इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित बताई। मौके पर झामुमो केन्द्रीय सदस्य पप्पू वर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप, राम प्रसाद महतो , सफाई अंसारी, बंधुराम महतो, पंचानन पातर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



संपादकीय

## 'नई सांस' था कोरोना टीका

**कोरोना** वैश्विक महामारी से जुड़ी एक खबर हम सभी को चिंतित, व्यथित कर सकती है, लेकिन चिकित्सकों ने इसे घबराहट का मुद्दा न मानने की सलाह दी है। दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक टीके का आविष्कार किया था। उस टीके को भारत में 'कोविशील्ड' के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार भी किया है, लेकिन इसे 'दुर्लभ प्रभाव' भी माना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट 2021 में आई थी, जिसका निष्कर्ष था कि कोरोना टीके से 10,000 में से मात्र एक व्यक्ति ही 'साइड इफेक्ट' का शिकार होता है। खबर इसलिए चिंतित करती है, क्योंकि भारत में सर्वाधिक 175 करोड़ खुराकें 'कोविशील्ड' टीके की दी गई थीं और 36.39 करोड़ खुराकें 'कोवैक्सीन' टीके की दी गईं। इस टीके के निर्माण में भारत सरकार की भी हिस्सेदारी है। बहरहाल ब्रिटेन में कोरोना टीके के दुष्प्रभावों के मद्देनजर 163 लोगों को मुआवजा दिया गया। उनमें से 158 लोगों ने एस्ट्राजेनेका का टीका लगवाया था। कोरोना-काल में टीकाकरण ने दुनिया में 60 लाख से अधिक बीमारों को नई जिंदगी दी और भारत में करीब 34 लाख संक्रमितों को 'नई सांस' दी थी। भारत जैसे घनी और संकरी आबादी वाले देश में यह डाटा बेहद महत्वपूर्ण और मानवीय माना जा सकता है। भारत में 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। उनमें से 254 लोगों पर ही टीके के दुष्प्रभाव सामने आए, लिहाजा भारत में टीके का उलटा असर 0.00001 फीसदी ही रहा। चिकित्सकों का भी कहना है कि टीके से औसतन 10 लाख लोगों में से जानलेवा जोखिम मात्र एक व्यक्ति को ही देखा गया, जबकि टीके ने महामारी की घातकता 80-90 फीसदी तक कम की। रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। दरअसल थक्का जमने की बीमारी को मेडिकल भाषा में 'टीटीएस सिंड्रोम' कहते हैं, जो करीब 100 साल पुराना है। दिल का अचानक दौरा पडना, अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर जाना, हार्ट अटैक से मौत हो जाना आदि कोरोना टीका लगाने से पहले भी मौजूद थे। यदि 2022 में, कोरोना के चरम के ऐन बाद, हार्ट अटैक से 32,410 अचानक मौतें हुईं, तो 2019 से पहले भी 24-25,000 ऐसी ही मौतें हुई थीं। चिकित्सकों का सवाल है कि वे मौतें क्यों हुईं? तब तो कोरोना महामारी नहीं थी? लिहाजा शोधरत चिकित्सकों की स्थापना है कि ऐसा कोई वैज्ञानिक और क्लीनिकल साक्ष्य नहीं है, जो कोरोना टीके का सीधा संबंध मौत के साथ साबित करता हो। ब्रिटिश अदालत में 51 केस एस्ट्राजेनेका के खिलाफ दर्ज किए गए। मुख्य रूप से जेमी स्कॉट अदालत गए और टीके से पीड़ित लोगों ने कंपनी से 1000 करोड़ रुपए तक के मुआवजे मांगे। करीब 20 देशों ने एस्ट्राजेनेका के टीके पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ये सभी 'अद्र्धसत्य' ही थे। जब दुनिया में कोरोना महामारी फैली थी, तब हाहाकार यही था कि किस तरह मनुष्य को बचाया जाए? लोग संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, सांस की निरंतरता टूटने, फेफड़ों के फेल हो जाने के कारण मर रहे थे। शमशान में जगह कम पड़ी, तो लाशों को नदी में बहा दिया गया। यदि किसी का संक्रमण सामने आया, तो यह निश्चित नहीं था कि वह जिंदा रहेगा या नहीं। भारत में कोरोना वायरस अब भी मौजूद है, क्योंकि एक माह में औसतन 3000 संक्रमित मामले दर्ज किए जा रहे हैं। विश्व में कोरोना महामारी से करीब 70 लाख मौतें हुईं, लेकिन आज हम अपेक्षाकृत आश्वस्त हैं। हमने टीकाकरण कराया है या हम संक्रमित हो चुके हैं। दोनों ही स्थितियों में रोग प्रतिराधक क्षमता हमारे भीतर पर्याप्त है। हमें घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि डॉक्टरों के निष्कर्ष हैं कि टीके के दुष्प्रभाव अधिकतम 6 महीने के दौरान सामने आ जाते हैं, जबकि कोरोना खत्म हुए और टीकाकरण का अभियान सम्पन्न हुए 2 साल से अधिक का समय गुजर चुका है। जो होना था, वह हो चुका, शेष अतीत हो गया।


दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक टीके का आविष्कार किया था। उस टीके को भारत में 'कोविशील्ड' के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार भी किया है, लेकिन इसे 'दुर्लभ प्रभाव' भी माना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट 2021 में आई थी, जिसका निष्कर्ष था कि कोरोना टीके से 10,000 में से मात्र एक व्यक्ति ही 'साइड इफेक्ट' का शिकार होता है। खबर इसलिए चिंतित करती है, क्योंकि भारत में सर्वाधिक 175 करोड़ खुराकें 'कोविशील्ड' टीके की दी गई थीं और 36.39 करोड़ खुराकें 'कोवैक्सीन' टीके की दी गईं। इस टीके के निर्माण में भारत सरकार की भी हिस्सेदारी है। बहरहाल ब्रिटेन में कोरोना टीके के दुष्प्रभावों के मद्देनजर 163 लोगों को मुआवजा दिया गया।


### भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा

## आर्थिक क्षेत्र में नित नए विश्व रिकार्ड बनाता भारत

प्रह्लाद सबनानी


वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है।


**हम** सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। आज भारत आर्थिक क्षेत्र में वैश्विक मंच पर नित नए रिकार्ड बना रहा है। वैश्विक स्तर पर विदेशी प्रेषण के मामले में आज भारत प्रेषण प्राप्तकर्ता के रूप में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। भारत में आज सबसे बड़ा सिंक्रोनाईजड बिजली ग्रिड है। बैंकिंग क्षेत्र में वास्तविक समय लेनदेन की सबसे बड़ी संख्या आज भारत में ही सम्पन्न हो रही है। भारत आज विश्व में दूसरा सबसे बड़ा स्टील उत्पादक देश है एवं भारत आज पूरे विश्व में मोबाइल फोन का निर्माण करने वाला दूसरा सबसे बड़ा निर्माता बन गया है। भारत में आज विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सड़क नेट्वर्क है। मात्रा की दृष्टि से भारत में आज विश्व का तीसरा सबसे बड़ा फार्मासीयूटिकल उद्योग है। भारत में आज पूरे विश्व में तीसरा सबसे बड़ा मेट्रो नेट्वर्क है। भारत ने स्टार्टअप को विकसित करने के उद्देश्य से विश्व का तीसरा सबसे बड़ा




पारिस्थितिकी तंत्र खड़ा कर लिया है। भारत का स्टॉक बाजार, पूंजीकरण के मामले में, विश्व में चौथे स्थान पर आ गया है। भारत में आज विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेट्वर्क है। विश्व में पैटेंट हेतु आवेदन किए जाने वाले देशों में भारत आज छठे स्थान पर आ गया है। आर्थिक क्षेत्र में भारत को यह सभी उपलब्धियां पिछले 10 वर्षों के दौरान प्राप्त हुई हैं। पिछले केवल 10 वर्षों के दौरान शेयर बाजार में निवेशकों को अपार सफलता हासिल हुई है और सेन्सेक्स ने 200 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज की है, इसी प्रकार निफ्टी भी इसी अवधि में 206 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि दर्ज करने में सफल रहा है। यह स्थानीय एवं विदेशी निवेशकों का भारतीय अर्थव्यवस्था पर अपना विश्वास जता रहा है। भारत में शेयर बाजार में व्यवहार करने के उद्देश्य से खोले जाने वाले डीमेट खातों की संख्या वर्ष 2014 में 2.2 करोड़ थी जो वर्ष 2024 में बढ़कर 15.13 करोड़ हो गई है अर्थात इन 10 वर्षों में 7 गुणा से अधिक की वृद्धि दर अर्जित की गई है। देश का प्रत्येक उद्यमी/उपक्रमी/व्यवसायी बहुत उत्साह में है कि देश में व्यापार करने हेतु वातावरण में बहुत सुधार हुआ है एवं ईज आफ डूइंग बिजनेस में काफी सुधार हुआ है। आज भारत ही नहीं बल्कि भारतीय कम्पनियों द्वारा विदेश में भी पूंजी उगाहना बहुत आसान हो गया है। अतः एक प्रकार से उद्यमियों के लिए पूंजी की समस्या तो नहीं के बराबर रह गई है। भारतीय नागरिकों में आज स्व का भाव जगाने में भी कामयाबी मिली है, जिसके चलते स्वदेश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग बढ़ रहा है एवं अन्य देशों से विभिन्न उत्पादों के आयात कम हो रहे हैं। इसके चलते भारत के विदेशी व्यापार घाटे में सुधार दृष्टिगोचर है। आज भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में मामूली वृद्धि दर्ज हो रही है तो कई उत्पादों के आयात में कमी दिखाई देने लगी है। इसे भारतीय नागरिकों के आत्म निर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम के रूप में देखा जा सकता है। फरवरी 2024 माह में भारत का व्यापारिक निर्यात 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 4140 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया, जो पिछले 20 महीनों में उच्चतम स्तर पर है। इसके अतिरिक्त, सेवा निर्यात 3210 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। फरवरी 2024 माह में माल एवं सेवाओं को मिलाकर कुल निर्यात 7355 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जो फरवर 2023 की तुलना में 14.2 प्रतिशत अधिक है। इसी कारण से, भारत का विदेशी मुद्रा भंडार भी आज 64,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। आज भारतीय नागरिकों ने सनातन संस्कृति का अनुपालन करते हुए भारत को विकसित एवं मजबूत बनाने के लिए अपने कदम आगे बढ़ा लिए हैं। आज भारत में प्रत्येक नागरिक का औसत जीवन वर्ष 2022 के 62.7 वर्ष से बढ़कर 67.7 वर्ष हो गया है। यह भारत में लगातार हो रही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के चलते ही सम्भव हो सका है। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में प्रति व्यक्ति सकल राष्ट्रीय आय में पिछले 12 महीनों के दौरान 6.3 प्रतिशत की वृद्ध दर्ज हुई है। इसी प्रकार, एक सर्वे के अनुसार, आज भारत में 36 प्रतिशत कम्पनियां आगामी 3 माह में नई भर्तियां करने पर गम्भीरता से विचार कर रही हैं, इससे भारत में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होते दिखाई दे रहे हैं। गरीब वर्ग को भी केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके एक बढ़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया है। लगभग 4 वर्षों के भीतर मिशन ने 2019 में ग्रामीण नल कनेक्शन कवरेज को 3.23 करोड़ घरों से बढ़ाकर 14.50 करोड़ से अधिक घरों तक पहुंचा दिया गया है। इसी प्रकार, पीएम आवास योजना के अंतर्गत, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में 4 करोड़ से अधिक पक्के मकान बनाए गए हैं एवं सौभाग्य योजना के अंतर्गत देश भर में 2.8 करोड़ घरों का विद्युतीकरण कर लिया गया है। विश्व भर के सबसे बड़े सरकारी वित्तपोषित स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम – प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना – के अंतर्गत 55 करोड़ लाभार्थियों को माध्यमिक एवं तृतीयक देखभाल एवं अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपए का बीमा कवर प्रदान किया जा रहा है।

दृष्टि कोण

## युद्ध के 25 साल बाद भी सुरक्षा के मोर्चे पर निरंतर सतर्कता की जरूरत

**जब** भारत-पाकिस्तान रिश्तों की बात आती है, तो अतीत वर्तमान बन जाता है और भविष्य में सीखने के लिए कुछ अप्रिय सबक छोड़ जाता है। पाकिस्तान जबसे भारत से अलग हुआ है, इसने क्षेत्रीय जीत हासिल करने की कोशिश की है। हालांकि हर बार यह विफल रहा है। पच्चीस वर्ष पहले ठीक आज ही के दिन कारगिल युद्ध शुरू हुआ था। पाकिस्तान ने पहले घुसपैठियों को भेजा, फिर सैन्य हमले को अंजाम दिया, क्योंकि भारत ऐसे हमले के प्रति लापरवाह था। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा 21 फरवरी, 1999 को शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के तीन महीने के भीतर ही कारगिल की घटना हुई। भारत को घुसपैठियों के बारे में अचानक पता लगा। ताशी नामग्याल नामक चरवाहा जब अपनी गुम हुई भेड़ों को खोज रहा था, तो उसने पठानी शूट में पाकिस्तानियों को देखा, जो बाल्टिक पर्वत शृंखला पर बंकर खोद रहे थे। नब्बे डिग्री की खड़ी चट्टान पर चढ़ाई करने वाले युवा सैन्य अधिकारियों और जवानों ने बहादुरी से पाकिस्तानी गोलियों का सामना किया और अपने भारतीय नेतृत्व को गर्व करने का अवसर प्रदान किया। इस युद्ध में ज्यादातर 22-35 वर्ष के युवा जवान शहीद हुए। आधिकारिक रूप से भारत के 527 जवान शहीद हुए, जबकि पाकिस्तान के 357 से 453 के बीच जवान मारे गए। पाकिस्तान ने अपने 600 अन्य जवानों की लाशों पर दावा न करके उन्हें अपमानित किया। नतीजतन भारत को ही उनका अंतिम संस्कार करना पड़ा। वस्तुतः यह भारत के लिए कठिन कार्य था। पाकिस्तानियों के कड़े प्रतिरोध का सामना करते हुए भारत ने अपनी वायु सेना और बोफोर्स तोप को तैनात कर अपनी रक्षा की। उसी साल एक भारतीय यात्री विमान का अपहरण हुआ, जिसे पहले



लाहौर, फिर कांधार ले जाया गया। भारत को विमान, चालक दल और यात्रियों की सुरक्षित रिहाई के लिए चार कश्मीरी आतंकवादियों को रिहा करना पड़ा। पच्चीस वर्ष बाद भी इन विफलताओं पर भारत में बहुत कम चर्चा हुई है। पाकिस्तान के वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक नजम सेठी कहते हैं, 'भारत के साथ पाकिस्तान ने जितने भी युद्ध किए, सभी में हार गया, हालांकि उसी ने इसकी योजना बनाई थी, पर कुछ हासिल न कर सका।' पहले सर्दियों में कारगिल क्षेत्र की ऊंचाइयों वाली चौकियों को दोनों देशों के सैनिक खाली कर देते थे और फिर वसंत के मौसम में वहां तैनात हो जाते थे। 1999 की सर्दी में पाकिस्तानी फौज ने भारतीय सेना से पहले ही कारगिल द्रास एवं बाल्टिक की सामरिक ऊंचाइयों पर स्थित अग्रिम चौकियों पर आतंकियों के सहयोग से कब्जा कर लिया। हालांकि उसने ऐसा भारतीय इलाके पर कब्जे के लिए नहीं, बल्कि भारत पर सामरिक बढ़त पाने के लिए किया था। यदि वह सफल हो जाता, तो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एक को अवरुद्ध करके कश्मीर घाटी और लद्दाख के बीच संपर्क खत्म कर सकता था। पाकिस्तानी योजनाकार चाहते थे कि भारत को सियाचिन ग्लेशियर छोड़ने और कश्मीर पर बातचीत करने के लिए मजबूर किया जाए। लेकिन 1984 में सियाचिन ग्लेशियर पर कब्जे के बाद से आज तक भारत उस पर कब्जा जमाए हुए है। कारगिल युद्ध के बाद दोनों में से कोई भी पक्ष दुनिया के इस सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र को छोड़ना नहीं चाहता है। पाकिस्तानी लेखक तारिक अकील के अनुसार, सैन्य मामलों की सीमित जानकारी होने के कारण नवाज शरीफ भारतीय सेना की पलटवार करने की क्षमता से वाकिफ नहीं थे। 'वह इस भ्रम में थे कि घुसपैठिये सफल हो जाएंगे और कारगिल पर कब्जा कर लेंगे, जिससे भारत को कश्मीर पर अंतिम समझौता करने के लिए मजबूर किया जा सकेगा और वह इतिहास में कश्मीर विजेता के रूप में जाने जाएंगे।' पाकिस्तानी योजनाकारों ने मान लिया था कि चूंकि पाकिस्तान परमाणु शक्ति संपन्न है, इसलिए भारत अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कोई बड़ा कदम नहीं उठाएगा। अंतरराष्ट्रीय समुदाय प्रारंभिक चरण में ही हस्तक्षेप करेगा, जिससे नियंत्रण रेखा के पार मिली बढ़त पर पाकिस्तान का कब्जा हो जाएगा तथा चीन पाकिस्तान का पक्ष लेगा और भारतीय सेना ऊंचाई पर लड़ने के लिए प्रशिक्षित पर्याप्त सैनिक नहीं जुटा पाएगी।

कुछ अलग

## गिरगिट के रंग, नेकी के संग

**बदी** पर नेकी की, झूठ पर सच की और बुराई पर भलाई की जीत की बात ही पढ़ते आए थे। जब से हमने होश संभाली, तभी से पाठशाला को मन्दिर सम माना जाता था, और गुरु वन्दना का तो बाकायदा एक दिन निर्धारित होता ही था। देखते ही देखते जब हमारी उम्र ने गुजरने की रफ्तार पकड़ी तो ये सब विश्वास, मूल्य और मान्यताएं भी अपना रूप बदल गयीं। पहले सुना था कि केवल गिरगिट ही रंग बदलता है, लेकिन अब अगर हर मौसम, हर दिन या हर पल रंग न बदल पायें तो उसके लिए कहोगे कि जा रे जमाना। जमाना बदलता गया, पहले नेकी कर के दरिया में इसलिए डाल देते होंगे कि यह बह कर घाट-घाट से गुजरे और नेक बन्दों से ये दुनिया इतनी सुगन्धित हो जाए कि इत्र फुलेल वालों को भी अपनी दुकानें बढ़ानी पड़ें। सुनते थे जो बेचते थे दर्दे दिल, वे दुकान अपनी बढ़ा गए। लेकिन अब नेक बंदों को दिल टूटने का यह मर्ज कैसा? नेकी का माहौल था, हर आदमी दूसरे से बढ़ कर नेकी करने पर तुला हुआ था। ऐसे में बाहरी खुशबू की तलाश कौन करता? लेकिन जा रे जमाना, अब खुशबूदार आदमियों ने इत्र फुलेल को विदा दे दी तो नेकी ने भी कोरोना के इस ताजा बदले रूप की तरह रंग बदल लिया। सुना है यह कोरोना पहले से सत्रह प्रतिशत अधिक तेजी से फैलता है। इसीलिए जमाने की बदलती चाल ने नेकी के नाम पर नई पंगत सजानी शुरू की तो उसने भी सत्रह प्रतिशत नहीं, सौ प्रतिशत अधिक तेज चाल पकड़ ली। पंजाब में त्रिया चरित्र के बारे में एक कहावत है, 'रोती यारों को, ले ले नाम अपने भाइयों का।' नाम तो अभी भी नेकी का ही लिया जाता है। नहीं तो नेक बन्दों के लेबुल कम न पड़ जाते? लेकिन बंदा-परवर, अब नेकी करके आज के नेक बंदे दरिया में डालने नहीं जाते, उसे अपने ही घर के पिछवाड़े में बने कुएं में डालते चले जाते हैं। देश में लोगों के लिए कुएं खुदवाने की परम्परा बहुत पुरानी है। धर्मी-कर्मी लोग कुएं खुदवाते थे, प्यासे जनों की प्यास बुझाने के लिए। सत्य कर्म का यह बोलबाला था, साहिब, कि प्यासे कम और कुएं अधिक हो गए थे। सब को अपने पितरों की चिन्ता थी। इस धरती पर कुआं खुदवा कर प्यासों को पानी मिलेगा या दोगे तो ऊपर स्वर्ग में तुम्हारे पितरों को अमृत ही नहीं मिलेगा, वे उसे अधिकार से ले लेंगे, कहते थे। लेकिन जमाना बदल गया बन्धु! धनी मानी लोगों के घरों के पिछवाड़े कुएं तो आज भी खुदवाए जाते हैं, लेकिन वे चलते कुएं नहीं कि जहां राहगीर अपनी प्यास बुझा लें। देखते ही देखते ये कुएं अन्धे हो गए। जमाना राहगीरों को पानी पिलाने का नहीं, रहजनों को चंग पर चढ़ाने का है। किसी जमाने में राजा महाराजा अपना और अपने पूर्वजों का खजाना अनन्त काल तक सुरक्षित रखने के लिए तिलिस्म बांधते थे। तिलिस्म की कहानियां तभी प्रचलित हुई थीं। देवकी नन्दन खत्री की चन्द्रकांता और चन्द्रकांता सन्तति उन्हीं दिनों में लिखे गए थे। लेकिन खुशबुओं के जमाने लद गए। लोकतंत्र ने गद्दियों पर ऐसे महाराजा पेश कर दिए जो उम्र भर के लिए राजकाज अपने नाम ठेके पर लिखवा लेना चाहते हैं। नेकी के दरिया सूख कर बदी के रेगिस्तान बन गए, जहां चलते अन्धड़ों में जन-सेवकों ने शुतुरमुर्गों की तरह अपने मुंह छिपा लिए। अब जन सेवा बन गई परिवार सेवा। भाई भतीजावाद कल्याण का पर्याय बन गया। आदर्शों के तिलिस्म टूटे और बड़े आदमियों के पिछवाड़े ऐसे कुएं बन गए कि जिनके पास कोई आम जन फटक भी न पाए। पहले उन कुओं पर जन कल्याण और सर्व-समर्पण के नाम पट्ट लगे रहते थे। अब तो परिवार जनों और व्यावसायिक घरानों ने अपने ब्रांड लगा दिए। पद प्रतिष्ठा के ऐसे अंधे कुएं बनाओ जो आपके नाती-पोतों के लिए खुलें, बदलते युग की आवाज बनी।

देश दुनीया से

## निराश्रित पशुधन सडक़ों पर क्यों?


सडक़ों एवं पुलों पर निराश्रित पशुओं की टोलियों के झुंड हैं। अब तो जैसे हिमाचली घरों से पशुधन की पूर्णतया विदाई ही कर दी गई है और ऐसी कोई पूर्णकालिक सरकारी व्यवस्था नहीं है जो इन बेसहारा पशुओं को ठौर ठिकाना मुहैय्या करवा सके। कहीं कहीं दानी सज्जनों एवं गैर सरकारी संगठनों के सद्प्रयासों से छोटी छोटी गौशालाएं संचालित की भी जा रही हैं, लेकिन एक विशाल पशुधन की देखभाल प्रभु भरोसे ही चल रही है। ये पशुधन न केवल निराश्रित हैं, बल्कि कई पशु घायल एवं बीमार अवस्था में लाचार सडक़ों पर घूमते मिल जाएंगे।


**आजकल** हिमाचल की सडक़ों पर जाम की स्थिति बनी हुई है और इसकी बड़ी वजह सडक़ों एवं पुलों पर निराश्रित पशुओं की टोलियों के झुंड हैं। अब तो जैसे हिमाचली घरों से पशुधन की पूर्णतया विदाई ही कर दी गई है और ऐसी कोई पूर्णकालिक सरकारी व्यवस्था नहीं है जो इन बेसहारा पशुओं को ठौर ठिकाना मुहैय्या करवा सके। कहीं कहीं दानी सज्जनों एवं गैर सरकारी संगठनों के सद्प्रयासों से छोटी छोटी गौशालाएं संचालित की भी जा रही हैं, लेकिन एक विशाल पशुधन की देखभाल प्रभु भरोसे ही चल रही है। ये पशुधन न केवल निराश्रित हैं, बल्कि कई पशु घायल एवं बीमार अवस्था में लाचार सडक़ों पर घूमते मिल जाएंगे। यहां विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाने के उद्देश्यों पर भी सवालिया निशान उठते हैं जिसमें पशु स्वास्थ्य, उनकी देखभाल, पशु क्रूरता को रोकना, पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल करने जैसी बातें तो की जाती हैं, लेकिन सवाल यह भी उठता है कि क्या हमारे पशु चिकित्सालय एवं चिकित्सक मात्र उनके यहां आने वाले पशुओं की नियमित जांच, टीकाकरण के लिए ही जिम्मेदार हैं अथवा निराश्रित पशुओं की चिकित्सा जांच को भी अपने काम के दायरे में लेंगे। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में जहां आज से 30-35 वर्ष पूर्व जो पशु किसी भी कार्य के उपयुक्त नहीं होता था



उसकी भी पुत्रवत देखभाल एवं सेवा सुश्रुषा की जाती थी। लेकिन आज परिस्थितियां बिल्कुल विपरीत और दुर्भाग्यपूर्ण रूप ले चुकी हैं। जगह-जगह निराश्रित घूमते निरीह, असहाय, लाचार, बेजुबान पशुओं के झुंड बाजारों, सडक़ों में गंदगी, प्लास्टिक व अभक्षणिय चीजों पर जीवित तथा निर्भर रहकर हमारे समाज में व्याप्त मनुष्य की स्वेच्छाचारिता और स्वार्थीपन को सरेराह प्रदर्शित करते घूम रहे हैं। जिन खेतों-खलिहानों पर कभी बाड़ नहीं होती थी वहां आज आवारा घूमते पशुओं के चलते लहलहाती फसलें गायब हो चुकी हैं, सारा दोष कमोबेश हमारा ही है। जो पशुधन कभी ग्रामीण आर्थिकी की रीढ़ हुआ करता था वही पशुधन आज दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर है। खेतीबाड़ी, बाग-बगीचों, घरेलू सब्जियां तैयार करना तथा घर परिवारों को पहुंचने वाले लाभों से यदि आज हम वंचित हुए जा रहे हैं तो कदाचित दोषी भी हम स्वयं ही हैं। आज हम ऑर्गेनिक सब्जियों, दालों की मांग कर रहे हैं। स्वास्थ्यवर्धक एवं पौष्टिक दूध की इच्छा रखते हैं, लेकिन इन चीजों को उपलब्ध करवाने की क्षमता रखने वाले पशुधन को समुचित ठौर-ठिकाना दे पाने में हम नितांत अक्षम हो चुके हैं। हिमाचल प्रदेश में इस समय कुल 6 गौ अभयारण्य हैं तो 3 बड़े गौ सदन भी संचालित किए जा रहे हैं। मार्च 2019 में गौ सेवा आयोग का गठन किया गया था। इसके अलावा राज्य पशु कल्याण बोर्ड अलग से है। वहीं सरकार मार्च 2018 से शराब की प्रति बोतल एक रुपए का गौवंश उपकर लगाकर और मंदिर ट्रस्टों की आय का 15 फीसदी राशि गौ सेवा आयोग को उपलब्ध करवा रही है लेकिन विभाग और संसाधनों के होने के बावजूद यदि पशुधन सडक़ों पर है तो राज्य सरकार को निराश्रित पशुओं के समुचित ठौर ठिकाने में मिल रही विफलता के कारणों पर विचार करना चाहिए। 2019 की पशुधन गणना के अनुसार हिमाचल प्रदेश की कुल पशुधन आबादी 44.13 लाख थी, जिसमें से 18.28 लाख गाय एवं 6.47 लाख भैंसे हैं। 1948 में हिमाचल प्रदेश में जहां मात्र 9 पशु चिकित्सालय थे तो वहीं 14 फरवरी 2024 की स्थिति के अनुसार आज प्रदेश में एक राज्य स्तरीय पशु चिकित्सालय के अलावा वेटरिनरी पॉलीक्लिनिक के 9, उपमंडलीय पशु चिकित्सालय 60, पशु चिकित्सालय 362, पशु औषधालय 1762 के अलावा मुख्यमंत्री आरोग्य पशुधन योजना के अंतर्गत 1251 पशु औषधालय भी सेवारत हैं। समय-समय पर पशुपालन विभाग के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने तथा विभागीय क्रियाकलापों की जानकारी पशुपालकों तक पहुंचाने के लिए कई कार्य योजनाओं को विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी अमलीजामा पहनाने में जुटे हुए हैं, लेकिन इस राह में कुछ मुश्किलें भी हैं। 25 सितंबर 2023 की स्थिति के अनुसार पशुपालन विभाग में 40 श्रेणियों के लिए कुल 7757 पद स्वीकृत थे जिनमें से 5188 भरे हुए थे तो 2569 पद रिक्त चल रहे हैं। आवश्यकता है कि हिमाचल प्रदेश सरकार चुनावों के बाद प्राथमिकता के आधार पर इन पदों को भरे, इससे जहां पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार मिलेगा तो वहीं विभागीय कामकाज की रफ्तार को भी गति मिलेगी। भारतीय संविधान निराश्रित जानवरों की सुरक्षा के लिए विशिष्ट कानूनों का प्रावधान करता है और इसके अनुसार, भारत के नागरिक के रूप में इनकी रक्षा और पोषण करना हमारा कत्तव्य है क्योंकि वे भी जीवित प्राणी हैं।

आप का नजरीया

## नई शक्ल-सूरत की कांग्रेस

**हिमाचल** में कांग्रेस बदल रही है और यह कोशिश आलाकमान का सजदा कर रही है। चुनावी परिदृश्य में कांग्रेस खुद से संघर्ष करती हुई यह बताना चाहती है कि उसे बाह्य स्थिति से कहीं अधिक आंतरिक सत्ता की जरूरत है। जरूरत आलाकमान के फरमान को मोहरों पर खेल रही है और जहां मकसद जीत-हार से कहीं आगे नए स्थापत्य में खुद के गुमशुदा हालात में खोजने कहीं अधिक है। इसलिए जिन्हें आश्चर्य है कि अचानक पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा अचानक कहां से कांगड़ा के उजड़े चमन में नई बहारों के लिए उतार दिए गए, वे गलत सोच रहे हैं। दरअसल यह नए लफ्जों, नए वादों और नई शक्ल-सूरत में प्रदेश की पुरानी कांग्रेस को संबोधित करने का प्रयास है। जिस पार्टी को छह विधायकों के रुखसत होने पर भी आत्मविश्लेषण की जरूरत नहीं, वह अब चमत्कार पर विश्वास कर सकती है। इसलिए जिस सर्वेक्षण का जिक्र खुद में अद्भुत है, वहां चुनावी उम्मीदवारों के चमत्कार तो पूजे जाएंगे। बहरहाल, कांग्रेस की खाल से चस्पां रहस्य किसी तरह उखड़ गया और अनुराग ठाकुर के सामने सतपाल रायजादा और कांगड़ा से आनंद शर्मा सामने आ गए। इससे पूर्व मंडी से सरकार के मंत्री विक्रमादित्य सिंह और शिमला से विनोद सुल्तानपुरी अपनी दोहरी भूमिकाओं में संसद की लड़ाई में पुश्तैनी वजूद तलाश रहे हैं। हालांकि कांगड़ा और हमीरपुर में भी कांग्रेस की गुजारिश अपने ही विधायकों से थी, लेकिन न तो उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने लोकसभा चुनाव का दामन थामा और न ही नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली ने दिल्ली के संपर्कों में स्थायी भूमिका तराशी। ऐसे में अगर कांग्रेस के चयन पर जनता की मोहर लग जाए, तो पूरी पार्टी बदल जाएगी, लेकिन जीत-हार के फासले कुछ शक्तियों को क्षीण भी कर सकते हैं। बतौर सांसद व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के झंडे बुलंद इसलिए भी लगते हैं, क्योंकि वहां उपलब्धियों, संपर्कों और निरंतरता की बुलंदी है। वह एकमात्र ऐसे हिमाचली नेता बन गए हैं, जिसके लिए चुनावी फील्ड पहले से तय है। कुछ इसी तरह का आभास मंडी में विक्रमादित्य की साख और विरासत से जुड़ता है, लिहाजा वहां वीरभद्र सिंह की कांग्रेस का प्रभाव बरकरार है। हिमाचल में नई कांग्रेस की जीत-हार का सारा दारोमदार अब आनंद शर्मा की उम्मीदवारी पर है। इस चयन में कई चयन व इतिहास हैं। हिमाचल से आनंद शर्मा के रिश्ते व उनके अनुराग में प्रदेश में केंद्र के उपकार देखे जाएंगे। भले ही शिमला में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय व नादौन में प्रस्तावित स्पाइस पार्क की चर्चाओं में यह नेता कुछ काम करता हुआ दिखाई देता है, लेकिन जिस दौर में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार का औद्योगिक पैकेज रद्द हुआ था, तब मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में आनंद शर्मा वाणिज्य मंत्री थे। जाहिर है उनके मंत्री पद की तारीफों में हिमाचल ने जो सपने देखे थे, वे चुनावी यथार्थ में अब मुद्दे पैदा करेंगे। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के दावों का दम कांगड़ा में जिस शिद्दत से आनंद शर्मा को उतार रहा है, उससे यह तो पता चल जाता है कि हाल फिलहाल पार्टी को सत्ता में पहुंचाने वाला यह जिला अपने स्थानीय नेताओं का प्रभाव व प्रभुत्व हार रहा है। जिस कद पर आनंद शर्मा का अवतरण कांगड़ा में हो रहा है, वहां कांगड़ा-चंबा के कई स्थानीय नेता फिसड्डी ही साबित हो रहे हैं।

# कुन्दा का एक ऐसा गांव जहां आज तक नही पहुंच पाए प्रखंड के सरकारी मुलाजिम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा) :** आजादी के 76 वर्ष बीत जाने के बाद भी आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं गारो गाँव, अभाव में अपना जीवन यापन व्यतीत करते है लोग।कुन्दा प्रखंड के मरगड़ा पंचायत अंतर्गत एक ऐसा गांव है जहाँ निवास करते है गंझू (भोक्ता) समाज के सैकड़ो परिवार और ये ऐसे परिवार है जो अपने मेहनत से बिना सरकारी सहायता से समाज से कट कर जीते हैं ।ग्रामीण मूँगेश्वर गंझू ने बताया कि गाँव मे न बिजली है न सड़क है और न ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हमारे बच्चों को मिल पा रहा है।यहाँ पारा शिक्षकों के भरोसे विद्यालय का संचालन किया जा रहा है जो कि भगवान भरोसे ही है।क्योकि यहाँ पर अभी भी अधिकांश लोग अनपढ़ है और शिक्षक बच्चों को क्या पढ़ा रहे है क्या सिखा रहे है उसका जांच नही कर पाते। वही मंतोरिया देवी ने कहा कि हम सब गरीब परिवार से आते हैं। सरकार सभी गरीब परिवार के लोगो के लिए इंदिरा आवास तो अबुआ आवास योजना चला रही है पर इन सब योजनाओं का लाभ हमारे गांव के लोगो के बीच नही पहुँच रहा है जिससे कि हम सब अपने मिट्टी के खपरैल मकान में रहने को मजबूर हैं और दुर्भाग्य यह है कि हमारे बेटे के लिए कोई रिश्तेदार बेटी देने को तैयार नही है कि हम ऐसे गांव में अपने बेटी को नही दूंगा जहां न बिजली है न पक्का मकान है और न ही मुख्य सड़क से जोड़ने के लिए पक्की सड़क है।वही प्रसाद गंझू बताते है हम सब परिवार वालो का वोटर आईडी में नाम जुड़ा हुआ है हम सब वोट के दिन पांच से छः किलोमीटर पैदल चलकर पोटमदोहर बूथ पर अपने मताधिकार का प्रयोग करते है और लोकतंत्र का पर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाते है इस सोच में कि इस बार कोई ऐसा नेता जीत कर आएगा जो कभी हमारे गांव को मुड़ कर देखे और हमारे गांव में सरकारी सुविधाओं को पहुचाए पर आज तक ऐसा नेता नही हुआ है लोगो ने हर बार हम सबके सपने पर पानी फेरने का काम किया है। वही ग्रामीणों ने बिजली नही तो वोट नही का नारा बुलंद किये। वही पंचायती राज होने के बाद गांव गांव में वार्ड सदस्य का चुनाव हुआ है जिसमे गारो गांव के ही पवन कुमार भोक्ता को लोगो ने निर्विरोध चुनकर वार्ड सदस्य बनाया पर ग्रामीणों को इसका भी लाभ नही मिल पा रहा है। इस पर पवन कुमार भोक्ता बताते है कि हमारे गांव के साथ पंचायत से लेकर जिला प्रशासन तक के लोग शौतेला व्यवहार करते है चूंकि हम सब गांव के लोग कुन्दा और पलामू के बॉर्डर पर रहते है जिससे कि किसी भी पदाधिकारी का नजर ही नही इस गांव पर पड़ता है।ना हमारे गांव में आंगनबाड़ी केंद्र है न ही राशन के सरकारी दुकान है और न स्वास्थ्य केंद्र है और इससे भी दुर्भाग्य की बात है कि आज तक हमारे गांव में प्रखंड विकास पदाधिकारी कभी भी नही आ सके है जिलाधिकारी का तो बात ही क्या करें की कैसे होते हैं।और देश के प्रधानमंत्री आज के समय मे डिजिटल इंडिया की बात करते है पर आज भी हम सपरिवार ढिबरी युग मे जीने को मजबूर है। यहाँ के अधिकांश लोग बाहर के शहरों में रोजगार के लिए पलायन करने को विवश है।

## पहली बार पीडब्ल्यूडी अधिनियम के तहत चिह्नित वोटर ने पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल कर किया मतदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** चुनाव आयोग द्वारा पीडब्ल्यूडी अधिनियम के तहत 2024 लोकसभा चुनाव में दिव्यांगों के लिए व 80 वर्ष उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान का विशेष व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। पीडब्ल्यूडी में आने वाले प्रखंड में इन पांच व्यक्तियों को बूथ संख्या 141 बीएलओ विनीता गिरी द्वारा रविंद्र दांगी, बसंती कुमारी, को चिन्हित किया गया था। व मेराल पंचायत से फैद नाग, जोरी बूथ संख्या 156 से लिलधारी साव खैरा से बूथ संख्या 155 व जिरवा मसोमात 151 सिरकोल से इन सभी मतदाताओं को 10 मई को पांच दिवज्ञांग वोटरों को आवासीय मत देने का अधिकार पीडब्ल्यूडी के तहत चुनाव आयोग द्वारा दिलाया गया। ये वैसे वोटर में आते हैं जो मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने में असमर्थ हैं। हालाकि चुनाव आयोग द्वारा वैसे वोटरों के लिए रैंप, व्हील चेयर, ब्रेल युक्त ईवीएम, सांकेतिक भाषा, पीडब्ल्यूडी हेतु वाहन सेवा, भी उपलब्ध कराई गई है।

## एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा के नये प्रमुख के पद पर अजय कुमार शुक्ला ने संभाला कार्यभार



**टंडवा (चतरा)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा बिजली पॉवर प्लांट के नये प्रमुख के पद पर अजय कुमार शुक्ला ने 9 मई को प्रोजेक्ट नॉर्थ करणपुरा में कार्यभार संभाला है। इसके पूर्व सीजीएम के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, श्री शुक्ला ने परिचालन दक्षता बढ़ाने और प्रदर्शन के उच्च मानकों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व की विशेषता रणनीतिक दृष्टि और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता थी, जो परियोजना को सफलता की ओर ले गई है। श्री शुक्ला ने इस अवसर के लिए आभार व्यक्त किया और परियोजना की अखंडता और नवीनता के मूल्यों को बनाए रखने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि की है। उनकी नियुक्ति प्रोजेक्ट नॉर्थ करनपुरा के लिए प्रगति और समृद्धि के एक नए अध्याय का प्रतीक है, जो राष्ट्र के लिए विश्वसनीय ऊर्जा समाधान प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की ओर बेहतर कार्य करेने का संकल्प है। इस पदभार ग्रहण समारोह में एनटीपीसी के कई पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## दो भराठी बंदूक व नाइन एम एम का जिंदा कारतूस बरामद

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चुनाव में पुलिस पार्टी को निशाना बनाने के उद्देश्य से अलग अलग घरों मे छुपा कर रखें थाना क्षेत्र के हिंदयाकला गाँव से दो भराठी बंदूक व एक नाइन एम एम का जिंदा कारतूस बरामद, पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी अभियान चला कर सीआरपीएफ 190 बटालियन ने गणेश गंझू पिता बरत गंझू, जितेंद्र गंझू पिता गणेश गंझू के घर से 2 भराठी बंदूक व 1 नाइन एमएम का जिंदा कारतूस, इंसास राइफल का जिंदा कारतूस मौके से बरामद कर थाना ले आई। वही थाना प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद ने बताया की पोलिंग व पुलिस को निशाना बनाने के उद्देश्य से हथियार घर मे छुपा कर रखें हुवे थे। छापामारी अभियान में एएसआई नागेश्वर पंडित एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# कई महीनो से बंद पड़ी जलमिनार व चापाकल को लेकर ग्रामीणों ने उठाई आवाज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड के नोनगांव पंचायत अंतर्गत ग्राम अनगड़ा के रंजीत भुइयां के घर के समीप 15 वें वित्त की राशि से बनी सोलर जलमीनार योजना का छह माह से खराब पड़ा हुआ है। जिसके कारण लोगों को गर्मी के दिनों में पानी पीने के लिए भारी परेशानियों की सामना करना पड़ रहा है। वहीं ग्रामीण राजेंद्र भुइयां, दीपक भुइयां, मनु राम, रघु राम, दिलीप राम, छोटू राम व शामदेव भुइयां ने बताया कि पेयजल की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए 14 वें वित्त की राशि से लगभग चार वर्ष पूर्व जलमीनार लगायी गयी थी। जो वह छह माह से खराब पड़ी हुई है। ग्रामीणों ने कहा कि जलमीनार में स्टार्टर, नल, पाइप खराब होने के कारण पीने का पानी नही मिल पा रहा है। जबकि जलमीनार के पास एक चापाकल भी है लेकिन वह भी खराब है। जल समस्या को लेकर उन्होंने कई बार जनप्रतिनिधियों से गुहार लगायी थी किंतु अभी तक इस पर किन्ही के द्वारा कोई पहल तक नहीं किया गया। इस जलमीनार पर लगभग 60 घरों के 300 लोग निर्भर थें।

# कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज गिद्धौर के लोगों ने धूमधाम से मनाया परशुराम जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत स्थित बटेश्वर शिव मंदिर प्रांगन में कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के लोगों ने परशुराम जयंती धूमधाम से शुक्रवार को मनाया। यह कार्यक्रम प्रदेश कार्य कारणी सदस्य एवं ब्राह्मण समाज के कोषाध्यक्ष यदुनंदन पान्डेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी भूपेंद्र पांडेय ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वस्तिवाचन दीप प्रज्वलित एवं शंखोंचार के साथ किया गया। परशुराम भगवान के जन्म उत्सव वैशाख मास के शुक्ला पक्ष की अक्षय तृतीया को भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए लोगों ने संकल्प लिया। भगवान परशु पराक्रम के प्रतीक है।राम सत्य सनातन का पर्याय हैं। इस प्रकार परशुराम का अर्थ पराक्रम के कारक और सत्य के धारक हैं। परशुराम भगवान श्री हरि विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। तथा अक्षय तृतीया भी कहा जाता है, इस दिन 24 घंटे शुभ मुहूर्त माना जाता है। सनातन परंपरा में आठ ऐसे चिरंजीवी देवता हैं। जो युगों-युगों से इस पृथ्वी पर मौजूद हैं। इन्हीं में से एक भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम भी हैं। समाज हित के कल्याण हेतु निस्वार्थ भाव से दहेज प्रथा को संपूर्ण देश से समाप्त करने की भी संकल्प लिया गया है।भगवान परशुराम जन्मोत्सव आने वाले समय में त्यौहार के रूप में अधिक से अधिक ब्राह्मण समाज के लोग मनाने की भी बात कही गई है। मौके पर उपस्थित पंचायत अध्यक्ष बैजनाथ पांडेय बनवारी पांडेय मुनी पांडेय सुधीर पांडेय जमुना पांडेय त्रिपुरेश पांडेय श्रीकांत पांडेय कामदेव पांडेय ऋषिदीप पांडेय पंकज पांडेय नैतिक पांडेय मुनी पांडेय मनोज पांडेय सचिन पांडेय एवं दर्जनों पांडेय परिवार उपस्थित थे।

## लातेहार नगर पंचायत ने 37 किलो प्लास्टिक किया जब्त सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ लातेहार नगर पंचायत की कार्रवाई एक बार फिर जारी रहा।आज के इस कार्रवाई में नगर पंचायत के द्वारा 37 किलो प्लास्टिक जब्त किया गया। यह कार्रवाई नगर पंचायत के प्रशासक राजीव रंजन के निर्देश पर किया जा रहा है। नगर पंचायत टीम के द्वारा शहरी क्षेत्र के डुरूवा, धर्मपुर चौक स्थित विभिन्न व्यवसायिक प्रष्ठिानों में किया गया। ज्ञात हो कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से वातावरण प्रदूषित होता है और इधर उधर प्लास्टिक बिखरे होने की वजह से शहरी क्षेत्र में गंदगी बढ़ रही है, जिसे दूर करने को लेकर नप प्रशासक गंभीर है और इसी के खिलाफ वे लगातार अभियान चला रखा है। नगर पंचायत के इस कार्रवाई से सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले लोगों में हडकंप है। शुक्रवार के अभियान में मुख्य रूप से नगर प्रबंधक राज कुमार वर्मा, सहायक अभियंता कुमार रवि, कनीय अभियंता संजीव कुमार, क्षेत्र पर्यवेक्षक रणधीर कपूर उपस्थित थे।

# जिला मुख्यालय में धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर के अम्वाटीकर के श्री हनुमान मंदिर परिसर में ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में शुक्रवार को परशुराम जयंती मनायी गयी।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष प्रेमचंद पांडेय मौके पर मौजूद लोगों ने विष्णु अवतार परशुराम के चित्र पर माल्यापर्ण किया। इस अवसर पर श्री बजरंग देव संस्थान के संस्थापक त्रिभुवन पांडेय ने कहा कि हर साल बैशाख मास में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को भगवान परशुराम की जयंती मनायी जाती है। इस दिन को अक्षय तृतीया भी कहते हैं परशुराम भगवान विष्णु के 10 अवतारों में से एक हैं रामायण व पुराणों में दर्ज है कि परशुराम का जन्म ब्राह्मण ऋषि से हुआ था परशुराम उस युग के सबसे क्रोधी ब्राह्मण या साधु माने जाते थे।मौके पर मंदिर के पुजारी संजय पांडेय, नरेश पाठक, ललित पाठक, कमलेश तिवारी, राजन तिवारी, पंकज तिवारी, अंकित पांडेय, नरेंद्र पांडेय, सुकन्या देवी, यशोदा देवी समेंत कई लोग मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने जनसंपर्क कर मतदाताओं से विजयी दिलाने की अपील की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड के बड़का, नगड़, शेरेगड़, चमातू, आरा, फुलबसिया, कारीमाटी, गणेशपूर, भगिया, केरीसरदम टोला, शांति गांव में जनसंपर्क कर चतरा क्षेत्र के विकास के लिए चतरा में भारी बहुमत से भाजपा को विजय दिलाने की अपील किया। क्षेत्र भ्रमण के पहले भाजपा प्रत्याशी श्री सिंह ने अपने आवासीय कार्यालय से चुनाव प्रचार के लिए चुनाव प्रचार वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन चतरा लोकसभा के पांचों विधानसभा में जाकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ साथ क्षेत्र के लोगों से भाजपा को विजय दिलाने की अपील करेगा। भाजपा प्रत्याशी के जनसंपर्क कार्यक्रम में प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रेम साव, चुनाव प्रभारी अर्जुन साव, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मन कुशवाहा,किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष उमेश सिंह, सूरज साव एवं राजेंद्र साव, मुखिया विमला देवी, जिला अध्यक्ष उमेश सिंह, रोमेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। जनसंपर्क के दौरान उपरोक्त लिखित गांव में भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने आदरणीय नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के बारे में जनता को अवगत कराया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने कहा कि कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का चतरा की धरती पर आगमन हो रहा है उनके स्वागत को चतरा के साथ इस पूरे क्षेत्र की जानता उन्हें सुनने को उत्साहित है।

## साल्वे ग्राम में धूमधाम से मनाया गया सरहुल महोत्सव




**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के सालवे पंचायत अंतर्गत साल्वे अलखडिहा व, गुरूसालवे, में सरहुल का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पारंपरिक रुप से सभी गाँव में बारि बारि से सरहुल का त्यौहार मनाया जाता है। इसी क्रम मे आज साल्वे ग्राम के सभी टोले मे प्रकृति का महापर्व सरहुल मनाया गया। गाँव के पाहन पुरोहित ने मां सरना की पुजा कर ग्रामवासीयों की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की. इस अवसर पर आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष युवक युवतीयो ने अपनी पारंपरिक नृत्य कला संस्कृति का मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। सरहुल त्यौहार के माध्यम से आदिवासी समुदाय प्रकृति प्रेम व पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते है।

# बरवाडीह में पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 का मतदान बरवाडीह कन्या मध्य विद्यालय में शुक्रवार को सरकारी कर्मियों का मतदान बैलेट पेपर के माध्यम से निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि रेखा मिंज के निगरानी में शुरू हुआ। जहां पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान तीन दिन लगातार होना है वहीं पहला दिन पोस्टल बैलेट पेपर मतदान केंद्र पर देर से पहुंचने पर मतदान का प्रतिशत नगण्य रहा। बताया जा रहा है कि पोस्टल बैलेट पेपर से मतदान करने वाले दो सौ मतदाता हैं। शुक्रवार को प्रखंड में पोस्टिंग सभी पुलिसकर्मियों को मतदान करना था जो ड्यूटी में रहने के कारण सभी लोग मतदान नहीं कर सके हालांकि वह अगले दिन मतदान कर सकेंगे। वहीं आज शिक्षा कर्मियों का मतदान होना है। बता दें कि मतदान का प्रतिशत कम न हो यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने सुविधा केंद्र के जरिए सरकारी अधिकारियों कर्मियों को बैलेट पेपर से मतदान करने की सुविधा दी है। अपना वोट डाल चुके अधिकारी और जवान आगामी 20 मई को निर्वाचन के दौरान ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। मताधिकार का प्रयोग करते समय पुलिस अधिकारी राधेश्याम कुमार व जवान काफी उत्साहित दिखे। मौके पर अंचलाधिकारी मनोज कुमार, विजय कुमार पप्पू झामुमो नेता शशिभूषण तिवारी, विक्टर करकेटा, शिक्षा कर्मी के साथ स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# ग्रामीणों ने चुनाव का किया बहिष्कार, कहा रोड नहीं तो वोट नही




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सबसे जरूरी होती है सड़क. इसके कारण ही यातायात के माध्यम से सुविधा पहुंचाई और बढ़ाई जाती है, लेकिन बालूमाथ थाना क्षेत्र में एक ऐसा भी गांव है, जहां आजादी के बाद से सड़क अब तक नहीं बनी। जिस कारण लोगों का विकास रुका हुआ है। योजनाएं तो सरकार अनेकों चलाती हैं, मगर उनका लाभ इस गांव के लोगों को नहीं मिल पा रहा है. इस गांव में सड़क भी नहीं है, जिस कारण पूरे ग्रामीण एक जुट होकर चुनाव का विरोध कर रहे हैं। दरअसल, ये पूरा मामला बालूमाथ थाना क्षेत्र अंतर्गत चेताग पंचायत के सेमरसोत ग्राम का है जहाँ सड़क की बदहाली से यहाँ के सैकडों परिवार त्रस्त है । वही ग्रामीण देवंती देवी ने बताया कि ये कच्ची सड़क 10 किलोमीटर के बाद मुख्य सड़क से जोड़ती है जिसमे हेमपुर, सोपारम, सिमरसोत, जोगियाडीह समेत कई गांव आते है जहाँ बरसात के मौसम में जान खतरे में डालकर यहाँ के लोग रोजाना गुजरते है. सड़क में जगह-जगह गड्ढे बन जाने से आए दिन यहां दुर्घटना होती रहती हैं. ऐसे में ग्रामीण एकजुट होकर वोट का विरोध करने पर उतर गए हैं. ग्रामीणों का कहना है कि रोड नहीं तो वोट नहीं ।मौके पर धनेशरी देबी, मिना देबी, शांती देबी, सुमित्रा देबी, लिलू देबी, नितु देबी, परोया देबी, आरती देबी, सुनीता देबी, मानती देबी, कुंती देबी, पार्वती देबी, सिबती देबी, ललिता देबी, जासो देबी, शिवनी देबी, गांगी देबी, अनीता देबी, मंजु देबी, मनीता देबी, एतवरिया देबी, फुलमती देबी, बिदीया देबी, फुलमनी देबी, प्रमिला देबी, निलेश गंझू, मुरारी गंझू ,बिगन गंझू, संतोष गंझू, भोला गंझू, रामा गंझू, टुनेशर गंझू, बिरेंदर गंझू, निर्मल गंझू, फेकन गंझू, मोहन गंझू, सत्य गंझू, बंधन गंझू, टेमा गंझू, ठुया गंझू, सनबिहारी गंझू समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## स्वीप मतदाता जागरूकता वाहन को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सभी मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के संचार के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय के स्वीप कोषांग द्वारा प्रचार प्रसार के विभिन्न आयामों के माध्यम से अनेकों मतदाता जागरुकता अभियान चलाएं जा रहे है। इसी कड़ी में आज समाहरणालय भवन परिसर से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने स्वीप मतदाता जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता वाहन नगर निगम क्षेत्र में प्रमुख चौक चौराहों, प्रमुख मार्गों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हुए गुजरेगी। इस वाहन में पंजाबी ढोल,म्यूजिक, इलेक्शन रिलेटेड क्विज कॉन्टेस्ट,स्ट्रीट प्ले के साथ साथ कई कार्यक्रमों का समावेश होगा।

# होम वोटिंग के माध्यम से साकार हुआ वयोवृद्ध मतदाता के मताधिकार का सपना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाता (85+) एवं दिव्यांग मतदाता को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से वोट दिए जाने का प्रावधान किया गया है। शुक्रवार 10 मई से प्रारंभ हुए होम वोटिंग में 14 हजारीबाग एवं 25 हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के वृद्ध मतदाता रामचंद्र पाण्डे उम्र,87 वर्ष जिनका मतदान केन्द्र संख्या 310 तथा मतदान केन्द्र संत कोलंबा महाविधालय, कॉमन रूम पूर्वी भाग में है ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वृद्ध एवं दिव्यांगजनों के लिए प्रदान किए गए होम वोटिंग की सुविधा का लाभ लेते हुए अपने घर में ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया।इस पूरी प्रक्रिया के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय मौजूद रहीं। उपायुक्त ने वृद्ध नागरिक रामचंद्र पांडे को होम वोटिंग की हर बारीकियों से अवगत कराया। मतदान की पूरी प्रक्रिया संपन्न होने के बार वरिष्ठ मतदाता ने खुशी एवं संतोष जाहिर की। बता दें कि 10 मई से 14 मई 2024 तक होम वोटिंग के माध्यम मतदान कराए जायेंगे। मौके पर अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया मौजूद रहीं।



## गुब्बारा छाप को समर्थन देकर विकास की गंगा बहाना चाहती है जनता : शशि भूषण



**हजारीबाग :** चुनाव की तारीख जैसे-जैसे करीब आ रही है गुब्बारा छाप के निर्दलीय प्रत्याशी व हिन्दू राष्ट्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शशि भूषण केशरी जनसमर्थन जुटाने के लिए ताबड़तोड़ दौरा कर रहे हैं।इस दौरान पंचमंदिर,नगवा,चुरचू समेत विभिन्न क्षेत्रों का उन्होंने दौरा कर लोगो से समर्थन मांगा।कहा कि जनप्रतिनिधियों ने विकास के नाम पर राजनीति कर सिर्फ अपना जेब भरने का काम किया और हमारे विश्वास का गला घोंटने का काम किया है। ऐसे में इस बार हम सब को ऐसे प्रत्याशी की जरूरत है जो हमलोगों को अपना समझ कर हजारीबाग का विकास करें ।

## ताइक्कांडो के 48 खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शिरकत कर हासिल किया ट्रॉफी



**हजारीबाग :** जिले के 48 ताइक्कांडो खिलाड़ी देवघर के रानी महल में तीसरी राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में शामिल हुए,जिसमे 20 खिलाड़ी नॉक आउट ताइक्कांडो अकादमी के थे। सभी खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विनर ट्रॉफी सहित स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों मे सलोनी नयन शर्मा, सौम्या अइकट,राहुल कुमार यादव,आयुष कुमार सिंह,विश्वजीत राज सिंह,उदित किसोर,नरगिस जहां,नाज़ीस फरहान, मनतषा जमल ख़ान, जिया कुमारी,असवेल तिग्गा, राखी सिन्हा,राजन कुमार,पल्लवी कुमारी मेघना फाइटर्स ताइक्कांडो अकादमी के अखिल यादव ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। रजत पदक विजेता खिलाड़ियों मे आदर्श कुमार,हर्षित राज शामिल है वही कांस्य पदक विजेता खिलाड़ियों मे रितेश कुमार सिंह, रीया तिग्गा,गुलाम मुस्तफा शामिल है। सभी खिलाड़ी जल्द राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले प्रतियोगिता में शामिल होंगे। सभी खिलाड़ियों को युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय परिसर आमंत्रित कर सम्मानित किया।कहा कि आपके साथ हम सभी सदैव खड़े हैं।प्रतियोगिता में हजारीबाग से कोच के रूप में रौशन कुमार चौहान, रौशन गुप्ता,निरंजन कुमार यादव,सुमन सौरभ सहित कई अन्य मौजूद थे।

## होम वोटिंग के माध्यम से दिव्यांग मतदाता ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा निर्वाचन 2024 में वृद्ध मतदाताओ (85+) एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से वोट कराए जा रहे है।शुक्रवार 10 मई को होम वोटिंग के माध्यम से विष्णुगढ़ प्रखंड के बारा गांव,खरना पंचायत के दिव्यांग मतदाता खिरोधर प्रसाद जिनका मतदान केंद्र संख्या 397 है उन्होंने होम वोटिंग के माध्यम से अपना मतदान किया। बता दें 10 मई से 14 मई 2024 तक होम वोटिंग के माध्यम मतदान कराए जायेंगे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में हजारों की संख्या में बड़कागांव से भाजपा कार्यकर्ता होंगे शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पश्चिमी मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार वाहन को क्षेत्र में रवाना किया। प्रचार वाहन रवाना करने के पश्चात भाजपा चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ अति आवश्यक बैठक की गई। बैठक में 11 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को सुनने के लिए विशेष तैयारी पर चर्चा की गई। बड़कागांव पश्चिम मंडल से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिमरया में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे जिसके लिए पूरी तैयारी हो चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मंडल अध्यक्ष आदित्य साहू सोनी, मंडल महामंत्री नर्सिंग प्रसाद, इंद्रभूषण, विधानसभा विस्तारक बिपिन यादव, किसान मोर्चा जिला मंत्री बैजनाथ साव, जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिव शंकर उर्फ़ शिबू मेहता, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, पूर्वी पंचायत के मुखिया राजकुमार साव, पूर्व मुखिया भीखन महतो, लालमणि महतो, कार्यालय प्रभारी अवधेश मिश्रा, पंचायत संयोजक कृष्णा साव, मनीष पांडे, जिला कार्यसमिति सदस्य उदय मेहता, वरिष्ठ कार्यकर्ता अरुण मालाकार, कजरू साव, प्रदीप महतो, स्वरूप नारायण, हरिशंकर प्रसाद दांगी, अनुज कुमार यादव, ज्ञानेश्वर शर्मा, नारायण ठाकुर, विनोद ठाकुर, अवध किशोर कुमार, चंद्रदेव ठाकुर, नीतीश नारायण, स्वरूप नारायण, संतोष कुमार राणा, पंचम सिंह, बालेश्वर महतो, धनेश्वर राम, नंदलाल महतो, चत्रधारी राणा, जमुना कुमार महतो, ईश्वरी ठाकुर, सीता राम राणा, नागेश्वर राणा, रंजन कुमार पांडेय, जयनन्दन सिंह, चंदन सिंह, अजय कुमार सिंह, राजू कुमार सोनी, मानदेव राम, नकुल कुमार दांगी के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थि थे।

## होम वोटिंग सुविधा के तहत प्रखंड में दो वृद्ध एवं एक दिव्यांग ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** 10 मई को अति वृद्ध एवं 40% से अधिक दिव्यांग के लिए पोस्ट वायलेट होम वोटिंग की सुविधा चुनाव आयोग के द्वारा प्रदान की गई। जिसमें चेपाकला पंचायत अंतर्गत बूथ नंबर 110 में 90 वर्षीय एक वृद्ध एवं 40% दिव्यांग एक व्यक्ति ने प्रशासन की उपस्थिति में अपने घर में ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वही हरली में बूथ नंबर 174 पर एक वृद्ध ने भी अपना मताधिकार का प्रयोग किया। पूरे प्रखंड में चुनाव आयोग के द्वारा चार लोगों को होम वोटिंग सुविधा देने के लिए चयनित किया गया था। जिसमें तीन लोगों ने अपना मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं गरसुला पंचायत में अति वृद्ध व्यक्ति ने नामांकित के कुछ दिनों के बाद निधन हो गया जिसके कारण उसका वोटिंग नहीं हो पाया। इस प्रकार 100% मतदान सुनिश्चित किया गया। वहीं प्रखंड के तमाम 127 बूथों में बिजली, पानी, शौचालय उपलब्ध कराने को लेकर प्रशासन के द्वारा तैयारी जोरो पर की जा रही है।

## जंगली हाथियों ने खेत में लगे फसल को किया बर्बाद, मचाया तांडव



**टाटीझरिया ।** बरकट्ठा विधान सभा क्षेत्र के टटगावां निवासी उमेश प्रसाद पिता स्व. अमीर महतो ने दो सज्जन मिलकर लगभग 5 एकड़ की खेत में तरबूज,टमाटर,खीरा की फसल चुरचू प्रखंड के खुरंडी गांव में 10 लाख रुपए कर्ज में ब्याज पर लेकर खेती किया था। जहां बीते रात्रि 16 की संख्या में जंगली हाथियों ने खा गया । भुक्त भोगी ने यह भी कहा कि हाथियों का झुंड लगभग 4 दिन से रोज खेत में आ रहे है। वन विभाग को सूचना पूर्व में भी कई हिंदी दैनिक अखबार के माध्यम से क्षेत्रीय लोगो द्वारा सूचना दिया जाता है। लेकिन वे चुप्पी साधे हुए हैं हाथी ने मजदूरों के लिए रखे अनाज 2 किवंटल चावल ,10 किलोग्राम दाल ,50 किलोग्राम आलू को भी खा गया। सिंचाई करने वाला मशीन पाइप को भी तोड़ फोड़ कर अपने पैरो तले रौंदकर कुचल दिया जिससे काफी क्षति हुआ है श्री प्रसाद ने सरकार से उचित मुववाजा की मांग की है मुआवजा सरकार द्वारा नही दिए जाने पर उन्होंने आत्मदाह करने की बात कही है।

## हजारीबाग लोक सभा के पांचवें चरण का मतदान प्रक्रिया शुरू




**बरही :** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पांचवें चरण में होने वाला हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत बरही प्रखंड में सबसे पहले वरिष्ठ एवं दिव्यांग (एवीएससी व एवीपीडी) मतदाताओं को शुक्रवार को होम वोटिंग करवाया गया। इसके लिए जिला निर्वाचन आयोग के गठित टीम ने बरही प्रखंड में बीडीओ एवं सीओ के नेतृत्व में टीम गठित कर कुल 15 मतदाताओ ने निर्भीक एवं निरपक्ष होकर मतदान करवाया गया। बीडीओ ने बताया कि चुनाव आयोग का निर्देश है कि 85 वर्ष से अधिक उम्र एवं दिव्यांग मतदाताओ जो अपने पोल बूथ में जाने में असमर्थ है उन मतदाताओं को घर पर ही मतदान करने की सुविधा मुहैया कराई जाय। जिनमें एवीएससी के बेलादोहर का मतदाता मोसोमात जसवा, जिरवा देवी, बिजैया के रुकमणी देवी एवं एवीपीडी के हरला के मतदाता नारायण भुईयां, अरुणा कुमारी, दुलमाहा के मो नौशाद, गुडियो के बसंती देवी, बेलादोहार के मुंद्रिका देवी, बिजैया के किशुन सिंह को अपने अपने मतदान केंद्र में पूरी गोपनीयता से मतदान करवाया गया। जिसके बाद मतदान पेटी को तुरंत हजारीबाग वज्रगृह में रखा गया। गठित टीम ने बताया कि मतदान दल द्वारा वोटिंग के दौरान पूरी गोपनीयता रखी गई है। इस दौरान बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, सीओ रामनारायण खलको, सेक्टर मजिस्ट्रेट, माइक्रो आब्जर्वर, पोलिंग ऑफिसर की टीम उपस्थित रहे। वहीं बताया गया कि 10 मई से 14 मई 2024 तक होम वोटिंग के माध्यम से बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग के तहत पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कराए जाएंगे।

## परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं को प्रमंडलीय आयुक्त ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** युवा भारत के लिए एक बहुमूल्य संसाधन हैं, जो न केवल देश की उन्नति में बल्कि वैश्विक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता रखते हैं। उक्त बातें प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय सभागार में आयोजित झारखंड अधिविध परिषद दसवीं परीक्षा में राज्य स्तर पर प्रथम 10 स्थान पाने वाले इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की मेधावी छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आपने जो कर दिखाया है उसकी कामना कई बच्चे करते हैं लेकिन आप सबने अपनी कड़ी मेहनत से इस चिराग को जलाया है। आप सबों ने यह पहला सोपान पार किया है। मैं कामना करती हूं कि भविष्य में बेहतर कैरियर विकल्प चुनकर आप पूरे राष्ट्र में अपना परचम लहराये और अपने स्कूल का नाम रोशन करें। राज्यस्तर पर सिर्फ नवें स्थान को छोड़कर प्रथम 10 स्थान पाकर इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय हजारीबाग की छात्राओं ने अपना परचम लहराया है। जिसमें प्रथम स्थान पर ज्योत्सना ज्योति 99.2%, द्वितीय स्थान सना संजुरी 98.6%, तृतीय स्थान पर करिश्मा कुमारी एवं श्रष्टि सौम्या (98.4%), चौथे स्थान पर सुप्रिया कुमारी (98.2%), पांचवें स्थान पर सुकृति कुमारी एवं तनु राज मुक्ति 98त्न, छठे स्थान पर प्रेरणा तिर्की, सुभांगी सिंह एवं रिया कुमारी 97.8%, सातवें स्थान पर अंकिता कुमारी एवं सिमरन कुमारी 97.6%, आठवें स्थान पर कल्पना कुमारी, तनुजा कुमारी कमल एवं पुष्पा कुमारी 97.4% एवं दसवें स्थान पर सपना रानी, करिश्मा कुमारी एवं शुभ स्वर्ण 97% हासिल किए हैं। उक्त सभी छात्राओं को आयुक्त के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनके प्राचार्या को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय की प्रभारी प्राचार्या सह क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग सुमनलता टोपनो बलिहार ने उक्त सम्मान समारोह में राज्यस्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को धन्यवाद करते हुए अपने इसी जज्बे को बनाए रख भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने की शुभकामनाएं दी।सम्मान समारोह में आयुक्त के सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग, अवर सचिव उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल, कोषागार पदाधिकारी हजारीबाग, प्रमंडल कार्यालय के कर्मीगण, छात्राओं के अभिभावक एवं शिक्षक उपस्थित रहें।

## विस्थापन और बेरोजगारी झारखंड की ज्वलंत समस्या : भुवनेश्वर मेहता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** पूर्व सांसद सह भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने हजारीबाग के कटकमसांडी प्रखंड के पाराटाण्ड,बेलगड्डा,नवादा, कण्डसार, पेलावल सहित कई गांव का दौरा किया । श्री मेहता ने कहा कि झारखंड में विस्थापन एवं बेरोजगारी एक ज्वलंत समस्या है। इस समस्या पर न तो भारतीय जनता पार्टी और उसके घटक दल आवाज उठा रहे हैं। न हीं कांग्रेस झामुमो या उनके घटक दल समस्या को निजात करना चाहते हैं। झारखंड में विस्थापन और शिक्षित बेरोजगारों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। राजनीतिक पार्टियों झूठी आश्वासन देकर सत्ता पर काबिज होती हैं ,और जनता की समस्या को दरकिनार कर काम करती है। 2014 ई. में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब नहीं बनी थी। उस समय भारत के प्रधानमंत्री मोदी जी कह रहे थे, कि विदेशी बैंकों में जो भी काला धन है। उसे वापस लाया जाएगा। गरीबों के खाते में 15 लाख रुपैया दिया जाएगा। लेकिन आज तक इन्होंने न तो काला धन वापस लाया न ही 15 लाख किसी गरीब के खाते में आया। बल्कि महंगाई को बढ़ाकर गरीबों का खून चूसने का काम किया। वहीं कांग्रेस और झामुमो की सरकार भी बनी। लेकिन विस्थापन और बेरोजगारी पर किसी भी प्रकार का पहल नहीं किया गया। न विस्थापन नीति बनी न तो नियोजन नीति आज तक बन पाया है। झारखंड राज्य अलग हुए 24 वर्ष में 16 वर्ष भाजपा की सरकार बनी। जो बीजेपी धोखा देते आई है। आज झारखंड के गरीब विद्यार्थी शिक्षा लोन लेकर पढ़ाई किया। बीटेक, एमटेक सहित कई अन्य उपाधि एवं डिग्रियां लिया। लेकिन उन्हें नौकरी नहीं मिली, और आज वे गरीब बेरोजगार होकर जमीन बेचकर बैंक का लोन चुकाने का काम करने मे मजबूर हैं। वहीं विस्थापित लोगों का पुनर्वास नीति नहीं बनी है। न किसी प्रकार की विस्थापित एवं प्रभावित लोगों को अडानी अंबानी एवं अन्य कंपनियों द्वारा किसी प्रकार की सुविधा मुहैया की गई है। यदि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार को आप सब अपना बहुमूल्य वोट देकर जीताने का काम करें। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार जीतने के बाद लोकसभा में झारखंड के ज्वलन्त समस्याओं को उठाकर हजारीबाग और झारखंड के जनता को निजात दिलाने की काम करेगे। मौके पर प्रत्याशी अनिरुद्ध कुमार, श्रीकांत मेहता, कृष्ण कुमार, भुनेश्वर महतो, डा. अनवर, विपिन कुमार, इन्द्रजीत देवी, मंजू गौतम,लक्ष्मण राम, निजाम अंसारी, मजीद अंसारी, महेंद्र राम सहित दर्जनों लोग एवं सैकड़ो कार्यकर्ता मतदाता शामिल थे।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की ओर से विद्यार्थियों को दामोदर घाटी निगम के चंद्रपूरा ताप विद्युत केंद्र का भ्रमण कराया गया, जहां विद्यार्थियों ने फाइनेंस, प्रोडक्शन, ह्यूमन रिसोर्स सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की। साथ ही सीटीपीएस के अधिकारियों की ओर से प्रशिक्षण सत्र का आयोजन कर खासकर प्रबंधन के छात्रों को पूरे कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों को पूरे पावर प्लांट का भ्रमण कराकर उनकी बारीकियों से अवगत कराया गया। शैक्षणिक भ्रमण को आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण भी पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान भी होता है, जो उनके सोचने-समझने की क्षमता को भी विकसित करता है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक से दो बार अलग अलग समय पर संबंधित विषयों को आधार बनाकर शैक्षणिक भ्रमण कराया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे भ्रमण विद्यार्थियों के समावेशी विकास में मददगार साबित होता है। प्रबंधन विभाग के डीन डॉ एसआर रथ व विभागाध्यक्ष रितेश कुमार ने बताया कि एमबीए और बीबीए में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को इस भ्रमण का अधिक लाभ मिलेगा। शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के डॉ विनीता, पूजा सिंह सहित अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही। डॉ विनीता ने डीवीसी के प्रोजेक्ट हेड मनोज ठाकुर, असिस्टेंट मैनेजर मनमोहन सिंह, अभिषेक घटक, सिनियर मैनेजर ललन प्रसाद गुप्ता, एचआर रबिन्द्र कुमार, प्रबंधक शैलेन्द्र कुमार समेत दामोदर घाटी निगम के चंद्रपूरा ताप विद्युत केंद्र के सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी संजय कुमार मेहता का चला जनसंपर्क दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** हज़ारीबाग लोकसभा क्षेत्र से सबसे कम उम्र और जेबीकेएसएस समर्थित निर्दलीय युवा प्रत्याशी संजय कुमार मेहता लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं।शुक्रवार को उन्होंने बरही विधानसभा के पदमा प्रखंड का दौरा किया। इस बीच उन्होंने सूरजपुरा, बिहारी, मंझगावां, गौरिया करमा, सरैया, कुटीपीसी, करर, कोनिया आदि दर्जनों पंचायत में भ्रमण कर ग्रामीणों से जनसमर्थन की अपील की। उन्होंने कई नुक्कड़ सभाओं को भी संबोधित किया। कहा कि हज़ारीबाग को जिस तरह से बेहाल छोड़ दिया गया है अब उस स्थिति को बदलना हमारा कर्त्तव्य है। अपनी माटी के मां बहनों की सुरक्षा और रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित हूँ। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय दलों के नेताओं ने अब तक सिर्फ अपनी जेब ही सिर्फ भरी है। जनता को ये नेता सिर्फ वोट बैंक समझते हैं। अबकी बार जागरूक होकर मतदान करना है। संजय ने अपने पक्ष में वोट करने के लिए लोगों को कहा। साथ ही अपनी माटी का स्वाभिमान बचाने के इस लड़ाई में साथ देने को कहा। जनसंपर्क के दौरान उनके साथ संदीप पासवान, भूनेश्वर यादव, सूरजपुरा पंचायत मुखिया सीताराम मेहता, राजा मेहता, अखिलेश मेहता, पप्पू मेहता, सोनू कुमार अन्य लोग मौजूद रहे एवं लोगों से वोट मांगा।

## इंडी प्रत्याशी जेपी पटेल ने पतरातू प्रखण्ड में चलाया जनसंपर्क महाभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने शुक्रवार को हजारीबाग अंतर्गत पतरातू प्रखण्ड क्षेत्र में जनसंपर्क महाभियान चलाया। इस दौरान विधायक अम्बा प्रसाद ने भी श्री पटेल के पक्ष में कांग्रेस को वोट करने की अपील की। चुनावी जनसंपर्क में जेपी ने 25 से अधिक गांवों का दौरा किया। जनसंपर्क के बाद जय प्रकाश भाई पटेल हज़ारीबाग के सदर प्रखंड स्थित चानो में आयोजित हजारीबाग समन्वय समिति इंडिया गठबंधन की लोकसभा स्तरीय बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में कांग्रेस सहित गठबंधन के कई दिग्गज नेता शामिल हुए। इस दौरान सभी ने आगामी लोकसभा चुनाव हेतु आपस में समन्वय स्थापित कर जय प्रकाश भाई पटेल को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लिया। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपका उमड़ता प्रेम बता रहा है कि इस अंधेरी काल में आपको प्रकाश नज़र आ रहा। यह प्रकाश जैसे संसद में जाएगा सबसे पहले यहां की मुख्य समस्याओं का समाधान करेगा। कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने पतरातू को अडानी के हाथों बेच दिया है। विकास के झूठे सपने दिखाए है। वही सपने जो बड़कागांव के लोगों को दिखाया गया था। वहां क्या हुआ सभी को पता है। कई लोग विस्थापित हो गये, कई ने अपनी जमीन बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिया, कई आज भी कोर्ट कचहरी के चक्कर में फंसे हुए हैं। यह सब इसलिए मुममिन हुआ क्योंकि यहाँ से भेजे गए भाजपा सांसद को अपने क्षेत्र की नहीं सिर्फ मोदी की सुननी थी। यह सब अब और नहीं चलेगा। उन्होंने लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि सदन में सबसे पहले कंपनियों की नीतियों में सुधार कर यहां की जनता के साथ न्याय किया जाएगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# पतरातू ब्राउन शुगर के साथ तीन युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा मांझी द्वार के समीप तीन युवक ब्राउन शुगर के साथ धराये। यह सफलता स्थानीय पुलिस की त्वरित कार्रवाई की वज़ह से मिली आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर नशीले पदार्थ एवं अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार के द्वारा रामगढ़ जिले में लगातार चलाए जा रहे छापामारी अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को शुक्रवार को गुप्त सूचना मिली कि पतरातू अनुमंडल क्षेत्र में मादक पदार्थ ब्राउन शुगर (हेरोईन) की खरीद बिक्री की जा रही है। इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातू के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उक्त निर्देश के आलोक में गठित टीम के द्वारा पतरातू खैर मांझी चौक के आसपास छापामारी अभियान चलाया गया। इस छापामारी के क्रम में प्रेम सिंह के बंद पड़े स्टोन क्रेशर के पास तीन युवकों को देखा गया। जो कि पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किये। वहीं संदेह के आधार पर उक्त तीनों युवक अमृतनाथ उपाध्याय उम्र 28 वर्ष रोड नंबर 18 क्वार्टर नंबर 245 पंच मंदिर पीटीपीएस पतरातू, राहुल मुरूंग उम्र 26- वर्ष की टाईप-टू-नियर दुर्गा मंदिर हनुमानगढ़ी पतरातु और रोहित कुमार दांगी उम्र-22 वर्ष हरली, बड़कागांव, जिला-हजारीबाग को पकड़ा गया। पकड़े गए युवकों को विधिवत तलाशी लिया गया। इस तलाशी के क्रम में सभी युवकों के पास से कुल 17.54 ग्राम ब्राउन शुगर (हेरोईन) के साथ-साथ अन्य सामानों की बरामद की हुई। जिसे विधिवत जप्त किया गया और उक्त तीनों युवको गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस छापामारी अभियान में सीडीपीओ वीरेंद्र राम,इंस्पेक्टर संतोष सिंह,पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता,पु श्अश निश पतरातू योगेंद्र कुमार,पुश्अश्नि पतरातू प्रदीप कुमार रजक,पुश्अश्नि पतरातू शिवा कच्छप और सशस्त्र बल जवान शामिल थे।



# अरगड्डा में हुआ भाजपा कार्यालय का उद्घाटन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** रामगढ़ के अरगड्डा क्षेत्र में अरगड्डा बाजार में बीजेपी के द्वारा शुक्रवार को चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भाजपा के चुनाव समिति के प्रभारी मृत्युंजय शर्मा एवं विजय जायसवाल के संयुक्त रुप से किया गया। उसके बाद एक पथ सभा का आयोजन किया इस पथ सभा संचालन संत राज पासवान एवं छोटू पटेल के द्वारा किया गया। इस मौके पर सभी वक्ताओं ने अपना-अपना वक्तव्य रखा और एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को आशीर्वाद देने का निर्णय लिया। इस मौके पर रंजीत पांडेय विजय जायसवाल मनोज गिरी अनमोल सिंह सुरज पासवान सिक्की दिवाकर सिंह सत्येंद्र महतो दीपक कुमार पटेल हरिश्चंद्र पटेल संत राज पासवान रामप्रसाद बृजेश कुमार छोटू पटेल वासु तिवारी काली महतो सुशील सिंह दीपक कुमार गुड्डी देवी बबिता देवी किरण देवी अंजना आदि भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया गुड़ चने का वितरण




**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले की अग्रणी सेवाभावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ शरद जैन के आवास के बाहर अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर गुड़ ,चने एवं गन्ने का रस वितरण राहगीरों के बीच किया गया। इसी स्थान पर समिति द्वारा विगत डेढ़ माह से पनशाला संचालित की जा रही है। साथ ही , बढ़ती गर्मी को देखते हुए समिति द्वारा अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर नेहरू रोड स्थित शंकर शंभू शिवालय के पास एक और पनशाला साल का शुभारंभ किया गया। उक्त जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया बढ़ती गर्मी के मद्देनज़र समिति द्वारा इस प्रकार के जन एवं लोक कल्याण के कार्य चलाए जा रहे हैं तथा आगे भी समिति सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी प्रदान करती रहेगी श्रीमती जैन ने कहा अक्षय तृतीया का हम लोगों के जीवन में विशेष महत्व है, इस दिन भगवान श्री हरि विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव हुआ तथा साथ ही जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ स्वामी को 6 माह के उपरांत राजा श्रेयांस द्वारा इक्षु रस से प्रथम आहार करा कर पारणा कराया गया। आज ही के दिन से ही जगत में दान धर्म का प्रवर्तन हुआ। इस कारण हमारा यह कर्तव्य है कि इस पावन अवसर पर अधिक से अधिक दान देकर पुण्य का अर्जन करें कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्षा के अलावा अरुणा जैन, नम्रता जैन, प्रिया अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, नेहा मित्तल , नैना मेवाड़, सिंपल बरेलिया आदि ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

## ग्रामीण क्षेत्र चिकित्सक सृष्टिधर महतो का सड़क दुर्घटना में निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोला प्रखंड क्षेत्र के हेमतपुर गांव के रहने वाले ग्रामीण चिकित्सक सृष्टिधर महतो उम्र लगभग 39 वर्ष का शुक्रवार को निधन हो गया,मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार रात्रि को सृष्टिधर महतो बाइक से अकेले अपने घर आ रहें थे तभी चितरपुर प्रखंड क्षेत्र के मारंगमर्चा के निकट अज्ञात वाहन के ठोकर से सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके मस्तिष्क पर गंभीर चोट लग गई जिससे गंभीर रूप से घायल हो गये, प्रशासन और ग्रामीणों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल रामगढ़ ले जाया गया, प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रामगढ़ के रांची रोड स्थित पॉलीडॉक वृंदावन अस्पताल में भर्ती कराया गया, मस्तिष्क में गंभीर चोट के वजह से इलाज के दौरान शुक्रवार को सृष्टिधर महतो का निधन हो गया। निधन की खबर क्षेत्र में फैलते ही शोक की लहर दौड़ पड़ी,सभी की आंखें नम हो गई, पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचे ही अंतिम दर्शन के लिए लोगों का भीड़ उमड़ पड़ा,क्योंकि सृष्टिधर महतो पूरे सोसो कलां पंचायत के अलावा जांगी,महलीडीह आदि गांवों में ग्रामीणों का इलाज करते थे, सृष्टिधर महतो अपने पीछे माता-पिता,भाई, पत्नी,एक बेटा और एक बेटी को छोड़ गये।निधन की खबर सुनते ही सोसो कलां पंचायत की मुखिया निता देवी, पंचायत के पूर्व मुखिया बजरंग कुमार महथा, पूर्व वार्ड सदस्य जगेश्वर रजवार,उप प्रमुख विजय ओझा? सहित सैंकड़ों लोगों ने इस दुःख की घड़ी में शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी।



## गरीब हित व राष्ट्रहित में इस बार फिर मोदी सरकार को लायें : विजय पांडेय

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा कार्यकर्ता विजय पांडेय ने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी का यह नारा कि ÷भाजपा अबकी बार, 400 पार÷ लोकसभा सीट लेकर आएगी, पूरी तरह चरितार्थ होगी। उक्त बातें उन्होंने लुबी सर्कुलर रोड स्थित निजी होटल में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने इस दौरान कांग्रेस पर जम कर निशाना साधा। इस दौरान उन्होंने बताया कि भाजपा देश में विकास का जो रिकॉर्ड बनाया है उसकी कोई तुलना नहीं। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को मुफ्त अनाज तथा उज्जवला गैस योजना सहित कई अन्य योजना गरीबों के हित में होने की चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसलिए इस बार गरीब योजनाओं के हित में देश के प्रधानमंत्री मोदी को फिर से लाने की जरूरत है। इसके लिए मैं धनबाद वासियों से अपील करना चाहता हूं कि अपना मतदान भाजपा प्रत्याशी ढुललू महतो को कमल छाप पर बटन दबा कर अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाएं।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गतिशक्ति)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :– 1. ई–निविदा संख्या : 03-GS-DHN-2024-25. 2. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : ओबरा में सिक लाइन का रखरखाव और सुविधा का उन्नयन। 12 महीने। 3. कार्य की लगभग लागत (रूपये में) : ₹2,87,14,162.36, 4. ब्याने की राशि (रूपये में) : ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु। 5. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय : ई–निविदा बंद होने की तारीख 30.05.2024 को 17.00 बजे तक ई–निविदा खुलने की तारीख 31.05.2024 को 12.00 बजे से। 6. वेबसाईट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जायेगी।
नोट (i) हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में सूचना में अंतर होने पर अंग्रेजी भाषा में सूचना ही मान्य होगी। (ii) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।

मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)/
पूमरे/धनबाद
पीआर/00251/डीएचएन/अभि./टी/24–25/40

# नलकारी नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के नलकारी नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार पटेलनगर के तीन मिनरल वाटर सप्लाई करने सौंदा डी की ओर गए था। लौटने के क्रम में तीनों युवक नलकारी नदी पर रूक गए।सूरज कुमार लगभग 18 वर्ष पिता रमेश प्रसाद सोनी, पटेलनगर निवासी नदी में नहाने लगा। नहाने के क्रम में झरने के निकट वह डूबने लगा। हो-हल्ला सुन स्थानीय लोग जुट गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से युवक को बाहर निकालकर भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसके मौत की पुष्टि कर दी गई।



मामले की सूचना पर मृतक के परिजन भुरकुंडा अस्पताल पहुंचे। डॉक्टर के द्वारा भुरकुंडा थाना को सूचित किया गया।

## सीएचपी साइलो से पहला रेक रोसा पावर उत्तर प्रदेश को भेजा गया

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र की नोर्थ उरीमारी सीएचपी साइलो से शुक्रवार को पहला रेक निकाला गया।वहीं उरीमारी से पहली कोयले की रेक को उत्तर प्रदेश के रोसा पावर प्लांट में भेजा गया। नव निर्मित सीएचपी साइलो से पहली बार भेजे गए रेक में 58 बोगिया शामिल हैं। बता दें कि 292 करोड की लागत से बनी इस साइलो सीएचपी मशीन से 7.5 मिलियन टन कोयला प्रति वर्ष भेजा जाएगा। वही बातें माह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सीएचपी साइलो मशीन का सिंदरी से ओनलाइन शिलान्यास किया था। इसदौरान बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि कुछ टेक्निकल कारणों की वजह से कोल हैंडलिंग प्लांट को उद्घाटन के बाद चालू नहीं किया जा सका था।पर आज इस प्लांट को चालू कर दिया गया है। अब यहां से हर क्षेत्र में कोयले कि सप्लाई की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कोयले की पहली रेक रोसा पावर प्लांट उत्तर प्रदेश को भेजा जा रहा है। यह हम सभी के लिए बहुत ही खुशी कि बात है। वहीं इस मौके पर बरकासयाल के अमरेन्द्र कुमार,बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, राजेश प्रियदर्शी,आजाद कुमार, सिकंदर कुमार, राकेश कुमार, जयंत कुमार, राजीव सिन्हा आदि लोग मौजूद थे।



## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर अब तक हुए कार्यों की शुक्रवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष तरीके से रामगढ़ जिले में मतदान संपन्न कराने को लेकर किए जा रहे कार्यों की क्षेत्रवार संबंधित अधिकारियों से समीक्षा की गई वहीं उनके द्वारा समीक्षा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए गए। मौके पर उन्होंने मतदान केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की पर्याप्त उपलब्धता मतदान के दिन सुनिश्चित रखने, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने, शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने, जिले के विभिन्न सीमाओं पर बनाए गए चेकनाकों के माध्यम से नियमित जांच अभियान चलाने, उड़न दस्ता दलों द्वारा चलाए जाने वाले जांच अभियानों आदि को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्वाचन संबंधित कार्यों के दौरान कोई भी दुविधा सामने आने पर त्वरित वरीय अधिकारियों तथा अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर उसे दूर करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री रविंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा भी निर्वाचन संबंधित महत्वपूर्ण कार्यों को लेकर कई आवश्यक जानकारियां उपस्थित सभी कोषांग अधिकारियों को दी गई। बैठक के दौरान सभी कोषांग के पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

"सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता।"
कार्यालय, निर्वाची पदाधिकारी 13–पलामू (अ०जा०) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र -सह- उपायुक्त, पलामू
Tel. No. (Election Office) – 06562-224033 E-mail ID –electionpalamu1@gmail.com

आम–सूचना

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 2965 दिनांक 06.05.2024 के साथ संलग्न भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 64/ES-I/JKD-HP/2024 दिनांक 06.05.2024 के माध्यम से प्राप्त सहमति के आलोक में सभी आम जनों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित पलामू जिला में सुरक्षा के दृष्टिकोण से आयोग को प्रेषित 10 मतदान केन्द्रों के Relocation संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन प्राप्त हो चुका है।

13–पलामू (अ0जा0) लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमोदित Relocated मतदान केन्द्रों की विवरणी निम्नवत है –

| क्र0 | जिला | विधानसभा क्षेत्र | पूर्व से अनुमोदित मतदान केन्द्र की विवरणी। | मतदान केन्द्र की विवरणी जहाँ पूर्व के मतदान केन्द्रों को Relocate किया गया है। |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 01 | पलामू | 78–छतरपुर (अ0जा0) | 11 – उ0म0वि0 डुण्डूर | 45–उ0म0वि0 तारडीह |
| 02 | पलामू | 78–छतरपुर (अ0जा0) | 327–उ0म0वि0 रतनाग | 326–उ0म0वि0 लालगड़ा |
| 03 | पलामू | 78–छतरपुर (अ0जा0) | 328– प्रा0वि0 माड़ादाग | 322–नव सृजित प्रा0 वि0 खडार |
| 04 | पलामू | 79–हुसैनाबाद | 43– उ0म0वि0 माहुर | 38–उतर कोयल परियोजना उच्च विधालय, मोहम्मदगंज, उ0भाग |
| 05 | पलामू | 79–हुसैनाबाद | 228– उ0म0वि0 प्रतापपुर | 230–स्त्रो0उ0वि0 महुडण्ड, उतरी भाग |
| 06 | पलामू | 79–हुसैनाबाद | 229–उ0म0वि0 लोहबण्धा | 231–स्त्रो0उ0वि0, महुडण्ड, द0भाग |
| 07 | गढ़वा | 76–डालटनगंज | 372–उत्क्रमित मध्य विधालय, हरता | उत्क्रमित मध्य विधालय, बिजका |
| 08 | गढ़वा | 76–डालटनगंज | 421– रा0प्रा0वि0, तुरेर | उ0उच्च विधालय, मदगड़ी 'च' |
| 09 | गढ़वा | 76–डालटनगंज | 425–उत्क्रमित प्रा0वि0 कुटकू | उ0उच्च विधालय, मदगड़ी 'च' |
| 10 | गढ़वा | 76–डालटनगंज | 426–उत्क्रमित प्रा0वि0 खटाई टोला सनेया | उ0उच्च विधालय, मदगड़ी 'च' |

उपरोक्त मतदान केन्द्र क्षेत्र में निवास करने वाले सभी आम मतदाताओं से अनुरोध है कि वे लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर दिनांक 13.05.2024 को निर्धारित मतदान दिवस के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग कॉलम संख्या 05 में अंकित मतदान केन्द्रों पर जाकर अवश्य करेंगे।

निर्वाची पदाधिकारी
13–पलामू (अ0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र
–सह– उपायुक्त, पलामू।

PR.NO.324664 Palamu(24-25):D

## श्री दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का जलाभिषेक किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** जैन धर्म की मान्यता के अनुसार भगवान आदिनाथ स्वामी ने 1 वर्ष की तपस्या करने के बाद वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की तृतीय तिथि अर्थात अक्षय तृतीया के दिन एक इक्षु रस (गन्ना रस) से अपनी तपस्या का पारणा किया था इसी कारण जन समुदाय में यह दिन विशेष माना जाता है। भगवान आदिनाथ स्वामी की प्रतिमा पर प्रथम कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य नितिन पाटनी , तलिश पाटनी, ईशान पाटनी, सौरव अजमेरा ,गौरव अजमेरा को मिला। शांति धारा करने का सौभाग्य रमेश सेठी, विकास सेठी,अमित सेठी ,जीवन मल पाटनी,जंबू पाटनी, अमित पाटनी,सौरव अजमेरा, गौरव अजमेरा को मिला।भगवान पारसनाथ एवम भगवान महावीर स्वामी पर प्रथम जलभिषेक करने का सौभाग्य नागरमल गंगवाल, बीरेंद्र गंगवाल, योगेश सेठी को मिला। जैन महिला जागृति रामगढ़ की ओर से अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आम राहगीरों के लिए गन्ना रस, चना गुड की व्यवस्था जैन मंदिर के बाहर प्रांगण में की गई। मौके पर मंदिर जी में समाज अध्यक्ष मानिक चंद जैन पाटनी ,सचिव नागर मल जी गंगवाल, नरेंद्र छाबड़ा, महावीर प्रसाद गंगवाल, अशोक चूड़ीवाल, सुभाष सेठी, सुशील चूड़ीवाल, प्रदीप पाटनी, संजय सेठी, राहुल पाटनी, राजेंद्र चूड़ीवाल, सुनील छाबड़ा, पंडित राजेश जैन, सुनील पाटनी, कमल पाटनी आदि लोग उपस्थित थे।



कार्यालय:-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

पत्रांक ........................../ दिनांक ........................../

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 22.12.2023 को गुप्त सूचना के आधार पर मलगो मोड़, अमलिया पी0एफ0 के पास से 23 पीस तुन्द बोटा सहित एक ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात, इंजन सं0–RHM2BBN030 को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई स्थायी पौधशाला में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी –सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 22.05.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.324652 Forest, Environment and Climate Changes(24-25):D

सुदृढ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता
कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपयुक्त, राँची।
लोकसभा (आम) निर्वाचन 2024
(प्रशिक्षण कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

08–राँची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत 61– सिल्ली, 62–खिजरी, 63–राँची, 64–हटिया, एवं 65–काँके विधानसभा क्षेत्र का मतदान कार्य सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त सभी पीठासीन पदाधिकारियों (Presiding officers)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों ($1^{st}$ Polling officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों ($2^{nd}$ Polling officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों ($3^{rd}$ Polling officers) के तृतीय चरण ($3^{rd}$ Phase) का Party wise प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित है:–

प्रशिक्षण स्थल :– राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची
प्रशिक्षण कार्यक्रम

| Phase | Training Date | Shift | Time | Party No. | Duty |
|---|---|---|---|---|---|
| $3^{rd}$ Phase Training | 16.05.2024 | $1^{st}$ | 10:30 AM to 01:30 PM | 61-0001 to 61-0200 | Presiding Officers, $1^{st}$ Polling Officers, $2^{nd}$ Polling Officers, $3^{rd}$ Polling Officers |
| | | $2^{nd}$ | 02:30 PM to 05:30 PM | 61-0201 to 61-0334 | |
| | 17.05.2024 | $1^{st}$ | 10:30 AM to 01:30 PM | 62-0001 to 62-0200 | Presiding Officers, $1^{st}$ Polling Officers, $2^{nd}$ Polling Officers, $3^{rd}$ Polling Officers |
| | | $2^{nd}$ | 02:30 PM to 05:30 PM | 62-0201 to 62-0400 | |
| | 18.05.2024 | $1^{st}$ | 10:30 AM to 01:30 PM | 62-0401 to 62-0476 | Presiding Officers, $1^{st}$ Polling Officers, $2^{nd}$ Polling Officers, $3^{rd}$ Polling Officers |
| | | $2^{nd}$ | 02:30 PM to 05:30 PM | 63-0001 to 63-0200 | |
| | 19.05.2024 | $1^{st}$ | 10:30 AM to 01:30 PM | 63-0201 to 63-0403 | Presiding Officers, $1^{st}$ Polling Officers, $2^{nd}$ Polling Officers, $3^{rd}$ Polling Officers |
| | 20.05.2024 | $1^{st}$ | 10:30 AM to 01:30 PM | 64-0001 to 64-0200 | Presiding Officers, $1^{st}$ Polling Officers, $2^{nd}$ Polling Officers, $3^{rd}$ Polling Officers |
| | | $2^{nd}$ | 02:30 PM to 05:30 PM | 64-0201 to 64-0400 | |
| | 21.05.2024 | $1^{st}$ | 10:30 AM to 01:30 PM | 64-0401 to 64-0554 | Presiding Officers, $1^{st}$ Polling Officers, $2^{nd}$ Polling Officers, $3^{rd}$ Polling Officers |
| | | $2^{nd}$ | 02:30 PM to 05:30 PM | 65-0001 to 65-0200 | |
| | 22.05.2024 | $1^{st}$ | 10:30 AM to 01:30 PM | 65-0201 to 65-0400 | Presiding Officers, $1^{st}$ Polling Officers, $2^{nd}$ Polling Officers, $3^{rd}$ Polling Officers |
| | | $2^{nd}$ | 02:30 PM to 05:30 PM | 65-0401 to 65-0544 | |

नोट:–
1. राजकीय +2 उच्च विद्यालय, काँके राँची (सी0.आई0.पी0. काँके के समीप) के मुख्य द्वार से प्रवेश करेंगे। विद्यालय के परिसर में ही पार्किंग की व्यवस्था है। कमरावार Party wise सिटिंग प्लान प्रशिक्षण स्थल पर अंकित रहेगा। निर्धारित सिटिंग प्लान के अनुसार सभी सभी पीठासीन पदाधिकारीयों (Presiding officers)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों ($1^{st}$ Polling officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों ($2^{nd}$ Polling officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों ($3^{rd}$ Polling officers) निर्धारित तिथि एवं पाली में ससमय अपना स्थान ग्रहन करना सुनिश्चित करेंगे।
2. प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग नहीं लेने वाले पीठासीन पदाधिकारीयों (Presiding officers)/सभी प्रथम मतदान पदाधिकारियों ($1^{st}$ Polling officers)/सभी द्वितीय मतदान पदाधिकारियों ($2^{nd}$ Polling officers) एवं सभी तृतीय मतदान पदाधिकारियों ($3^{rd}$ Polling officers) के विरूद्ध जन–प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।
3. मतदान कार्य में भाग लेने वाले सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षण स्थल पर ही पहचान–पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा। पहचान–पत्र पर अपना फोटो चिपका कर कार्यालय प्रधान से हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधकारी,
–सह– उपायुक्त, राँची।

PR 324663 Ranchi(24-25)D

### 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र : श्रद्धानंद बेसरा

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने केरसई मंडल में चलाया जनसंपर्क अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा खूंटी लोकसभा प्रत्याशी सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा जी के पक्ष में मतदान के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया गया साथ ही सभी सातों शक्तिकेन्द्र में बैठक का भी आयोजन किया गया। मौके पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनकर भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है आज विश्व की पांचवीं सबसे शक्तिशाली आर्थिक ताकत के रूप में भारत अपनी पहचान बनाए हुए हैं यह कुशल और मजबूत नेतृत्व छमता के बदौलत हुवा है, सिमडेगा



विधानसभा के मतदाता भी मन बना चुके हैं कि इस बार भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को भारी बहुमत से विजई बनाकर दिल्ली भेजना है। मंडल अध्यक्ष मानकी लाल ने बासेन एवं किनकेल शक्तिकेन्द्र के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पहले मतदान फिर जलपान के मंत्र पर कार्य करें और कोई भी एक वोटर अपने बूथ पर ना छूटे इस पर विशेष ध्यान दें हर बूथ में काम से कम 10त्न मत की बढ़ोतरी हो इस दिशा में भी बूथ अध्यक्ष और कमेटी कार्य करें। मंडल के सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने बकमुंडा टाँगरतोली ढोढ़ीजोर आदि जगह लोगों से जनसंपर्क करते हुए भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को जिताने की अपील की उन्होंने कहा कि जिस तरह का जनता का रुझान है भारतीय जनता पार्टी प्रत्यासी अर्जुन मुंडा की जीत सुनिश्चित है, मोदी जी की गारंटी और विकास पुरुष अर्जुन मुंडा के किये गए बिकास कार्यो से प्रभावित होकर रोज लोग भाजपा जुड़ रह है, विपक्षी पार्टियां अगर धर्म का सहारा लेना छोड़ दे तो उनकी जमानत जप्त हो जाएगी। मौके पर मुखिया सत्या देवी शंकर प्रधान देवनारायण देहरी सुधीर मांझी कैलास मेहर रामविलास राणा प्रदीप कुमार कामेश प्रसाद सुरेश प्रसद आडवाणी प्रभु मांझी रामचन्द्र मांझी फुलेध्वर प्रधान सत्यनारायण बड़ाइक रविन्द्र मांझी जुगेश्वर मांझी सागर पहान स्लिम केस्था पीताम्बर होता आलोक साहु सहित कार्यकर्त मोजूद थे।

# लोहरदगा में भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने किया नगर भ्रमण, लोगों से मांगा आशीर्वाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने गुरुवार के शाम लोहरदगा शहर में सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ नगर भ्रमण किया। शहरी क्षेत्र के अग्रसेन भवन से नगर भ्रमण आरंभ हुई,जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए बावा मठ पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी ने हाथ जोड़कर लोगों से आशीर्वाद मांगा। वही कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़े के साथ समीर उरांव जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और भारत माता की जय, जय श्री राम के जमकर नारे लगाए। नगर भ्रमण के दौरान बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता भी शामिल थी। इस नगर भ्रमण में आजसू के केंद्रीय महासचिव नीरू शांति भगत भी आजसू कार्यकर्ता के साथ शामिल हुई। इस दौरान भाजपा उम्मीदवार समीर उरांव ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए लोगो में काफी उत्साह है और बीजेपी को लोगो का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। मोदी जी के



किए गए विकास कार्यो के कारण लोग बीजेपी का समर्थन कर रहे हैं और निश्चित रूप से लोहरदगा से बीजेपी की जीत हो रही है। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, श्रीचंद प्रजापति, ओम प्रकाश सिंह, राजमोहन राम,राजकिशोर महतो, चंद्रशेखर प्रसाद, अजातशत्रु, बालकृष्ण सिंह, राजकुमार वर्मा, अमरेश भारती, नवल किशोर नाथ शाहदेवशंकर प्रजापति, ज्ञानेश गुप्ता, संगीता कुमारी, सरस्वती देवी, बिंदिया देवी, विकास कांस्यकार, अनूप वर्मा, दीपक साहू,भारती सिन्हा, राजेश महतो, शंभू प्रजापति, मुनीलाल उरांव, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, राजकुमार मुंडा, नीरज साहू, पहलवान सिंह, विश्वजीत शाहदेव, अशोक साहू, मनीष शिखर, बाल्मीकि कुमार, सजल कुमार, पवन कुमार शुभम अग्रवाल, प्रियांशु कुमार, सुधांशु कुमार, कुमार, बबलू जायसवाल, राजू प्रजापति, रामलाल उरांव, विजय कुमार, सत्यकेतु प्रजापति, रितेश ठाकुर, यशस्वी ओझा, दिग्गज सिंह, रोहित लोहरा, शनि कुमार, उदय अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ कनिष्ठ प्रदेश जिला के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बैठक कर दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ तथा प्रखंड निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी सह सीओ की अध्यक्षता में आगमी 13 मई को लोहरदगा लोकसभा आम चुनाव को लेकर शपथ दिलाया गया। साथ ही चुनाव के मद्देनजर प्रखंड क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, क्लस्टर इंचार्ज, कन्ट्रोल रूम में पदस्थापित पदाधिकारी व प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया गया। आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू और प्रखंड निबन्धन निर्वाची पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने चुनाव से पूर्व 12 मई और चुनाव के दिन 13 मई को चुनाव से सम्बंधित मतदान केंद्रों में मतदान कर्मी व मतदताओं के लिये सुविधाओं के बारे में सभी



को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वही बीडीओ श्री मुर्मू व सीओ श्री तिवारी ने सभी चुनाव कर्मी तथा प्रखंड कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान केंद्र में बिजली पानी शौचालय और रैम्फ सहित मतदान केंद्र तक मतदान कर्मी और मतदताओं को आने जाने की सुविधा का विधि व्यवस्था के बारे निर्देश देते हुए कहा गया की प्रखंड क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में पदस्थापित सेक्टर मजिस्ट्रेट व क्लस्टर इंचार्ज को चुनाव से एक दिन पूर्व ही व्यवस्था सुनिचित करने का सख्त निर्देश दिया गया। मौके पर बीडीओ संग्राम मुर्मू, सीओ राकेश कुमार तिवारी, एसआई मनोज कुमार ए एस आई जमशेद खान के अलावे सभी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव सहित अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# लीड्स संस्थान के द्वारा किया गया पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** प्रवासी मजदूर परियोजना के तहत गैर सरकारी संस्था लीड्स के द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन लीड्स रिसोर्स सेंटर, पेरका, मुरहु में दिनांक 14 से 19 मई 2024 तक लीड्स के द्वारा किया जा रहा है। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण में खूंटी व सिमडेगा जिला से 50 लोगों को सिलाई कढ़ाई, ब्यूटीशियन, एलईडी बल्ब रिपेयरिंग, बोरवेल रिपेयरिंग, ट्यूब वेल रिपेयरिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह परियोजना प्रवासी मजदूरों के बीच में कार्य करती है और उनको विभिन्न कौशल विकास संस्थान के साथ जोड़कर उनके कौशल विकास का कार्य करती है ताकि वे रोजगार/ स्वरोजगार कर सकें साथ ही उनको अलग-अलग सरकारी योजनाओं के साथ भी जोड़ने का कार्य करती है। यह परियोजना प्रशिक्षण प्राप्त लोगों को अलग-अलग माइक्रोफाइनेंस या बैंकों के द्वारा उनको लोन दिलाने में भी मदद करती है ताकि वे अपना रोजगार कर सकें और उनको पलायन न करना पड़े। यह परियोजना झारखंड के रामगढ़, खूंटी और सिमडेगा जिले में 2022 से कार्य कर रही है।

## केवाईसी मोबाईल पर मिलेगी अभ्यर्थियों की जानकारी

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र 12-लोहरदगा में मतदान की तिथि 13 मई 2024 निर्धारित है। ऐसे में एक मतदाता के रूप में अपने अभ्यर्थियों की जानकारी बहुत ही आवश्यक हो जाती है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मोबाईल एप केवाईसी एड्रॉयड मोबाईल के प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस मोबाईल को प्ले स्टोर के माध्यम से डाउनलोड व इंस्टॉल कर देश के किसी भी लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र के अभ्यर्थी की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसमें अभ्यर्थी के नाम, पता, उसकी संपत्ति, उसकी शैक्षणिक योग्यता, उस पर लंबित आपराधिक मामले, दोषसिद्धि मामले, आश्रितों का नाम, आजीविका, आय का स्त्रोत, अभ्यर्थी का निर्वाचन क्षेत्र, डाक का पता, दायित्व आदि की संपूर्ण जानकारी रहती है।

## भाजपा के पक्ष में लगन से लग जाने का दिया निर्देश : डॉ इंद्रेश कुमार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय सह संयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मौलाना जियाउल हक अशरफी ने बताह्यया राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सह मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के परम आदरणीय डॉक्टर इंद्रेश कुमार की रहनुमाई में आज एक खास जूम मीटिंग हुई। जिसमें पूरे भारतवर्ष के तमाम मंच के नेता एवं कार्यकर्ताओं को तन मन के साथ लगन के साथ लग जाने की दिशा निर्देश दी गई तथा जो कार्य कर रहे हैं उन्हें बधाई दिया गया। और भी सशक्त हो कर देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी को फिर एक बार केंद्र सरकार में बैठाने की इल्तेजा की गई और निश्चित रूप से फिर एक बार मोदी सरकार तथा भ्रम फैलाने वालों से परहेज करते हुए हम केंद्र की तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं को केंद्र में रखकर जहां किसी किस्म की कोई भेदभाव की संभावना नहीं हुई। और आने वाले दिनों में भी मुस्लिम समाज में भी किसी भी तबके को किसी किस्म की कोई परेशानी की कोई संभावना नहीं अलबत्ता राष्ट्र से प्रेम देशभक्ति का जज्बा सभी धर्म और मजहब के रगों में हो और ऐसे लोग देश को आगे बढ़ाने में खुद बढ़ाने में सफलता प्राप्त करेंगे। इसलिए जरूरी है कि सब मिलकर अपने-अपने क्षेत्र में और राज्यों में होने वाले मौजूदा 2024 के चुनाव में लग जाने का पुरजोर वकालत की गई। इस मौके पर लोगों ने अपना अपना मंतव्य भी रखा और भाई साहब डॉक्टर इंद्रेश कुमार गंभीरता पूर्वक लोगों की सुनी सभा की समाप्ति राष्ट्रगान से संपन्न हुआ।

# बूथ जीतो चुनाव जीतो विजय प्राप्त करने का है मूलमंत्र : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने लोहरदगा जिला के सभी 66 पंचायतों के अन्तर्गत आने वाले सभी ग्राम के प्रभारी और चूल्हा प्रमुखों से आह्वाहन किया है कि आप सभी राजग के लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के विजय के लिए तन मन धन से जुट जाएं। अपने परिश्रम से प्रत्येक बूथ पर राजग को विजयी बनायें। बूथ जीतो चुनाव जीतो विजय प्राप्त करने का यही मूलमंत्र है। जिस प्रकार से राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में आजसू पार्टी भारतीय जनता पार्टी के छोटे भाई की भूमिका झारखण्ड में निभाती आई है वह इस चुनाव में भी होगा। पिछली बार की तरह इस बार भी लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से राजग गठबंधन विजय प्राप्त करेगी। वर्तमान लोकसभा चुनाव में भी पुनः भारतमाता के चरणों में कमल पुष्प के साथ साथ केला भी प्रसाद के रूप में अर्पित किया जाएगा। आजसू पार्टी का एक एक कार्यकर्त्ता भारतीय जनता पार्टी के विजय के लिए कन्धे से कन्धा मिलाकर लड़ रहा है और विजय प्राप्त करवा कर ही विश्राम करेगा। दस वर्षो से प्रधानमन्त्री आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में भारतवर्ष में जो सुशासन चल रहा है जिसमें सभी वर्ग के लोग चैन की वंशी बजाते हुए निश्चिंत जीवन जी रहे हैं, उसे आगे भी जारी रखना है।

# मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में संकुल स्तरीय शिशु/ बाल/ किशोर/ तरुण एवं कन्या भारती प्रबोधन वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता, ओम और भारत मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन कर किया गया। संकुल स्तरीय प्रबोधन वर्ग में लोहरदगा संकुल के सातों विद्यालयों के भैया-बहन प्रधानमंत्री उपस्थित थे। संकुल स्तरीय शिशु/ बाल/ किशोर/तरुण भारती एवं कन्या भारती प्रबोधन वर्ग कुल तीन सत्रों में संपादित हुआ। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान पुष्प गुच्छ देकर किया गया। प्रबोधन वर्ग के प्रथम सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह के द्वारा कार्यक्रम की भूमिका रखी गई और संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास के द्वारा प्रधानमंत्री का दायित्व बोध कराया गया। प्रबोधन



वर्ग के द्वितीय सत्र में लोहरदगा संकुल के सातों विद्यालयों के भैया-बहन प्रधानमंत्री ने अपने-अपने दायित्वों को बताया, जिसमें सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेंहा की बहन अंशु कुमारी, भैया मृत्युंजय साहू, सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर की बहन पायल कुमारी, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कैरो के भैया सत्यम कुमार व बहन प्रतिमा उरांव, कुडू की बहन गीतांशा कुमारी, बड़कीचापी के भैया अमन वर्मा, विद्या मंदिर लोहरदगा के भैया वैभव भास्कर व बहन कशिश कुमारी, इंटर कॉलेज लोहरदगा की बहन कनक दीप व भैया अनीश साहू और विद्या मंदिर लोहरदगा की अनुशासन विभाग की बहन मंजू नाथ शामिल थे। अध्यक्षीय आशीर्वचन में विनोद राय जी ने कहा कि छात्र-छात्राओं में अपने विचार अभिव्यक्ति की कला विकसित करने के लिए विद्यालयों में प्रत्येक सप्ताह आशु भाषण की प्रतियोगिता करानी चाहिए,नेतृत्व का विकास एक अच्छे नागरिक बनने में काम आता है। प्रबोधन वर्ग के तृतीय सत्र में सर्वप्रथम बहन किरण कुमारी ने अपना एकल गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात गुमला विभाग के विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार और लोहरदगा संकुल प्रमुख विपिन कुमार दास के द्वारा प्रधानमंत्री भैया बहनों के शंकाओं का समाधान किया गया। विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार ने कहा कि विद्यालयों के प्रधानमंत्री को अपने दायित्व का बोध हो, अपने कार्यो का निर्वहन वे अपने मंत्रिमंडल की मदद से सुचारू रूप से कर सकते हैं,उन्होंने पहले मतदान फिर जलपान के लिए भी सभी को प्रेरित किया। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान का कार्य सरस्वती विद्या मंदिर बड़कीचापी के प्रधानाचार्य मनोहर मोदी ने कराया। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की इतिहास की आचार्य प्रीति कुमारी गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन सुंदरी देवी शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कराया।

## लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव की जीत सुनिश्चित : जितेंद्र महतो



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा लोहरदगा जिला अध्यक्ष जितेंद्र महतो, जिला महामंत्री मुरारी,महतो परमेश्वर भगत, मंत्री केदार महतो के नेतृत्व में भाजपा के निष्ठावान प्रत्याशी समीर उरांव को लोहरदगा लोकसभा लोकसभा से भारी मतों के साथ विजय बनाकर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत बनाकर अबकी बार 400 पार का लक्ष्य को पूरा करने के लिए भाजपा किसान मोर्चा जिला लोहरदगा भंडरा मंडल के अध्यक्ष दामोदर नाथ तिवारी की अध्यक्षता में छावनी टोली चट्टी भंडरा में बैठक कर घर-घर जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस मौके पर जितेंद्र महतो ने कहा आदिवासी, दलित एवं पिछड़ी जाति का भला यदि कोई सरकार कर सकता है तो मोदी सरकार ही कर सकता है क्योंकि देश की आजादी के इतने लंबे वर्षों के बाद मोदी जी ने देश का राष्ट्रपति आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद पर बिठाकर सम्मान देने का काम किया और भाजपा सरकार में ही आदिवासी आयोग बनाने का काम किया। आज तक कांग्रेस की सरकार 70 वर्षों में आदिवासी समाज को छलने एवं ठगने का काम किया है और इसलिए दलित,पिछड़े एव आदिवासी समाज को एकजुट होकर इस बार मोदी जी को वोट देने का अपील किया। इस मौके पर केदार प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष छेदीराम, मदन मांझी, मुकेश महतो, सुरेंद्र महतो, कार्तिक बैठा, मांगरा उरांव, लखन उरांव, सतिश महतो, बालक महतो, शंकर उरांव, रुकनी उरांव गोइंदी उरांव, रीता देवी, रितेश उरांव, बांदे उरांव, मुकेश महतो, मदन मांझी, पवन कुमार, रोहित महतो, गुड़िया उराव, भको उरांव, अंजनी उरांव, राजमणि उरांव, तुलसी दीदी, आशा देवी रामप्यारी देवी सोनिया देवी इत्यादि शामिल थे।

### अखिल भारतीय टाना भगत संघ ने साप्ताहिक बैठक के बाद, कहा,

# महात्मा गांधी के लोकतंत्र और बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए करेंगे वोट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** महात्मा गांधी के अनुयायी टाना भगतों ने गुरुवार को अपने साप्ताहिक बैठक में तिरंगा लहराते हुए कहा कि भारत देश की आजादी में हमारे लाखों पूर्वजों ने कुर्बानी दिए थे। तब जाकर यह आजादी मिली।महात्मा गांधी ने जिस लोकतंत्र को स्थापित किया, अपनी कुर्बानी दी आज उस लोकतंत्र को तार-तार किया जा रहा है। बाबा साहेब के द्वारा दिए गए संविधान को लोग मिटाने और देश में नफरत फैलाने की राजनीति किया जा रहा है। इस लिए हम टाना भगत इस बार लोकतंत्र और बाबा साहेब के द्वारा दिए गए संविधान को बचाने के लिए वोट करेंगे। पूछे जाने पर केन्द्रीय उपाध्यक्ष बिजय टाना भगत ने कहा कि हमलोग कांग्रेस के प्रत्याशी सुखदेव भगत को वोट देंगे। उन्होंने कहा कि इस



बार हम सभी टाना भगत संविधान बचाने के लिए वोट करेंगे, लोकतंत्र बचाने के लिए वोट करेंगे। देश बचाने के लिए वोट करेंगे। केन्द्रीय अध्यक्ष टिमा टाना भगत ने कहा कि मोदी सरकार महंगाई बढ़ा दिया है। हमारे बेरोजगार युवाओं को नौकरी नहीं दिया जा रहा है। हमारे जल, जंगल, जमीन को पूंजिपतियों के हाथों बेचा जा रहा है। हमलोग इस बार इसको बचाने के लिए वोट करेंगे। कोषाध्यक्ष धर्मसहाय टाना भगत ने कहा कि इस बार हमलोग अपने बच्चों को शिक्षा और रोजगार के लिए वोट करेंगे। बढ़ती हुई महंगाई को रोकने के लिए वोट करेंगे। महिला सुरक्षा के लिए वोट करेंगे। मौके पर उप सचिव शिव टाना भगत, गंगी टाना भगत, एतवा टाना भगत, बंदे टाना भगत, जागेश्वर टाना भगत, साधू चरण टाना भगत, चौधरी टाना भगत, लच्छू टाना भगत समेत बड़ी संख्या में टाना भगत उपस्थित थे।

# ना दूरी है ना खाई है मोदी हमारा भाई है : मौलाना अशरफी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय सहसंयोजक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच उलेमा प्रकोष्ठ सह भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मौलाना जियाउल हक अशरफी ने मार्गदर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच परम आदरणीय डॉक्टर इंद्रेश कुमार की रहनुमाई में मौलाना अशरफी भाजपा जिला एवं प्रखंड कमेटी की निगरानी में निरंतर और आज 10,5,2024 को ऊपर नारी, कासियाडी रोड, कोच तथा बाल टोली, ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क चलाया गया। और मुस्लिम राष्ट्रीय मंच का बहुमूल्य पर्चा ना दूरी है ना खाई है मोदी हमारा भाई है इस लेखक को मुस्लिम अल्पसंख्यकों के बीच तकसीम किया गया। जैसा की एमआरएम का पर्चा निरंतर तकसीम किया जा रहा है इसी बीच गुलज़ार आलम की अगवाई में आदिवासी भाइयों से भी भाजपा



प्रत्याशी समीर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने का मौलाना अशरफी द्वारा आह्वान किया गया और केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनना तय है। जैसा कि पूरे भारतवर्ष में एक खूबसूरत वातावरण का माहौल बना है इस मौके पर जनसंघ के नेता यूनुस खान, इरफान अहमद, जमील खान, शकील अहमद, ज्योतिष कुमार, भाजपा युवा सदस्य गुलशाद अशरफ तथा भारी संख्या में जगह-जगह आदिवासी भाइयों की भी उपस्थिति दर्ज हुई।

## अक्षय तृतीया में महंगी होने के बवजूद जमकर हुई सोने-चांदी की खरीदारी



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में आज अक्षय तृतीया के अवसर पर जिले में कुलर, रेफ्रिजरेटर, अलमारी, वाशिंग मशीन आदि इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स के खरीदारी लोगों ने की। तो वहीं हाल के दिनों में काफी महंगे होते जा रहे सोने, चांदी तथा हीरे की निर्मित आभूषणों की खरीदारी भी जमकर की। शास्त्रों के अनुसार ऐसी मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन धातु खरीदना, विशेष कर सोना, चांदी, हीरा आदि रत्न खरीदना शुभ माना जाता है। सर्राफा व्यवसायी संजय बर्म्मन ने बताया कि 10 ग्राम सोना 67,500 तथा 1 ग्राम चांदी 860 रुपया होने पर भी लोगों ने सोने, चांदी के प्रति जहां लोगों ने उत्साह पूर्वक खरीदारी की, वहीं अब हीरे की खरीदारी भी हर वर्ग लोग कर रहे हैं जो की लोहरदगा के समृद्धि का संकेत माना जा सकता है।

# इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो प्रति वर्ष एक करोड़ युवाओं को मिलेगा रोजगार: तेजस्वी

## भाजपा पूंजीपतियों का पोषक और गरीबों का शोषक है : मिथिलेश ठाकुर

**मौके पर बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो प्रत्येक वर्ष एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक गरीब महिला को एक लाख रूपये सलाना देकर सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में उनके तीन वर्षों के शासन काल में पांच लाख लोगों को रोजगार दिया गया। उनके इसी कार्यो से घबराकर भाजपा ने बिहार में चाचा को ही तोड़कर गठबंधन की सरकार को गिरा दिया।**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा**: रंका अनुमण्डल स्थित उच्च विद्यालय के मैदान में शुक्रवार को चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान इंडिया गठबंधन के नेताओं ने पलामू लोकसभा क्षेत्र के गठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां को उनके चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। मौके पर बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि केंद्र में यदि इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो प्रत्येक वर्ष एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। साथ ही प्रत्येक गरीब महिला को एक लाख रूपये सलाना देकर सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में उनके तीन वर्षों के शासन काल में पांच लाख लोगों को रोजगार दिया गया। उनके इसी कार्यो से घबराकर भाजपा ने बिहार में चाचा को ही तोड़कर गठबंधन की सरकार को गिरा दिया। श्री यादव ने कहा कि भाजपा 400 पार सीटें जीत कर संविधान को खत्म करना चाहती है। जनता अब जाग चुकी है। यह मनसूबा कुछ काम नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बदलने का समय आ गया है। श्री यादव ने कहा कि 10 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी ने गढ़वा-पलामू को कुछ नहीं दिया। यहां गरीबी, बेरोजगारी, पलायन नहीं रुकी और न ही सिंचाई की व्यवस्था और न कारखाना ही खुली। अब हिसाब मांगने का समय आ गया है। आम जनता हिसाब ले। कहा कि झारखंड में भी मोदी जी गठबंधन की सरकार को गिराने की कोशिश कर रहे थे। श्री यादव ने कहा कि बिहार में भाजपा का सफाया हो चुका है। अब झारखंड की बारी है। झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि हमें सिर्फ सांसद नहीं चुनना है बल्कि संविधान बचाना है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा पूंजिपतियों का पोषक और गरीबों का शोषक है। वे लोकतंत्र को समाप्त करने की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह की बात नहीं मानी तो जेल में डाल दिया गया। जनता इसका करारा जवाब देगी। वीआईपी पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष मुकेश साहनी ने कहा कि भाजपा के पीछे आरएसएस है, जो हमारे हाथ से छुए हुए पानी नहीं पीते हैं। क्या हमें ऐसी सरकार चाहिए। कहा कि भाजपा 400 सीटें लाकर आरक्षण खत्म करना चाहती है। भाजपा पैसों पर घमंड करती है। हम सभी को मिलकर पैसे की घमंड को तोड़ना होगा। प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि बीडी राम ने 10 वर्षों में पलामू की किसी भी समस्या को दिल्ली तक नहीं पहुंचाया। उन्होंने कहा कि पलामू की जनता एक बार उन्हें विकास करने का मौका दे। वे पलामू का विकास कर के दिखाएंगी। साथ ही सपा के रंजन यादव, गोड्डा के पूर्व विधायक संजय यादव, माले नेत्री सुशमा मेहता आदि ने भी विचार व्यक्त किया।

### इनकी रही उपस्थिति

मौके पर मुख्य रूप से वीआईपी पार्टी के मंदीप मल्लाह, राजद जिलाध्यक्ष सुरज कुमार सिंह, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी, डॉ यासीन अंसारी, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह, दिलीप कुमार सिंह, जिप अध्यक्ष सत्यनारायण यादव, अनिल कुमार, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, देवेंद्रनाथ तिवारी, आशीष कुमार गुप्ता, रौशन पाठक, धर्मेंद्र कुमार पाठक, मो. अलीम, मो. इसराफिल, शाह मोहम्मद खान, मुमताज अली रंगसाज, विजय चंद्रवंशी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



# प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत की गारंटी बनाम राहुल गांधी के पांच न्याय का चुनाव

**एजेंसी**

**नंदुरबार (महाराष्ट्र) :** नई दिल्ली = भाजपा और कांग्रेस अपने-अपने राष्ट्रीय मुद्दे तय कर दिए हैं। भाजपा ने विकसित भारत और मोदी की गारंटी के साथ चुनाव प्रचार की शुरुआत की थी। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण और प्राण प्रतिष्ठा से उमड़ने वाली हिंदुत्व की भावना से पार्टी को खासी उम्मीद थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश विदेश में लोकप्रियता और साख के मुकाबले चेहरा विहीन विपक्ष को भाजपा ने अपने लिए कोई बड़ी चुनौती नहीं माना था। दूसरी तरफ कांग्रेस ने मोदी की गारंटी के जवाब में राहुल गांधी के न्याय के नारे को बुलंद किया। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने पांच न्याय के जरिए 25 गारंटियां देकर अपने पक्ष में एक सकारात्मक राष्ट्रीय विमर्श खड़ा करने की शुरुआत की। भाजपा ने भी अपने घोषणा पत्र को मोदी की गारंटी का नाम दिया और समान नागरिक संहिता जैसे ज्यादातर वो वादे किए जो पार्टी के एजेंडे में दशकों से शामिल हैं।इस चुनाव की कुछ बातें बेहद दिलचस्प हैं। कर्नाटक में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे को भाजपा ने नया रंग देते हुए कांग्रेस पर आरोप लगाया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो पिछड़ों और दलितों का आरक्षण काट कर मुस्लिमों को दे देगी। अपनी हर चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और दूसरे भाजपा नेताओं ने इसी तरह के आरोपों की झड़ी लगा दी है।भाजपा और मोदी के हमलों का जवाब देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी और मीडिया विभाग के प्रभारी जयराम रमेश, पवन खेड़ा, सुप्रिया श्रीनेत समेत सभी नेता मैदान में आ गए। भाजपा को उसके चार सौ पार के नारे पर घेरते हुए कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे सभी नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा को लोकसभा में इतनी सीटें इसलिए चाहिए कि वह भारतीय संविधान में आमूल चूल बदलाव करना चाहती है। एक ऐसा बदलाव जिसमें दलितों पिछड़ों आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के अधिकारों के लिए कोई जगह नहीं होगी और जो पूरी तरह मनुवादी हिंदुत्ववादी व्यवस्था पर आधारित होगा।विपक्ष के इस आरोप को भाजपा के कुछ नेता जिनमें उसके कुछ सांसद भी शामिल हैं, के उन बयानों से और बल मिला जिसमें चार सौ से ज्यादा सीटें जीतने पर संविधान को बदलने की बात कही गई।राहुल गांधी तो अपनी हर चुनाव सभा में संविधान की एक प्रति लेकर भाषण दे रहे हैं और यही बात कह रहे हैं। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने हर भाषण में बार बार नया मुद्दा उठा रहे हैं वहीं राहुल गांधी शुरु से लेकर अब तक जातीय जनगणना के जरिए सामाजिक एक्सरे और भारतीय संविधान की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा देने, अग्निवीर योजना समाप्त करने और महंगाई व बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर डटे हुए हैं।अपनी हर सभा में वह कांग्रेस के घोषणा पत्र की अपने पांच न्याय की बात कह रहे हैं। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत सभी भाजपा नेता अपने चुनाव घोषणा पत्र की जगह कांग्रेस पर हमला करने पर ज्यादा जोर दे रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि पूरे लोकसभा चुनाव में क्या मोदी की गारंटी चलेगी या राहुल का न्याय लोग स्वीकार करेंगे। क्या राम मंदिर पर संविधान में बदलाव की आशंका भारी पड़ेगी या विकसित भारत, समान नागरिक संहिता का वादा और हिंदुत्व के नारे अपना असर दिखाएंगे या बेरोजगारी महंगाई जातिगत जनगणना अग्निवीर महिला सुरक्षा और किसानों को एमएसपी की गारंटी जैसे मुद्दे दिल्ली की सत्ता बदलने का रास्ता तैयार करेंगे। इसका फैसला चार जून को लोकसभा चुनावों के नतीजे तय करेंगे।

# वोट देकर सशक्त राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्ती भूमिका निभाएं : अविनाश देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नावाहाता स्थित संत मरियम के छात्रावास के बच्चों ने शुक्रवार को पोस्टर, पेंटिंग, नृत्य, एवं नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया। बच्चो ने मत का महत्व, अधिकार सहित सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे अनिवार्य बताया। मौके पर चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की विद्यालय के बच्चों ने जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए बेहतर प्रयास किया है ।मतदान लोकतंत्र की आधारशिला है और भारत के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह नागरिकों को अपने प्रतिनिधियों को चुनने और निर्णय लेने की प्रक्रिया में भाग लेने के अधिकार का प्रयोग करने की अनुमति देता है।मतदान के माध्यम से, व्यक्तियों के पास अपने निर्वाचित अधिकारियों को उनके कार्यों और नीतियों के लिए जवाबदेह बनाने की शक्ति होती है।मतदान एक निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावी प्रक्रिया सुनिश्चित करता है, सामाजिक और राजनीतिक समानता को बढ़ावा देता है।यह एक ऐसी सरकार स्थापित करने में मदद करता है जो लोगों की इच्छा और आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करती है। आगे श्रीं देव ने विद्यालय प्रबंधन और बच्चों के साथ सामूहिक रूप से लोगों को वोट देने के लिए अपिल किया। लोग घर से निकल बूथ तक जाकर वोट दें और तत्पश्चात सभी आवश्यक कार्य निपटाए।

## गोड्डा : निशिकांत दुबे ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**गोड्डा** :गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी और सांसद निशिकांत दुबे ने चौथी बार नामांकन पत्र दाखिल किया। राज्य की इस हॉट सीट पर अंतिम चरण में एक जून को मतदान होगा, जिसके लिए नामांकन दाखिल करने का काम सात मई से शुरू हो गया है। निशिकांत नामांकन के लिए परिजनों और समर्थकों के साथ देवघर से शुक्रवार को ट्रेन से गोड्डा के लिए रवाना हुए। इससे पहले उन्होंने देवघर में भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। देवघर स्टेशन पर पत्नी अनामिका गौतम, पुत्र कनिष्कांत दुबे और माहिकांत दुबे सहित अन्य कार्यकर्ता व समर्थक पहुंचे। लोकसभा चुनाव 2019 में निशिकांत दुबे ने यह घोषणा की थी कि अगली बार यदि पार्टी ने टिकट दिया तो नामांकन करने 2024 में गोड्डा ट्रेन से जायेंगे।निशिकांत ने कहा कि जिस प्रकार वर्ष 2009 में गोड्डा संसदीय क्षेत्र की जनता का उन्हें अपार समर्थन व स्नेह मिला था उसी प्रकार इस बार भी जनता का पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही कहा कि यह उनके लिए बड़ी बात है।

# भूपेश नहीं चाहते थे कि केंद्र की योजनाओं का लाभ प्रदेश की जनता को मिले : विष्णु देव साय

**एजेंसी**

**रायपुर :** मोदी की सरकार कभी किसी से भेदभाव नहीं करती है। पिछली कांग्रेस सरकार के साथ भी कोई भेदभाव नहीं था। लेकिन यहां की सरकार, स्वयं भूपेश बघेल भी नहीं चाहते थे कि केंद्र की योजनाओं का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता को मिले। उनकी सोच थी कि इसका श्रेय भाजपा और मोदी को चला जाएगा। पिछले 5 वर्षों में 18 लाख गरीब परिवार प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित हो गए। यही हाल राष्ट्रीय राजमार्ग एवं आयुष्मान योजना का रहा। इन योजनाओं को पूर्व सरकार ठीक से लागू नहीं कर पाई इसलिए उन्हें सरकार से हाथ धोना पड़ा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज शुक्रवार को एक साक्षात्कार में उक्त बातें कही।अटल और मोदी के साथ कार्य करने के सवाल पर सीएम साय ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि



जब अटल जी प्रधानमंत्री थे तब मैं पार्लियामेंट में था। उसी समय उन्होंने 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़ को एक नए प्रदेश के रूप में पहचान दी। अटल की भाषा शैली को विपक्ष के लोग भी उत्साह से सुनते थे। कुशल समन्वयक थे, सबको साथ लेकर चलते थे। 23 पार्टियों के साथ मिलकर उन्होंने सरकार चलाई। किसानों के हित में कई कार्य किए। जो किसान पहले ज्यादा ब्याज दरों पर कर्ज के बोझ तले परेशान थे उन्हें किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कम ब्याज में कर्ज देने का काम अटल सरकार ने किया। फसल बीमा जिसका पहले केवल नाम सुनते थे उसको सरल बनाया, जिसका फायदा भी किसानों को मिला। श्री साय ने कहा कि मोदी के दस वर्षों के कार्यकाल में हुए विकास कार्य - हर घर बिजली-पानी, फ्री राशन, गैस सिलेंडर, बैंक अकाउंट खुलवाना, शौचालय निर्माण सहित करोड़ों लोगों की भावना से जुड़े भगवान राम मंदिर का निर्माण और दो निशान, दो प्रधान, दो विधान नहीं चलेगा की तर्ज पर धारा 370 हटाना जैसी अनेक उपलब्धियां लोगों के बीच लेकर जा रहे हैं। पूर्व की सरकारों में विकास का पैसा भ्रष्टाचार एवं कमीशनखोरी की बलि चढ़ जाता था। स्व. राजीव गांधी खुद कहा करते थे कि वो दिल्ली से 1 रुपये भेजते हैं लेकिन लोगों तक केवल 15 पैसा ही पहुंचता है। मोदी ने गरीबों के लिए बहुत से काम किए हैं साथ ही पूरे विश्व में उनका मान-सम्मान भी बढ़ाया है।सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी जबसे हमारी सरकार बनी है, मोदी की गारंटी पर रॉकेट की गति से सांय-सांय काम हो रहे हैं। जिसे जनता समझ रही है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ की सभी सीटों पर हम चुनाव जीतने जा रहे हैं। ये चुनाव परिणाम कांग्रेस के लिए सबक होंगे। दूसरे प्रदेशों में लगातार सभाओं के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, उड़ीसा में प्रचार करने जा रहा हूं।

